
# राजस्थान पत्रिका




बाइडन की चुनौतियां बढ़ी, ट्रंप पर हुए हमले से बदलेगी चुनावी दिशा

@इंडिया&वर्ल्ड


## कई राष्ट्रपति पर पहले भी हो चुके हैं हमले...



**14 अप्रेल, 1865**
अमरीका के ***16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन*** की वॉशिंगटन के एक थिएटर में कॉमेडी शो के दौरान गोली मारकर हत्या।



**2 जुलाई, 1881**
अमरीका के **20वें राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड** को वाशिंगटन के रेलवे स्टेशन पर गोली से उड़ाया। वह ट्रेन से न्यू इंग्लैंड जाने वाले थे।



**6 सितंबर, 1901**
न्यूयॉर्क के बफैलो में भाषण दे रहे अमरीका के **25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले** की गोली मारकर हत्या।



**22 नवंबर, 1963**
अमरीका के **35वें राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी** को डलास में गोली से उड़ाया। वह अपनी पत्नी के साथ सैर-सपाटे पर गए थे।

*इनके अलावा राष्ट्रपति रहते **फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट, हैरी एस. ट्रूमैन, गेराल्ड फोर्ड, रॉनाल्ड रीगन और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश** पर भी जानलेवा हमले किए गए, लेकिन सभी बच गए थे।*

## युवा ही स्वतंत्र करे, इस तंत्र से

गुलाब कोठारी

राजस्थान में श्रम-तप-दान तीनों ही श्रेणी के धार्मिक कार्यों का लम्बा इतिहास रहा है। हमने अमृतं जलम्- हरयाळो राजस्थान, एक मुट्ठी अनाज जैसे अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में जनता का हौसला देखा है। लोकसंग्रह के कार्यों में पूरे समाज को एकजुट होकर श्रमदान-पुरुषार्थ- सहयोग करते देखा है। अपवाद कोई है तो हमारे नेता- हमारे अफसर जो केवल फाइलों का पेट भरते हैं। जनहित से इनका कोई सरोकार ही नहीं। जनप्रतिनिधि को तो लाखों लोग वोट देकर सिर पर बैठाते हैं और वे ही जनता की पीठ में छुरा घोंपते, जमीनों पर कब्जा करते, दलाली खाते नजर आते हैं। डर के मारे वे ही गुण्डे तक पालने लगे हैं। उनको पांच साल में अपनी सारी निर्लज्जता को गर्व के साथ जनता के सामने रख देना है। अधिकारी का कार्यकाल लगभग तीन दशक का होता है। उनके कार्यों का स्वरूप संगठित है। नौकर तो हैं जनता के, कार्य उनके लिए नहीं करते। आज तो खुलेआम नेताओं के साथ मिलकर शासन करने लगे हैं। इनको क्या कहना चाहिए, आप जानें!

मध्यप्रदेश में तो व्यापमं घोटाले के घाव अभी तक हरे हैं। न अफसरों को कोई सबक मिला, न नेताओं को। अब भी निडर होकर ऐसे ही घोटाले करते रहते हैं। छत्तीसगढ़ में सलवा जुडूम भी अफसरों के शैतानी दिमाग की उपज थी। आदिवासियों को हर तरह से लूट कर भी पेट नहीं भरा तो किसानों की जमीनें छीन कर उद्योगपतियों को देने की योजना बना डाली। जब भक्षक ही रक्षक का चोला पहन कर लूट-पाट में लग जाएं तो क्या जनता को चुप बैठना चाहिए?

आज जो कुछ अराजकता, कर्महीनता, भ्रष्टाचार इनके खून में बहने लगा है, नौकरी में आने से पहले तक ऐसा नहीं था। एक जयपुर शहर पूरे राजस्थान की बानगी है। यहां अकाल राहत, जलदाय विभाग, सड़कों के हालात, सफाई व्यवस्था, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा (पेपरलीक) और संगठित अतिक्रमण (जेडीए तथा नगर निगम अधिकारियों की मिलीभगत से), अवैध शराब और मादक पदार्थों से राज्य के युवा को अपाहिज करने की काली करतूत, आरक्षित क्षेत्रों में अतिक्रमण, सरकारी योजनाओं की तोड़-मरोड़ आदि के अनगिनत काम किसी से छिपे नहीं हैं। जनहित में जो करना चाहिए उसके बजाए सभी जगह गूंगे बनकर बैठे हैं। ऊपर से सवर्ण और आरक्षित वर्ग तथा अल्पसमुदायों के बैनरों का छद्म वातावरण। सबने मिलकर राज्य को पैंदे में बैठाने का संकल्प कर लिया। केवल खुद के वारे-न्यारे होते रहें।

संकल्पों का समय@पेज 05

gulabkothari@epatrika.com

अमरीका : रिपब्लिकन रैली में हड़कंप | एफबीआइ ने कहा-राजनीतिक हत्या की साजिश

# ट्रंप पर जानलेवा हमला... कान छूकर निकली गोली






पेंसिल्वेनिया के बटलर में हमले के बाद मुट्ठी तानकर समर्थकों को दिखाते ट्रंप। कान पर गोली लगने के बाद ट्रंप के चेहरे पर बहता खून (इनसेट)।


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** अमरीका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जारी जुबानी जंग के बीच पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेंसिल्वेनिया के बटलर में रैली के दौरान हमले से पूरी दुनिया हैरान है। एक शूटर ने शनिवार शाम 6:15 बजे (भरतीय समयानुसार रविवार तड़के 3:45 बजे) रैली पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर हड़कंप फैला दिया। ट्रंप हमले में बाल-बाल बच गए। गोली उनके दाएं कान के ऊपरी हिस्से को छेदते हुए निकली। वह कान पर हाथ रखकर पोडियम के पीछे घुटनों के बल बैठ गए थे। बाद में उन्होंने मुट्ठी तानकर भीड़ को दिखाई और कहा, 'फाइट'। उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। फायरिंग में ट्रंप का एक समर्थक मारा गया, जबकि दो घायल हो गए। रैली से करीब 50 फीट दूर एक बिल्डिंग की छत से फायरिंग करने वाले हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया।

शेष@पेज 05

**हम डरेंगे नहीं...** यह ईश्वर ही था जिसने अकल्पनीय घटना को होने से रोका। हम डरेंगे नहीं, बल्कि विश्वास पर दृढ़ रहेंगे। इस समय यह महत्वपूर्ण है कि हम एकजुट रहें और बुराई को जीतने न दें। **-डोनाल्ड ट्रंप,** पूर्व राष्ट्रपति

### बीस साल का हमलावर पढ़ाई में था काफी तेज...



**ट्रंप** पर हमला 20 साल के युवक थॉमस मैथ्यू क्रुक्स ने किया। हमला क्यों किया, फिलहाल साफ नहीं हुआ है लेकिन हमले के बाद मैथ्यू का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कहता है कि डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन से नफरत है। क्रुक्स पढ़ाई में काफी तेज था। वह 2022 में बेथल पार्क हाई स्कूल से ग्रेजुएट हुआ। उसने नेशनल मैथ एंड साइंस इनीशिएटिव में 500 डॉलर का स्टार अवॉर्ड जीता था। वह रिपब्लिकन पार्टी से ही जुड़ा था।

### छत पर राइफल लिए आया नजर

**हमलावर** ने एआर-स्टाइल राइफल से गोलियां चलाईं। इस पर निशाने के लिए दूरबीन अटैच की जा सकती है। रैली स्थल पर ग्रेग नाम के चश्मदीद ने बताया कि गोलियां चलने की आवाज आने से चंद मिनट पहले मंच के सामने की बिल्डिंग की छत पर हमलावर को कोहनियों के बल रेंगते देखा गया था। ग्रेग ने तभी पुलिस वालों को बता दिया था कि युवक राइफल लिए हुए है। इसके बावजूद सीक्रेट सर्विस वालों ने ट्रंप को स्टेज से नहीं उतारा। वह भाषण देते रहे। अचानक पांच बार गोलियां चलने की आवाज सुनाई पड़ी, तब सीक्रेट सर्विस के लोगों ने ट्रंप को घेरे में लिया। ट्रंप को जब मंच से ले जाया जा रहा था, उनके चेहरे पर खून दिख रहा था।

### कार में मिला बम बनाने का सामान

**वॉल** स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप पर फायरिंग करने वाले युवक के घर की तलाशी के दौरान उसकी कार में बम बनाने का सामान बरामद हुआ है। ऐसे में आशंका है कि हमलावर बड़ी साजिश रच रहा था। वहीं हमलावर के वायरल वीडियो में एक महिला की भी आवाज होने का दावा किया जा रहा है। यह महिला हमलावर को पीछे हटने को कह रही थी। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि वह आवाज किस महिला की थी।

### 'दोस्त' पर हमले को लेकर मोदी चिंतित

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप पर हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, अपने दोस्त ट्रंप पर हमले से बहुत चिंतित हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिजनों, घायलों और अमरीकी जनता के साथ हैं। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मैं ट्रंप की हत्या के प्रयास से चिंतित हूं। इस तरह की हरकतों की कड़े शब्दों में निंदा की जानी चाहिए। इसके साथ ही दुनिया के कई नेताओं ने ट्रंप पर हमले की निंदा की है।

जम्मू-कश्मीर

### एलओसी के पास तीन आतंकी ढेर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में रविवार को सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकी मारे गए। केरन सेक्टर में एलओसी के पास सेना ने घुसपैठियों के एक समूह को रोकने की कोशिश की, जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। इनके पास भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। जम्मू के कठुआ में सेना की गाड़ी पर घात लगाकर हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के विभिन्न इलाकों में सेना सर्च ऑपरेशन चला रही है। सेना पिछले एक हफ्ते में करीब 10 आतंकियों ढेर कर चुकी है।

## न्यूज विंडो

### पूजा खेड़कर की ऑडी कार जब्त

**पुणे@ पत्रिका.** पुणे ट्रैफिक पुलिस ने ट्रेनी आइएएस अधिकारी पूजा खेड़कर की ऑडी कार जब्त कर ली है। पुणे में पोस्टिंग के दौरान वह इसी गाड़ी में लाल-नीली बत्ती अवैध तरीके से लगाकर घूमने को लेकर चर्चा में आई थीं। प्राइवेट कार की प्लेट पर वीआइपी नंबर मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है।

### अल्कारेज फिर बने विम्बलडन चैंपियन



**लंदन.** स्पेन के 21 वर्षीय युवा खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने लगातार दूसरी बार विम्बलडन टेनिस ग्रैंड स्लेम खिताब जीत लिया।

विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग

### एमपी हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा में

**भोपाल@ पत्रिका.** रिटायरमेंट के 3 माह बाद एमपी हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस रोहित आर्य भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें भोपाल में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने सदस्यता दिलाई। जस्टिस आर्य ने 2021 में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपी कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी व नलिन यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

योजना : 'वन नेशन वन गोल्ड रेट'

## सोना होगा सस्ता! देशभर में एक दाम करने की तैयारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** अभी देश के अलग-अलग शहरों में सोने की कीमतें अलग-अलग होती हैं। आमतौर पर जयपुर और इंदौर के सर्राफा बाजारों में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना दक्षिण भारतीय शहरों और दिल्ली-मुंबई के मुकाबले करीब 1500 से 2000 रुपए तक महंगे बिकते हैं। मसलन शनिवार को मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 73,750 रुपए रहा, वहीं जयपुर में इसकी कीमत 74,900 रुपए और इंदौर में 74,500 रुपए रहा। लेकिन जल्द ही देश के सभी सार्राफा बाजारों में एक रेट पर गोल्ड मिलने लगेगा।

देशभर के बड़े ज्वैलर्स सोने के लिए 'वन नेशन वन रेट' नीति अपनाने के लिए राजी हो गए हैं। इसका उद्देश्य पूरे देश में सोने की कीमतों को समान करना है। जेम एंड ज्वैलरी काउंसिल (जीजेसी) का इसे समर्थन है। सूत्रों के मुताबिक, जीजेसी की सितंबर की बैठक में इसकी आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। जीजेसी ने देश के प्रमुख ज्वैलर्स से राय ली है। एक सोने के दाम को लागू करने पर सभी की सहमति है।

शेष@पेज 05

**कारोबारियों-ग्राहकों को होंगे ये फायदे**

- वन नेशन वन गोल्ड रेट पॉलिसी से बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी। **सभी ग्राहकों के साथ समान व्यवहार होगा** और सोने का बाजार अधिक कुशल बनेगा।
- कीमतों में अंतर समाप्त होने से सोने की कीमतों में कमी आ सकती है। **मनमानी कीमत वसूलने की गुंजाइश नहीं रहेगी** और ग्राहकों को फायदा होगा।
- देशभर के सभी ज्वैलर्स को **समान प्रतिस्पर्धा का माहौल प्रदान करेगी।** यह न्यायायसंगत बाजार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

तेरा तुझको अर्पण : रत्न भंडार में 12 लोगों ने किया प्रवेश, आभूषणों की सूची बनाने का काम शुरू

## जंग लगा ताला तोड़ा, खुला प्रभु जगन्नाथ का खजाना

देवेंद्र गोस्वामी
patrika.com

**पुरी.** भगवान जगन्नाथ के रत्न भंडार का दरवाजा 46 साल बाद रविवार दोपहर 1:28 बजे खोल दिया गया। परंपरा के मुताबिक सुबह सबसे पहले भंडार के रक्षक भगवान लोकनाथ महादेव से अनुमति लेकर आज्ञा माला (भगवान जगन्नाथ की मालाएं) को लाया गया। कलक्टर द्वारा सौंपी गई डुप्लीकेट चाबी से ताले को खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन जंग लगने की वजह से ताला नहीं खुल पाया। ताले को तोड़ दिया गया।

इससे पहले रत्न भंडार में प्रवेश करने वाले सभी 12 लोगों ने भगवान लोकनाथ के सामने शपथ ली कि वे अंदर जो देखेंगे किसी को नहीं बताएंगे। सिर्फ सरकार को रत्नों की जानकारी देंगे। मंदिर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रत्न भंडार में आभूषणों, बर्तन, अन्य सामग्री की लिस्टिंग, वजन व मूल्यांकन होगा।

शेष@पेज 05



मंदिर के आभूषणों को रखने के लिए मंगवाए गए लकड़ी के बॉक्स।

**ये लोग गए अंदर**

- ओडिशा हाईकोर्ट के जज बिस्वनाथ रथ
- श्री जगन्नाथ मंदिर के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी
- कलक्टर सिद्धार्थ शंकर
- एएसआइ सुपरिंटेंडेंट डी. बी. गडनायक
- गजपति महाराज के प्रतिनिधि
- रत्न भंडार सब कमेटी के सदस्य
- सुपरवाइजरी पैनल के दो सदस्य
- सेवक सेवायत के 4 सदस्य

मणिपुर : फिर हिंसा

### उग्रवादी हमले में सीआरपीएफ जवान शहीद, तीन घायल

**इंफाल@पत्रिका.** मणिपुर के जीरीबाम जिले के मोंगबंग गांव में रविवार को उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ का जवान अजय कुमार झा (43) शहीद हो गया, जबकि तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। बिहार के रहने वाले झा को सिर में गोली लगी। गोलीबारी में सुरक्षाकर्मियों का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घायल पुलिसकर्मियों का इलाज चल रहा है। हमले के बाद आसपास के पहाड़ी इलाकों से अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए। शनिवार रात भी मोंगबंग गांव में गोलियों की आवाजें सुनी गई थीं।

## झरोखा




ट्रेंडिंग न्यूज

तमिलनाडु

### आर्मस्ट्रांग का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

**चेन्नई @पत्रिका.** बसपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के. आर्मस्ट्रांग की हत्या का आरोपी के. थिरुवेंगदम पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसे जांच के लिए उत्तरी चेन्नई ले जाया गया था। उसने पुलिसकर्मी पर हमला कर भागने की कोशिश की। पुलिस को उस पर गोली चलानी पड़ी।



नियुक्ति

### गौरव गोगोई लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता

**नई दिल्ली@पत्रिका.** कांग्रेस के गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उपनेता होंगे। कांग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि केरल से सांसद के. सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक, जबकि विरुधुनगर से सांसद मणिकम टैगोर और किशनगंज से सांसद मोहम्मद जावेद पार्टी के सचेतक होंगे।

पश्चिम बंगाल

### टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता@पत्रिका.** पश्चिम बंगाल में उपचुनाव के नतीजों के बाद शनिवार रात दिनाजपुर जिले के श्रीकृष्णापुर में टीएमसी नेता बापी रॉय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह दोस्त के साथ ढाबे पर खाना खा रहे थे, तभी अज्ञात हमलावर उन्हें गोली मारकर फरार हो गए।

एक्सक्लूसिव इंटरव्यू | पूर्व पाक स्पिनर कनेरिया ने चैंपियंस ट्रॉफी पर बीसीसीआइ के फैसले को सही बताया

## 'पाकिस्तान सुरक्षित नहीं, टीम इंडिया को नहीं आना चाहिए...'

सौरभ कुमार गुप्ता
patrika.com

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया का कहना है कि पाकिस्तान खेलने के लिए सुरक्षित नहीं है। टीम इंडिया को यहां नहीं आना चाहिए। पाकिस्तान में अगले साल आइसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी होनी है। भारत सरकार ने सुरक्षा कारणों से टीम इंडिया को भेजने से इनकार कर दिया है। बीसीसीआइ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को हाइब्रिड मॉडल का सुझाव दिया है। **इस मुद्दे पर दानिश कनेरिया से पत्रिका की बातचीत के प्रमुख अंश...**



**पहले ही मसले का हल निकालना था**

**जब आइसीसी को पता है कि टीम इंडिया पाक नहीं जाएगी तो उसे मेजबानी क्यों दी?**
आइसीसी को एक सर्कल के तहत हर देश को बारी-बारी से बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी देनी होती है। पाकिस्तान के अंदरूनी हालात चाहे जैसे हों, क्रिकेट में हमारा बड़ा नाम है। पाक ने कई महान क्रिकेटर दिए हैं। यहां के लोगों में क्रिकेट को लेकर दीवानगी है। आइसीसी को चाहिए था कि वह बीसीसीआइ और पीसीबी को साथ बिठाकर पहले ही इस मसले का हल निकाल लेता।

**क्या भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाक जाना चाहिए?**
मैं बीसीसीआइ और भारत सरकार के फैसले से सहमत हूं। पाकिस्तान में अभी हालात ठीक नहीं हैं। भारतीय टीम का यहां आना सुरक्षा के लिहाज से सही नहीं होगा।

**क्या पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को अपनाएगा?**
मेरा मानना है कि पीसीबी को आखिर में हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होना पड़ेगा, क्योंकि भारतीय टीम के बिना चैंपियंस ट्रॉफी का कोई महत्त्व नहीं रह जाएगा।

शेष@पेज 05

**समझ सकते हैं मेरी उपेक्षा की वजह**

**पीसीबी ने कभी किसी रूप में आपको अपने साथ नहीं जोड़ा। इसकी क्या वजह है?**
मैं कई साल में पाक टीम के लिए खेलने वाला पहला हिंदू खिलाड़ी हूं। मुझे इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। जिन खिलाड़ियों ने भ्रष्टाचार कर देश का नाम डुबोया, उनकी वापसी हो गई, लेकिन 10 साल खेलने और 261 टेस्ट विकेट लेने के बावजूद मुझे दरकिनार किया जा रहा है तो इसकी वजह आप समझ सकते हैं।

चिंता : 16 से 34 साल के युवा शिकार, अस्पतालों में बढ़ रहे हैं मामले

## एक बार में ही देख लेते हैं वेब सीरीज तो हो जाएं अलर्ट, यह है साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** क्या आप भी वेब सीरीज देखते हैं तो एक ही बार में सभी एपिसोड देखे बिना चैन नहीं मिलता? ऐसा है तो आप अन्य नशे की तरह डिजिटल ड्रग के शिकार हैं। इसके कई नाम हैं। सबसे प्रमुख बिंज वॉचिंग है। कोरोना से पहले तीन माह में ऐसे एक-दो मामले सामने आते थे लेकिन अब हर सप्ताह आ रहे हैं। आलम यह है कि अस्पतालों में ऐसे युवाओं की संख्या प्रति तीन माह में 50-80 तक पहुंच गई है। तनाव, सिरदर्द और बेचैनी होने पर 16 से 34 साल तक के युवा ओपीडी पहुंच रहे हैं। कई मामलों में यह युवाओं को साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर का शिकार बना रहा है। साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर में दिमागी उलझन, तनाव, बोलने और अन्य व्यवहार में बदलाव जैसे लक्षण दिखते हैं। कई बार इसमें व्यक्ति किसी किरदार से प्रभावित होकर वैसा ही काम करने लगता है।

**इन बातों का रखें विशेष ध्यान...**

- वेब सीरीज देखने का समय तय करें। **एक बार में दो घंटे से ज्यादा समय न** दें।
- आपको लगे कि **आप वेब सीरीज देखने के लती हैं** या ज्यादा देर तक इसमें उलझे रहते हैं। ऐसे में ध्यान डायवर्ट करें।
- वेब सीरीज देखने की बजाय घरवालों से बात करें। **पेंडिंग काम करें।** किताब पढ़ें।
- **मोबाइल फोन से दूर रहें,** घूमने जाएं।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

चार्टर्ड अकाउंटेंट

## मार्कशीट से हटा पास-फेल का तमगा

**जोधपुर.** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से से हाल ही घोषित सीए फाइनल के परीक्षा परिणाम में आई मार्कशीट इस बार बदली हुई थी। मार्कशीट पर पास या फेल नहीं छपा हुआ था। चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने वाले बच्चों की मार्कशीट पर सक्सेसफुल (सफल) और नहीं बनने वालों की मार्कशीट पर अनसक्सेसफुल (असफल) छपा हुआ था। आईसीएआई ने विद्यार्थियों की नकारात्मक अवधारणा को खत्म करने और आशावादी दृष्टिकोण अपनाने को लेकर नया प्रयोग इसी साल से लागू कर दिया।

विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में प्रतिस्पर्धा दौर के कारण फेल का तमगा मिलने वाले छात्र-छात्राएं तनाव का शिकार हो जाते हैं और कई बार गलत कदम भी उठा लेते हैं। इसी को देखते हुए आईसीएआई ने नया प्रयोग किया है।

### बच्चों में भी उत्साह

आईसीएआई ने मार्कशीट में सफल-असफल देने के साथ इस साल परीक्षा परिणाम भी दोगुना कर दिया। हर साल औसतन 10 से 12 फीसदी बच्चे ही सीए बन पाते हैं। इस साल करीब 20 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

ब्रिक्स संसदीय मंच: मॉस्को में भारतीय प्रवासियों से बोले लोकसभा अध्यक्ष

# विदेशों में रहने वाले भारतीय भी देश के विकास में बराबर के भागीदार: बिरला

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com




मॉस्को में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

**मॉस्को/नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के विकास और आधुनिकीकरण में बराबर के भागीदार हैं। रूस में रह रहे भारतीय देश के ब्रैंड एंबेसडर हैं और अपने कार्यों, योगदान और उपलब्धियों से ही वे भारत की छवि गढ़ते हैं। रूस में भारतीय समुदाय के लोगों को अनुशासनप्रिय, मेहनती और कानून का पालन करने वाले प्रवासियों के रूप में जाना जाता है।

बिरला ने यह बातें रूस के मॉस्को में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहीं। बिरला सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद प्रवासी भारतीयों की भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों में सक्रिय और जीवंत भागीदारी रहती है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से रूस में अपनी मातृभूमि के बारे में जानकारी देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने का आग्रह किया। दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध ही हमारे द्विपक्षीय संबंधों का आधार हैं। बिरला ने प्रवासी भारतीयों से आग्रह किया कि वे भारत की समृद्ध सनातन संस्कृति, योग, पुरातन ज्ञान और विविधताओं के बारे में रूस के लोगों को जानकारी दें और उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित करें।

### भारत-रूस के बीच अनूठा रिश्ता

बिरला ने कहा कि भारत या रूस को किसी चुनौती का सामना करना पड़ा है, दोनों देशों ने एक-दूसरे का साथ दिया है। भारत और रूस के बीच एक अनूठा रिश्ता रहा है, दोस्ती का और परिवार का रिश्ता रहा है। सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सैटेलाइट नेविगेशन और रिमोट सेंसिंग, शिक्षा और संस्कृति में सहयोग सहित लगभग हर क्षेत्र में दोनों देशों के बीच साझेदारी रही हैं। बिरला ने भारतीय समुदाय के लोगों को गर्मजोशी से आतिथ्य-सत्कार के लिए धन्यवाद दिया।

### मोदी सरकार में समृद्धि का नया युग आरंभ

बिरला ने कहा कि मोदी सरकार के प्रयासों से देश में बदलाव, विकास और समृद्धि का एक नया युग आरंभ हुआ है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भी नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, देश सेवा के लिए उनके उत्साह और विकसित भारत के संकल्प से सभी को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे बदलावों से वैश्विक स्तर पर भारतीयों का सम्मान बढ़ा है और भारतीय पासपोर्ट का महत्व भी बढ़ा है।

पहल: दुनियाभर में उभरते डिटॉक्स स्पॉट

# डिजिटल उपवास से कम होगा स्क्रीन टाइम... दिल और दिमाग को आराम

अरुण कुमार
patrika.com

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी

**जयपुर.** देश-दुनिया में मोबाइल व अन्य डिजिटल डिवाइस के आदी लोगों ने डब्ल्यूएचओ से लेकर डॉक्टरों और मनोवैज्ञानिकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। डॉक्टर मोबाइल व टैब पर बढ़ते स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए डिजिटल उपवास या डिजिटल डिटॉक्सिग पर जोर दे रहे हैं। नौकरीपेशा लोग हाइपरटेंशन व एंजाइटी से बचने के लिए खुद रोजाना या साप्ताहिक अवकाश के दिन मोबाइल से कुछ घंटे दूर रहने की आदत डाल रहे हैं। इसके लिए वे हजारों रुपए देकर सप्ताह में दो या तीन दिन डिजिटल डिटॉक्सिग सेंटर पहुंच रहे हैं, जहां काउंसलर उनको योग व अन्य अभ्यास करवाकर डिजिटल उपवास के टिप्स देते हैं। इससे पर्यटन उद्योग को नई दिशा मिलने की संभावना है।

हाल ही महाराष्ट्र के सांगली जिले के मोहित्यांचे वडगांव के प्रमुख लोगों ने ग्रामीणों को डिजिटल डिटॉक्स के लिए प्रेरित कर बढ़ते स्क्रीन टाइम से बाहर निकलने का बीड़ा उठाया है। गांव में हर शाम सात बजे सायरन बजता है और लोग अपने फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद कर देते हैं। राजस्थान में ब्रह्माकुमारी सिस्टर्स स्कूल और कॉलेजों में डिजिटल डिटॉक्स हेल्थ एंड अवेयरनेस और सेल्फ एम्पावरमेंट टू डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रम चला रही हैं। कर्नाटक सरकार ने ऑल इंडिया गेम डेवलपर्स फोरम के साथ डिजिटल डिटॉक्स पहल की घोषणा की है, जिसमें गेमिंग और सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में बताया जा रहा है। प्राग (चेकोस्लोवाकिया) पूरे यूरोप में डिजिटल डिटॉक्स का प्रमुख शहर है। वहां सैकड़ों डिजिटल डिटॉक्स स्पॉट हैं, जहां इंटरनेट की पहुंच नहीं है। इसी तरह एम्स्टर्डम, लिस्बन, स्वीडन में ट्रीहोटल, जर्मनी में श्लॉस एल्मौ, इटली में कोलोसियम और वेटिकन संग्रहालय, मोरक्को में माराकेच प्रमुख डिजिटल डिटॉक्स स्पॉट हैं। चीन में हांगकांग और अमरीका में द एनचांटेड एस्केप में हर साल लाखों लोग मोटी रकम देकर डिजिटल फास्टिंग करते हैं।

**परिवार संग स्क्रीन फ्री वीकेंड का चलन :** डिजिटल डिटॉक्स रिट्रीट आधुनिक परिवारों के लिए नया और मजेदार अनुभव है। लोग परिवार के साथ सप्ताहांत में घर या घर से बाहर स्क्रीन फ्री डे एंजॉय कर रहे हैं। इस दिन कोई भी मोबाइल या अन्य डिवाइस का उपयोग नहीं करता।

### कैसे कम हो डिजिटल स्क्रीन की टाइमिंग...

- अनावश्यक **नोटिफिकेशन बंद** कर दें।
- चमकीले रंगों से दूर **ग्रेस्केल स्क्रीन फिल्टर** सक्रिय करें।
- भोजन करते समय **फोन दूर** रखें।
- डिजिटल डिवाइस से हर दिन **दूरी का समय तय** करें।
- बेडरूम को **नो-टेक जोन** बनाएं।
- मनपसंद **किताबें पढ़ें।**
- स्क्रीन देखने की बजाय **मनपसंद म्यूजिक** सुनें।
- **ब्लॉगिंग ऐप इंस्टॉल** करें और कुछ लिखें।

### जैन समुदाय चला रहा है अभियान

**अमरीका** में जैन समुदाय का डिजिटल डिटॉक्स आंदोलन अनुकरणीय है। आज नहीं तो कल, हर देश में ऐसे अभियान जरूरी हो जाएंगे। डिजिटल डिटॉक्स मानसिक उपवास है। इससे लोगों के पास यह जानने का अवसर होता है कि मोबाइल और लैपटॉप की स्क्रीन से बाहर भी बहुत खूबसूरत दुनिया है।

### भारत में डिजिटल फास्टिंग स्पॉट

**भारत** में ऋषिकेश और गोवा डिजिटल डिटॉक्स के प्रमुख स्पॉट बनकर उभरे हैं। वहां देश-विदेश से करीब चार लाख लोग डिजिटल डिटॉक्स हॉलीडे मनाने पहुंचे। राजस्थान में किले और अरावली की पहाड़ियां, मध्यप्रदेश में पचमढ़ी, छत्तीसगढ़ में कोरिया वैली, फॉरेस्ट केव और कबीर बान, हिमाचल प्रदेश में स्पीति घाटी, तीर्थन घाटी उपयुक्त स्थान हैं। कर्नाटक में कुर्ग गोकर्णा और हम्पी, केरल में वर्कला, वायनाड और आलाप्पुड़ा मानसिक शांति के लिए उपयुक्त स्थान हैं। लेह-लद्दाख, अंडमान और निकोबार, अरुणाचल प्रदेश में जीरो घाटी प्रमुख डिजिटल डिटॉक्स स्पॉट हैं।

फैक्ट फाइंडिंग कमेटियों की रिपोर्ट्स के आधार पर होगा कुछ राज्यों में बदलाव

# कांग्रेस में बदलाव की तैयारी, युवा नेताओं की बढ़ेगी हिस्सेदारी

### राष्ट्रीय से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी में युवाओं के साथ दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक नेताओं को मिलेगी तरजीह

शादाब अहमद
patrika.com

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा से मुकाबले के लिए कांग्रेस अब आगे की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए संगठन को दिल्ली से लेकर गांवों तक चुस्त-दुरुस्त बनाने की एक्सरसाइज चल रही है। कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से लेकर ब्लॉक स्तर तक बदलाव दिख सकता है। वहीं प्रदेश, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणियों से निष्क्रिय पदाधिकारियों की पहचान कर उन्हें हटाने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। ऐसे में संगठन में युवाओं की हिस्सेदारी बढ़ सकती है।

दरअसल, कांग्रेस में खासा उत्साह दिख रहा है। यही वजह है कि भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए संगठन को मजबूत करने पर कांग्रेस का ध्यान गया है। इसके चलते कमजोर नेतृत्व देने वाले नेताओं को हटाकर उनकी जगह दूसरें सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी दी जा सकेगी। करीब आधा दर्जन राज्यों में फैक्ट फाइडिंग कमेटियों की रिपोर्ट्स के आधार पर बदलाव होगा। वहीं अन्य राज्यों में प्रभारियों के फीडबैक को आधार बनाकर बदलाव हो सकता है। बदलाव के दौरान सोशल इंजीनियरिंग का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### युवाओं पर फोकस

लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस को सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और परीक्षा पेपर लीक का दिया है। यह सीधे तौर पर युवा मतदाताओं को प्रभावित करते हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा जैसे हिंदी भाषी राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की जीत में युवाओं की भागीदारी रही हैं। कांग्रेस आलाकमान के पास उदयपुर नवसंकल्प को अमल में लाने का सही समय है। ऐसे में पार्टी के करीब पचास फीसदी पद पचास साल से कम उम्र के नेताओं को दिए जा सकते हैं।

### दूरगामी रणनीति बनाने पर जोर

जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव में अभी दो से चार साल बाकी हैं, वहां के लिए भी कांग्रेस ने दूरगामी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसके तहत जनता से जुड़े छोटे-बड़े मुद्दों पर धरना-प्रदर्शन करना शामिल है। साथ ही इनमें पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए मॉनीटरिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है।

### जिन्होंने किया समर्थन, उनको मिले प्रतिनिधित्व

**समाज** के जिन वर्गों ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ दिया है, उनको संगठन में प्रतिनिधित्व देने की मांग पार्टी के भीतर जोर पकड़ रही है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि काफी हद तक दलित, आदिवासी और मुस्लिम वर्ग के मतदाता लोकसभा चुनाव में पार्टी के पास लौटे हैं। इसी तरह वंचित पिछड़े वर्ग का समर्थन भी खूब मिला है। वैसे भी पार्टी की नीति रही है कि समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। पार्टी ऐसा करती भी रही है। अब उम्मीद की जा रही है कि आगे जो भी बदलाव होंगे, उसमें इस नीति का ध्यान जरूर रखा जाएगा।

विश्व युवा कौशल दिवस आज

# हुनरमंद फिर भी बेरोजगार खामियां सुधारो सरकार

## राजस्थान में आठ लाख से अधिक युवा स्किल्ड, ढाई लाख को ही रोजगार, *बाजार की डिमांड के अनुसार युवा प्रशिक्षित नहीं*

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



कौशल विकास निगम के एक केंद्र पर स्किल ट्रेनिंग लेते युवा।

**जयपुर/नई दिल्ली.** देश में हरियाणा के बाद राजस्थान की बेरोजगारी दर सबसे अधिक है। ऐसा नहीं है कि राज य में स्किल्ड युवाओं की कमी है। राज य में 10 साल में आठ लाख युवाओं ने स्किल की ट्रेनिंग भी ली है। लेकिन स्किल्ड होने के बाद ढाई लाख युवाओं को ही रोजगार मिला है। यानी राजस्थान में युवा स्किल्ड होने के बाद भी बेरोजगार हैं। इसका प्रमुख कारण यह सामने आया है कि स्किल की ट्रेनिंग पर ही जोर दिया जा रहा है। बाजार में किस कोर्स की डिमांड हैं और कितना उपयोगी है, इस आधार पर ट्रेनिंग नहीं दी जा रही है।

2013 में राज्य में युवाओं को स्किल्ड करने के लिए राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम शुरू किया था। निगम की ओर से ऑटोमोबाइल्स, एग्रीकल्चर, फैशन डिजाइनिंग, हेल्थ केयर, लॉजिस्टिक, रिटेल, इलेक्ट्रिशियन सहित 35 क्षेत्रों के सैकड़ों कोर्स युवाओं को कराए जाते हैं। इनमें ऐसे कई कोर्स हैं, जो सालों से अपग्रेड नहीं किए गए। वहीं, स्किल ट्रेनिंग देने वाले सेंटर युवाओं की संख्या कागजों में बढ़ा रहे हैं लेकिन रोजगार नहीं दिला पा रहे हैं। इधर, राज्य में 15 लाख से अधिक युवा सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे हैं। एक भर्ती परीक्षा में अधिकतम 10 से 15 लाख युवा बैठ रहे हैं। पिछले दो साल में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के पास नौकरी के डेढ़ करोड़ आवेदन आ चुके हैं।

राज्य में सबसे अधिक युवा स्नातक स्तर के बेरोजगार हैं। रोजगार विभाग के आंकड़ों के अनुसार 14 लाख युवा स्नातक स्तर होने के बाद भी बेरोजगार हैं और करीब एक लाख युवा स्नातकोत्तर स्तर पर बेरोजगार हैं। इन्हीं में से तीन लाख युवा ऐसे हैं, जो बेरोजगारी भत्ता लेने में आगे हैं। स्किल्ड नहीं होने के कारण इन सभी युवाओं के पास सिर्फ सरकारी नौकरी ही विकल्प बचा है।

**स्कूल और उच्च शिक्षा में स्किल गायब:** राज्य में युवाओं के बेरोजगार होने का बड़ा कारण है कि स्कूल और उच्च शिक्षा स्तर पर छात्रों को वोकेशनल और स्किल एजुकेशन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूल और उच्च शिक्षा में स्किल एजुकेशन सिर्फ खानापूर्ति बन गई है। राज्य के 4,155 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही हैं। इनमें से 1632 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का एक भी शिक्षक नहीं है। इसमें हेल्थ केयर सेक्टर के ट्रेनर तो जून 2023 से नहीं हैं। वहीं, दूसरी ओर राजस्थान में एकमात्र स्किल यूनिवर्सिटी संचालित की जा रही है। यूनिवर्सिटी के पास न स्थायी भवन है न ही शिक्षक हैं। यूनिवर्सिटी सिर्फ डिग्री देने का काम कर रही है।

### कोर्स में हो बदलाव

सिर्फ स्किल देना ही काफी नहीं है। यह भी देखना जरूरी है कि समय के साथ क्या उन कोर्स में बदलाव किए गए हैं या नहीं। एक ही ट्रेड में अगर सीमित जॉब हैं तो हजारों युवाओं को उस ट्रेड में ट्रेंड करने से क्या फायदा।
**प्रो. अनुराग शर्मा,** निदेशक उद्यमिता एवं कौशल विकास केन्द्र, राजस्थान विवि

### राज्य में कहां सबसे अधिक बेरोजगार

| जिला | स्नातक | स्नातकोत्तर |
|---|---|---|
| अलवर | 98,022 | 4,449 |
| भरतपुर | 62,007 | 2,277 |
| चूरू | 66,505 | 3,643 |
| दौसा | 72,943 | 1,953 |
| हनुमानगढ़ | 56,859 | 4,888 |
| जयपुर | 1,60,555 | 14,709 |
| झुंझुनूं | 82,938 | 5,943 |
| जोधपुर | 52,233 | 3,955 |
| करौली | 42,899 | 1,484 |
| नागौर | 85,175 | 4,432 |
| सीकर | 1,33,330 | 5,427 |
| कुल | 14,40,916 | 1,01,956 |

पिछले सालों से ट्रेनिंग सेंटर की संख्या बढ़ी है। इन सेंटर्स में युवाओं की संख्या बढ़ाने का काम हुआ है। कुछ सेंटर्स ऐसे भी हैं जो वाकई अच्छी ट्रेनिंग दे रहे हैं। ऐसे में निगम को समय-समय पर जांच करनी चाहिए। बाजार में जिन कोर्स की डिमांड हैं वही शुरू करने चाहिए। **डॉ. राजेश कोठारी,** पूर्व निदेशक एवं डीन, आर.ए.पोद्दार प्रबंधन संस्थान विवि

# 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगी राजस्थान सरकार, कमेटी गठित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने और जनता को ईको फ्रेंडली माहौल देने के लिए राज्य सरकार अब डीजल बसों की बजाय इलेक्ट्रॉनिक बसें चलाने तैयारी कर रही है। इसको लेकर सरकार में उच्च स्तर पर कवायद शुरू हो गई है। राज्य सरकार जल्द ही पीएम ई-बस सेवा स्कीम के तहत 500 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद करेगी। जिन्हें प्रदेश के सभी जिलों में परिवहन सेवाओं में लगाया जाएगा। ई-बस सेवा शुरू करने से लेकर डिपो बनाने और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य कार्यों के लिए राज्य सरकार ने मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में एक स्टेट लेवल स्टीयरिंग कमेटी भी गठित की है। कमेटी में वित्त, ऊर्जा और परिवहन विभाग के एसीएस, यूडीएच के प्रमुख सचिव और जेसीटीसीएल के प्रबंध निदेशक को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

साइबर खतरा: आइ4सी ने जारी की एडवाइजरी

# सरकारी दफ्तर से संदिग्ध ई-मेल को लेकर सतर्कता की हिदायत

**नई दिल्ली@पत्रिका.** केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर विंग ने एडवाइजरी जारी कर आम लोगों से कहा है कि किसी भी सरकारी दफ्तर से ई-मेल पर संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर ई-मेल में दिए नाम को इंटरनेट की मदद से चेक करना चाहिए। साथ ही संबंधित विभाग की साइबर अपराध यूनिट में कॉल कर आधिकारिक नाम के बारे में पूछताछ करनी चाहिए।

भारतीय साइबर अपराध कोर्डिनेशन सेंटर (आइ4सी) ने कहा कि लोगों को सरकारी ई-नोटिस के आड़ में फर्जी ई-मेल से सतर्क रहना होगा। यह लोगों को साइबर धोखाधड़ी का शिकार बना सकता है। लोगों को ऐसे ई-मेल पर क्लिक करने से पहले कुछ सुझाव दिए गए हैं। जैसे लोगों को चेक करना है कि क्या ई-मेल किसी आधिकारिक सरकारी वेबसाइट से आया है। किसी भी सरकारी ई-मेल में दिए अधिकारी के नाम को वेरिफाई करें और संबंधित विभाग में फोन कर इसकी पुष्टि करें। किसी भी ऐसे ई-मेल का जवाब नहीं देना है, जिसमें कुछ भी संदिग्ध लगे। ऐसे मामलों की सूचना पास के पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन को दी जानी चाहिए। साइबर अपराध से निपटने के लिए मंत्रालय की साइबर विंग ने पिछले साल अगस्त में भी एडवाइजरी जारी की थी। इसमें लोगों को सरकारी वेबसाइट की आड़ में नकली ई-मेल के प्रति सतर्क किया गया था। नकली ई-मेल में आइ4सी, इंटेलीजेंस ब्यूरो और दिल्ली पुलिस के लोगो का गलत इस्तेमाल किया।

जांच में के दायरे में दो विभागों के आला अधिकारी

# 1700 करोड़ के मिड-डे मील में ईडी को मिले धांधली के सबूत

**जयपुर/नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्कूलों की 1700 करोड़ की मिड-डे मील योजना में धांधली के साक्ष्य पाए हैं। गत वर्ष ईडी ने कई स्थानों पर छापे मारे थे, इसकी पड़ताल के बाद छद्म नाम की फर्मे और अन्य गड़बड़ियों की आशंका जताई गई है।

इनकी गहन पड़ताल के लिए ईडी ने एसीबी को पत्र लिखा है। अब एसीबी ने प्राथमिक जांच रिपोर्ट (पीई) दर्ज कर राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) व शिक्षा विभाग से दस्तावेज जुटाने शुरू कर दिए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के नाम चिह्नित करने के बाद एसीबी मामला दर्ज करने के लिए राज्य सरकार से इजाजत मांग सकती है। दरअसल मिड-डे मील और आईसीडीएस योजना (समेकित बाल विकास सेवा योजना) केन्द्र और राज्य के संयुक्त योगदान से चलती हैं। इसमें केन्द्र का करीब 60 प्रतिशत योगदान रहता है। मिड-डे मील मामले में ईडी ने गत वर्ष सितम्बर में कई ठिकानों पर छापे मारे थे। उनमें तत्कालीन मंत्री राजेन्द्र यादव के ठिकाने भी शामिल थे। छापे मिड-डे मील की सप्लाई में शामिल एक फर्म के कारण डाले गए थे।

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जोधपुर में

# पूर्व सीएम ने कुर्सी का किया अनादर, जो सभी के सामने आया: शेखावत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** फोन टैपिंग को लेकर एक बार फिर जोधपुर सांसद और केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जिस शपथ को लेकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हुए थे, उस शपथ का उन्होंने अनादर किया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत रविवार को जोधपुर में मीडिया से रूबरू हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके ओएसडी रहे लोकेश शर्मा के मीडिया में आए ऑडियो टैप से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि जो बातें मैं चीख-चीखकर मीडिया के माध्यम से सरकार को सुनाना चाहता था। न्यायालय को सुनाना चाहता था। वो सभी बातें अब इस ऑडियो के साथ स्वतः स्पष्ट हो गई है।



**जोधपुर.** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत अपने निवास पर लोगों से मुलाकात करते हुए।

### स्काई डाइविंग के लिए विदेश में 200 करोड़ खर्च

शेखावत ने कहा कि स्काई डाइविंग एक एडवेंचर स्पोर्ट्स है जिससे पर्यटन के नए अवसर खुलते हैं। भारत के लोग हजारों की संख्या में दुबई, साउथ अफ्रीका व अन्य देशों में जाकर यह एडवेंचर करते हैं। एक अनुमान के मुताबिक 200 करोड़ से ज्यादा की राशि भारतवासी इसके लिए विदेश में खर्च करते हैं। इसीलिए अपने देश में यह पर्यटन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के साथ मिलकर टीम ने यह सुविधा शुरू की। भारत में पहली बार ऑर्गेनाइज रूप से यह काम हो रहा है। इससे भारत के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# जोमैटो और स्विगी हुआ महंगा

**नई दिल्ली@पत्रिका.** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो और स्विगी से खाना मंगाना महंगा हो गया है। दोनों कंपनियों ने दिल्ली और बेंगलूरु में प्लेटफॉर्म फीस में 20 फीसदी का इजाफा किया है। अब ग्राहकों को हर ऑर्डर पर 5 रुपए की जगह 6 रुपए प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। गौरतलब है कि 3 माह पहले ही दोनों कंपनियों ने प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाकर 5 रुपए की थी।

**पोलमपोल** भायो

पाँच सीट को मुरधरा, बढबा लग्यो तणाव ।
दस सीटा पर हार ग्या, उपचुणाव को दाँव !!

**सुप्रीम कोर्ट के आदेश हुए हवा:** सरिस्का के बफर जोन में 14 और 150 से ज्यादा होटल बहाव क्षेत्र में हो रहे संचालित, प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

# सिलीसेढ़ झील के किनारे तक आखिर कैसे पहुंचे होटल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अलवर.** सिलीसेढ़ झील के डूब और बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट से लेकर एनजीटी की गाइडलाइन हैं। इन आदेशों की हवा होटल संचालकों ने निकाली या फिर प्रशासन ने, तभी ये होटल झील के किनारे तक पहुंच गए। प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मुंबई, दिल्ली आदि जगहों के उद्योगपतियों ने होटल बनाए हैं। 14 होटल सरिस्का के बफर जोन में चल रहे हैं। साथ ही 150 से ज्यादा बहाव एरिया में संचालित हो रहे हैं। इसका सर्वे प्रशासन ने शुरू किया था, लेकिन दबाव के बाद बंद कर दिया।


सिलीसेढ़ झील के पास बना रिसॉर्ट।

होटलों के सर्वे की रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं। नियमों के मुताबिक आगे की कार्रवाई करेंगे। -**आशीष गुप्ता,** जिला कलक्टर

### सरिस्का के बफर जोन में ये होटल आए

- रतन विलास सरिस्का रिसॉर्ट
- देशी ठाठ रिसॉर्ट
- मेधावन रिसॉर्ट
- नमन बाग
- नटनी हैरिटेज रिसॉर्ट
- द जंगल लेप
- राजस्थान होटल एंड रेस्टोरेंट
- रामबिहारी पैलेस होटल
- बाबा होटल
- सासू की ढाणी
- गुप्ता झील रेस्टोरेंट
- आरटीडीसी होटल
- नीलकमल झील रेस्टोरेंट

### जिम्मेदार अफसरों पर हो कार्रवाई

जानकार कहते हैं कि होटल झील एरिया में सीधे अतिक्रमण नहीं कर सकते, उन्हें कागजों की नाव अफसरों ने थमाई है। प्रशासन के अलावा सिंचाई विभाग, यूआइटी, पर्यटन व पुलिस विभाग के अफसरों की भी मेहरबानी रही है। कुछ होटलों का निर्माण इस एरिया में बताया जा रहा है। बताते हैं सफेदपोश से लेकर अफसरों, उद्यमियों आदि के होटल चल रहे हैं। पूर्व में भी वर्ष 2017-18 में भी 110 अतिक्रमण मिले थे, जिसमें 60 लोगों पर रिपोर्ट हुई थी। रिपोर्ट के हाल का तो सिंचाई विभाग को ही पता नहीं है। जानकारों का कहना है कि जिन-जिन अधिकारियों के कार्यकाल में यह होटल-रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट आदि बने हैं, उन पर कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए।

### नोटिस वापस ले रहे अफसर

अजबगढ़-जमवारामगढ़ एरिया में कई होटलों को नोटिस दिए गए। सूत्रों का कहना है कि प्रभावशाली प्रतिष्ठानों के दबाव में अफसर नोटिस रद्द कर रहे हैं। हालांकि वन विभाग के अफसरों का तर्क है कि बिना सर्वे के नोटिस दिए गए थे।

**कई महीनों से थे बीमार,** रविवार सुबह ली अंतिम सांस

# आदर्श पुरातन चिकित्सा के पुरोधा वैद्य सुशील कुमार पंचतत्व में विलीन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** आदर्श पुरातन चिकित्सा के पुरोधा और देश के विख्यात आयुर्वेद चिकित्सक वैद्य सुशील कुमार जैन (97) का रविवार सुबह निधन हो गया। चौड़ा रास्ता स्थित चौकड़ी मोदीखाना निवासी वैद्य सुशील कुमार पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

देहांत की सूचना मिलते ही जैन समाज सहित अन्य समाज के लोग स्तब्ध रह गए। उनका अंतिम संस्कार चांदपोल स्थित मोक्षधाम में हुआ। मोक्ष धाम में ग्रेटर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावत, नवरत्न कोठारी, सुधांशु कासलीवाल व प्रवीणचंद छाबड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आरोग्य भारती के अध्यक्ष राजेंद्र के शेखर और मंत्री नवीन बिल्टीवाला ने बताया कि वैद्य सुशील कुमार जैन के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। आयुर्वेद चिकित्सा और प्राण उपचार को पुनर्जीवित कर आगे बढ़ाने में उन्होंने महत्ती भूमिका निभाई। जयपुर में साधु संतों के इलाज के लिए वैंय्या व्रत समिति, महावीर कल्याण केंद्र भी उनकी प्रेरणा से शुरू हुआ। समाज की कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**ट्रेंडिंग वीडियो** पत्रिका TV

1.


डोनाल्ड ट्रम्प पर फिर जानलेवा हमला: हमलावर ढेर

2.


22 जिलों में बारिश का अलर्ट: जारी की एडवाइजरी

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

**भ्रष्टाचार,** पेपरलीक और अटके परिणाम इसके मुख्य कारण

# उम्मीद हुई निराश: प्रतियोगी परीक्षाओं से परीक्षार्थियों का मोहभंग, न नौकरी न रोजगार

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी

रक्तिम तिवारी
patrika.com

**अजमेर.** हर भर्ती परीक्षा में लाखों अभ्यर्थी आवेदन करते हैं, लेकिन पेपर आउट या फिर कोर्ट में निपटारे के चलते कई साल परीक्षाएं नहीं होती हैं। इससे प्रतियोगी परीक्षार्थियों में निराशा बढ़ती जा रही है। परीक्षाओं में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। इसका ताजा उदाहरण रविवार को विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा-2024 में देखने को मिला।

परीक्षा में सिर्फ 920 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 11863 अनुपस्थित रहे। इसी तरह अन्य परीक्षाओं में भी परीक्षा न देने वाले प्रतियोगी छात्रों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। औसतन परीक्षाओं में 15 से 45 प्रतिशत ही प्रतियोगी परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। गौर करें तो प्रतियोगियों का परीक्षाओं से मोहभंग का कारण भर्ती परीक्षाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार, परिणामों का अटकना, पेपर आउट होना, न्यायालय द्वारा देरी से निर्णय, ओवर एज हो जाना आदि हैं।



**हाल ही हुई भर्ती परीक्षाओं की स्थिति**

| परीक्षाएं | अनुपस्थित | उपस्थित अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| सहायक अभियंता यांत्रिकी 2023 | 10250 | 1530 |
| कॉलेज शिक्षा 2023 एबीएसटी | 6500 | 2084 |
| कॉलेज शिक्षा 2023 केमिस्ट्री | 6352 | 2776 |
| कॉलेज शिक्षा (40 विषय) | 40000 | 25000 |
| आरएएस प्री 2023 | 239012 | 457957 |
| कॉलेज शिक्षा 2023 सामान्य ज्ञान | 99165 | 98601 |
| सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा 2023 | 15005 | 21167 |
| खोज-उत्खनन अधिकारी-2023 | 7160 | 619 |
| सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 | 4.14 लाख | 3.25 लाख |
| आरएएस प्री. 2021 | 3.28 लाख | 3.20 लाख |
| प्रधानाचार्य भर्ती 2018 | 30000 | 15000 |

**पिछली परीक्षाओं के हाल**

| | | |
|---|---|---|
| आरएएस प्री 2018 | 120286 | 376762 |
| सब इंस्पेक्टर भर्ती 2016 | 215001 | 13200 |
| कॉलेज शिक्षा 2021 (31 विषय) | 136713 | 152317 |
| सहायक अभियंता यांत्रिकी 2018 | 7050 | 3152 |
| प्रधानाचार्य भर्ती 2011 | 20150 | 12005 |

### पेपरलीक और अन्य कारण भी जिम्मेदार

**राज्य** में पिछले पांच साल में राजस्थान लोक सेवा की वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022 और सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 का पेपरलीक हुआ। आरएएस-2018 के साक्षात्कार के दौरान घूसकांड हुआ। ईओ परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने के नाम घुमंतू बोर्ड के पूर्व चेयरमैन गोपाल केसावत समेत चार आरोपियों को 18.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। ये घटनाएं भी अभ्यर्थियों के भर्ती परीक्षाओं से मोहभंग के लिए जिम्मेदार हैं। आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022 में करीब 20 से ज्यादा डमी अभ्यर्थी पकड़े।

### अब एक लाख भर्तियों की घोषणा

**राज्य** सरकार ने 2024-25 के बजट में एक लाख भर्तियों की घोषणा की है। यह भर्तियां राजस्थान लोक सेवा आयोग के अलावा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से होंगी। आयोग को कॉलेज लेक्चरर, स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा, कृषि और विभागों की भर्ती मिल सकती हैं। साल 2018 में आयोग को सर्वाधिक 18 हजार भर्तियां मिली थीं। साल 2019 में 10 हजार, 2020 में 5 हजार, 2021 में 2914, 2022 में 10 हजार और 2013 में 17 हजार भर्तियां मिलीं हैं।

### कितने दे रहे आरपीएससी परीक्षा

**40** लाख से ज्यादा प्राप्त होते हैं भर्ती फॉर्म

**20** से 22 लाख अभ्यर्थी ही बैठते हैं परीक्षा

**25** से 27 लाख अभ्यर्थी नहीं बैठते परीक्षाओं में

अभ्यर्थियों की परीक्षाओं में अनुपस्थिति बढ़ना चिंताजनक है। कई बार अभ्यर्थी बिना तैयारी के फॉर्म भरते हैं। इसके अलावा दूरस्थ जिले में केंद्र होने पर भी परीक्षा नहीं देते हैं। नौकरियों से मोहभंग भी अनुपस्थिति के कारणों में शामिल है। -**डॉ. शिवसिंह राठौड़,** पूर्व अध्यक्ष, आरपीएससी

### बिना तैयारी के भी बैठते हैं

10 फीसदी परीक्षार्थी बिना तैयारी के फार्म भर देते हैं और परीक्षा देने नहीं पहुंचते। आरएएस एवं अधीनस्थ सेवा सहित तकनीकी, कॉलेज, चिकित्सा और संस्कृत शिक्षा, स्कूल प्राध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, प्रधानाध्यापक, हॉस्पिटल केयर टेकर, कृषि, भू-जल विभाग सहित अन्य विभागों की भर्ती परीक्षाओं का हाल भी ऐसा ही है।

**स्मृति शेष**

# वैद्य सुशील कुमार जिन्होंने आयुर्वेद के प्रति बढ़ाया भरोसा


वैद्य सुशील कुमार

शुद्ध मन से तैयार औषधि रोगी को त्वरित आरोग्य लाभ देती है। यह मानना था वैद्य सुशील कुमार जी जैन का। घरेलू नुस्खों के माध्यम से असंख्य मरीजों को राहत पहुंचाने वाले वैद्य सुशील जैन ने अपनी रुचि से ही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का ज्ञान हासिल किया। इसके माध्यम से वे मरीजों का उपचार 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया:' के भाव से करते रहे। किस रोग में मरीज को कब और कितना खाना है और किससे परहेज रखना है, इसका वे पूरा ध्यान रखते थे। उनका मानना था कि आहार को व्यवस्थित रखकर ही रोगी का उपचार संभव है। इसलिए औषधि से ज्यादा उनका ध्यान पथ्य पर रहता था। औषधि भी वे तब ही लेने की सलाह देते थे जब आवश्यक हो जाए। कई औषधीय गुणों से युक्त तेल और चूर्ण उन्होंने खुद ईजाद किए। भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद और प्राण उपचार को प्रचारित तथा संरक्षित रखने में वैद्य सुशील कुमार का योगदान चिर स्मरणीय रहेगा। सही मायने में आयुर्वेद के प्रति जन-जन का विश्वास बढ़ाने के प्रयास में उनकी अहम भूमिका रही। जहां-कहीं भी आयुर्वेद जगत की बात होती है वहां सुशील वैद्य का नाम जरूर आता है।

उनका व मेरा बचपन से साथ रहा। हम दोनों ने पंडित चैनसुख दास से गुरु-शिष्य परम्परा में साथ-साथ अध्ययन किया। स्कूली दौर से ही सुशील के मन में परोपकार का भाव था। परकोटे के एक मंदिर में उनकी पहल पर हमारे कुछ हम उम्र साथियों ने मिलकर मैट्रिक स्तर की पढ़ाई करते वक्त छोटे बच्चों को निःशुल्क पढ़ाना शुरू कर दिया था। साथ ही कॉलेज स्तर की पढ़ाई कर रहे कुछ युवाओं को इसलिए भी राजी किया कि वे हमें पढ़ाएं। शुरू में उनका विचार जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता देने का भी बना। तब उन्होंने पत्र-पत्रिकाओं में सुशील कुमार 'शिशु' के नाम से कविताएं भी लिखीं। पढ़ाई पूरी कर वे सरकारी सेवा में नियुक्त हो गए। सुशील के मन में सेवा भाव ऐसा कूट-कूट कर भरा था कि उनका रुझान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की ओर हो गया। पच्चीस वर्ष की आयु में उन्होंने जयपुर के परकोटे में ही महावीर पार्क के पास एक जनवरी 1953 को बड़ी हवेली में 'आरोग्य भारती' नामक औषधालय की शुरुआत कर दी। बस यहीं से रोगियों की सेवा का जो कार्य शुरू हुआ उसमें उनकी पत्नी व दो बेटियां तक शामिल हो गईं। औषधि निर्माण के दौरान भी नमोकार मंत्र व भक्तामर पाठ का ऑडियो चलता रहता था। साधु-संतों की आहारचर्या के हिसाब से वे दवा तैयार करते थे। जैन संतों के प्रति सेवा भाव का आलम यह था कि जब भी किसी संत के रोग ग्रस्त होने की जानकारी उन्हें मिलती तो वे खुद पहुंच जाते थे।

आरोग्य भारती में सब उन्हें 'पापाजी' का संबोधन ही देते थे। सही कहूं तो वे खुद एक गृहस्थ संत थे जिन्होंने पर पीड़ा को दूर करने को ही जीवन का ध्येय बना लिया था। शुरुआती दौर में तो सुशील खुद जंगलों में जाकर जड़ी-बूटियों की तलाश करते थे। जड़ी-बूटियों के प्रति भी श्रद्धा भाव ऐसा कि पेड़-पौधों से पहले प्रणाम कर आग्रह करते थे कि मरीजों की सेवा के लिए वे उन्हें ले जाने आए हैं। वे खुद ऋतु और रोग के आधार पर इन जड़ी-बूटियों से दवाएं तैयार कराते थे। उनकी निदान पद्धति में प्राण उपचार का अलग ही स्थान था। उनका मानना था कि रोगी में प्राण ऊर्जा की कमी होने पर प्राण चिकित्सा के माध्यम से मरीज का त्वरित उपचार संभव है। इस प्रणाली के माध्यम से उन्होंने कई असाध्य रोगियों का उपचार किया। लोगों में सेहत के प्रति जागरूकता कायम हो इस दृष्टि से उन्होंने अपने स्तर पर कई संगोष्ठियों का आयोजन भी किया। उनकी ये प्रिय पंक्तियां थीं- 'सबका मंगल हो...सबका मंगल हो, कोई नहीं रहे जगत में दुखिया ...सुखिया सब संसार हो, रोग- दोष, दारिद्र दूर भागे सबका मंगलाचार हो।' आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की प्रतिष्ठा को कायम रखने और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उनके प्रयास सदैव याद किए जाते रहेंगे।

*प्रवीण चन्द्र छाबड़ा,*
*वरिष्ठ पत्रकार*

**राजस्थान हाईकोर्ट**

### केस जिन पर रहेगी निगाह...
**22 से 28 जुलाई**

**तारीख- 15 जुलाई**
**हाईकोर्ट:** जयपुर पीठ
**मामला:** हाईकोर्ट ने प्रसंज्ञान लेकर कहा था, वन और जलस्रोत संरक्षण के लिए सख्त कदम उठाएं सरकार, लू और शीतलहर से मौत पर मुआवजा दें।

**तारीख- 15 जुलाई**
**हाईकोर्ट:** जयपुर पीठ
**मामला:** हाथीगांव में हाथियों को टीबी होने से उनकी दयनीय स्थिति।

**तारीख- 15 जुलाई**
**हाईकोर्ट:** जयपुर पीठ
**मामला:** सभी बालिका विद्यालयों व महाविद्यालयों में टॉयलेट बनाने के 10 साल पुराने आदेश की पालना अब तक नहीं

**तारीख- 15 जुलाई**
**हाईकोर्ट:** जोधपुर प्रधान पीठ
**मामला:** जवाई बांध से जवाई नदी में पानी समय पर नहीं छोड़ा जाता, जिससे नदी किनारे बसे सैकड़ों गांवों में जल संकट की स्थिति बनी हुई है।

**तारीख- 16 जुलाई**
**हाईकोर्ट:** जोधपुर प्रधान पीठ
**मामला:** संजीवनी मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी मामले में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की याचिका पर सुनवाई होगी। कोर्ट ने शेखावत की गिरफ्तारी और कोर्ट की मंजूरी के बिना आरोप पत्र पेश करने पर रोक लगा रखी है।

**प्रशासनिक हलचल...**
**मुख्य** न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव सोमवार से हाईकोर्ट की जयपुर पीठ में सुनवाई करेंगे। उनकी खंडपीठ में जनहित याचिका सहित विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई होगी।

**सांवराद के पास हादसा**

# कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, तीन जनों की मौत



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**डीडवाना (नागौर).** हनुमानगढ़-किशनगढ़ मेगा हाईवे पर रविवार को सांवराद गांव के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार में सवार तीन जनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार कसुम्बी गांव निवासी राजश्री (16), संतोषदेवी (56), श्रवणकुमार (60), तुलसी (45), शिवा (19), बसंती (40) खरेस गांव में अपनी परिचित से मिलकर कसुम्बी आ रहे थे। सांवराद के निकट कार असंतुलित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार की स्पीड इतनी थी कि पेड़ से टकराने के बाद परखच्चे उड़ गए। श्रवण, तुलसी व शिवा की मौत हो गई। जबकि अन्य को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

**जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नवनियुक्त सचिव को दी शुभकामनाएं**

# बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में लगे हार्डकोर बदमाशों के पोस्टर, पता लगते ही हटवाए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** राजस्थान में अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करने वाले बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में हिस्ट्रीशीटर और बदमाशों के नाम व फोटो लिखा पोस्टर लगा दिया गया। पता लगते ही शास्त्रीनगर थाना पुलिस रविवार को स्टेडियम पहुंची, लेकिन तब तक स्टेडियम में लगे राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के कर्मचारी ने पोस्टर हटा दिया। दरअसल, पिछले महीने ही जिला क्रिकेट एसोसिएशन डीसीए की नई कार्यकारिणी गठित की गई थी। अध्यक्ष से लेकर एसोसिएशन के सदस्य नियुक्त किए गए थे। एसोसिएशन के नवनियुक्त सचिव को शुभकामनाएं देने के वाला एक पोस्टर स्टेडियम में मुख्य गेट के




सामने लगा दिया गया। पोस्टर में सचिव के अलावा सात जनों के फोटो और उनके नाम लिखे गए। इन सात में से दो हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर बदमाश हैं। वहीं, एक अन्य युवक का भी आपराधिक रिकॉर्ड है।

बदमाशों के पोस्टर की जानकारी पुलिस अधिकारियों तक पहुंची। तुरंत ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, उससे पहले जानकारी अंदरखाने एसोसिएशन के पदाधिकारियों तक भी पहुंच गई और आरसीए के कर्मचारी ने पोस्टर उतारना शुरू कर दिया।

स्टेडियम पर पोस्टर लगा था। किसने लगाया यह जानकारी नहीं है। काफी समर्थक हैं तो किसी ने लगा दिया होगा। बाद में हटा दिया गया।
**सुखदेवसिंह देवल,** सचिव, जिला क्रिकेट एसोसिएशन जोधपुर

झालामण्ड के एक व्यक्ति ने पोस्टर लगवाया था और उस पर हिस्ट्रीशीटर और बदमाशों के फोटो लगे हुए थे।
**देवेन्द्रसिंह,** थानाधिकारी, पुलिस स्टेशन शास्त्रीनगर

**दुस्साहस:** विदेश से आकर हमारे घर में अपराध

# प्रदेश की जेलों में बंद हैं 61 विदेशी, सबसे ज्यादा 25 नेपाली

पंकज वैष्णव
patrika.com

**उदयपुर.** शहर में हाल ही एक उद्यमी परिवार के साथ हुई लूट के मामले में सामने आया कि नेपाली नौकरानी ने गैंग के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पत्रिका ने पड़ताल की तो पता चला कि विदेशी नागरिकों के प्रदेश में आकर आपराधिक वारदातें करना नई बात नहीं है। पिछले सालों की स्थिति पर नजर डालें तो कई मामले हैं, जिनमें विदेशी बदमाशों ने वारदातें की हैं। प्रदेश की विभिन्न जेलों में 61 विदेशी नागरिक बंद हैं। इनमें सर्वाधिक 25 नेपाली हैं। प्रदेश की जेलों में बंद आरोपी नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नाइजीरिया, युगांडा, केन्या, ईरान और तंजानिया के निवासी हैं। ज्यादातर बंदी कोर्ट में विचाराधीन मामलों को लेकर बंद हैं तो सात जनों को सजा हो चुकी है। विदेशी आरोपियों की सर्वाधिक संख्या जयपुर जेल में है।

### इन देशों के बंदी

| देश | आरोपी संख्या |
|---|---|
| नेपाल | 25 |
| पाकिस्तान | 10 |
| बांग्लादेश | 09 |
| नाइजीरिया | 07 |
| युगांडा | 04 |
| केन्या | 02 |
| ईरानी | 02 |
| तंजानिया | 01 |

### जेलों में ये विदेशी

| | |
|---|---|
| जयपुर जेल | 17 |
| सेंट्रल जेल दौसा | 5 |
| महिला बंदी गृह जयपुर | 10 |
| सेंट्रल जेल जोधपुर | 4 |
| सेंट्रल जेल अजमेर | 4 |
| सेंट्रल जेल बीकानेर | 9 |
| सेंटल जेल गंगानगर | 4 |
| अलवर जेल | 3 |
| कोटा सेंट्रल जेल | 1 |
| सेंट्रल जेल उदयपुर | 4 |

**नवाचार** | कोचिंग स्टूडेंट्स की मदद और सुरक्षा के लिए कोटा पुलिस ने बनाया ऐप

# 'सेव अवर सोल' का बटन दबाते ही स्टूडेंट्स तक पहुंचेगी पुलिस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** कोचिंग स्टूडेंट्स की मदद और सुरक्षा के लिए कोटा पुलिस ने एक विशेष ऐप तैयार करवाया है। इस ऐप को नाम दिया है, के-एसओएस यानी कोटा-सेव अवर सोल। इसके जरिए पुलिस स्टूडेंट्स की हर समस्या का समाधान करेगी। पुलिस का दावा है कि 'कामयाब कोटा' बनाने की दिशा में यह ऐप कारगर साबित होगा। ऐप में पैनिक बटन रहेगा, जिसे दबाते ही विद्यार्थी की मदद के लिए तत्काल कोटा पुलिस पहुंच जाएगी और उसकी काउंसलिंग कर मदद करेगी।

कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स के सुसाइड और साइबर क्राइम जैसी बच्चों से जुड़ी शिकायतों में लगातार बढ़ोतरी के बाद पुलिस ने इन पर लगाम लगाने के लिए ऐप बनाने की सोची। पुलिस उपाधीक्षक गरिमा जिंदल कहती हैं, अक्सर यह देखने में आया है कि विद्यार्थी फिजिकल व मेंटल दबाव के चलते काउंसलर, कोचिंग, हॉस्टल, माता-पिता, बहन या दोस्त से अपनी बात शेयर नहीं कर पाता और गलत कदम उठा लेता है। कई बार ऐसे मामलों में विद्यार्थी को मदद नहीं मिल पाती। ऐसे समय में कोचिंग विद्यार्थी की मदद कर सकें, इसके लिए पुलिस आगे आई है। पुलिस ने सोचा कि एक ऐसा ऐप तैयार किया जाए, जिसके जरिए कोचिंग विद्यार्थी तक आसानी से सहायता पहुंच सके। कोटा आइजी रेंज रवि दत्त गौड़ व सिटी एसपी डॉ.अमृता दुहन के निर्देशन में पुलिस ने केएसओएस ऐप तैयार करवाया है। इस ऐप से किसी विद्यार्थी का डेटा लीक नहीं होगा। इस मोबाइल ऐप को जल्द ही लॉन्च किया जाएगा।

**फॉलोअप**



प्रकाशित खबर।

### ऐसे काम करेगा ऐप

- इस ऐप को कोचिंग, हॉस्टल व अन्य माध्यमों से विद्यार्थियों के मोबाइल में डाउनलोड करवाया जाएगा।
- ऐप में इमरजेंसी पैनिक बटन रहेगा। किसी भी अप्रत्याशित या असुरक्षित हालात में पैनिक बटन का उपयोग करने से तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम और दिए गए नंबर्स पर सूचना प्रसारित होगी।
- उस स्थान की लोकेशन भी पुलिस के पास पहुंचेगी।
- पुलिस तुरंत जाकर विद्यार्थी को संभालेगी और उसकी जो भी समस्या होगी उसका समाधान करेगी।

K-SOS

### ऐप में ये हैं फीचर्स

- 24*7 पुलिस से कनेक्ट रहेगा।
- लोकेशन का ऑप्शन रहेगा।
- पुलिस तक सैकड़ों में सूचना प्रसारित होगी।
- इमरजेंसी पैनिक बटन रहेगा।
- विद्यार्थी का डेटा सुरक्षित रहेगा।
- पीड़ित की जानकारी सीक्रेट रहेगी।

वर्ल्ड यूथ स्किल डे आज

# कामयाबी की नजीर पेश करतीं युवा महिलाएं

*आज हम वर्ल्ड यूथ स्किल डे मना रहे हैं। युवाओं को उद्यमिता, रोजगार और कौशल से सुसज्जित करने के महत्त्व को पहचानने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाए जाने वाले इस दिन पर बात करते हैं, ऐसी युवा महिलाओं की जिन्होंने अलग राह चुनते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ाया और आज दूसरे युवाओं के लिए एक नजीर पेश कर रही हैं।*

## घर से ही शुरू किया बिजनेस



**स्वतंत्र** होने का साहस करो, जहां तक तुम्हारे विचार जाते हैं, वहां तक जाने का साहस करो.... इसी सोच के साथ आगे कदम बढ़ा रही हैं इंदौर की इफरा इसरार कुरैशी। 20 वर्षीय इफरा ने चार साल पहले अपना स्टार्टअप शुरू किया। इफरा उन युवाओं के लिए एक मिसाल हैं, जो सोचते हैं कि घर बैठ कर कोई काम नहीं किया जा सकता। बीबीए की पढ़ाई करने के साथ वह अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ा रही हैं।

**क्या सीखें**

*किसी भी काम की शुरुआत करने से पहले जरूरी है कि उस फील्ड के बारे में पूरी जानकारी एकत्र की जाए।*

**समय का सदुपयोग**

**कोविड** के दौरान खाली समय में उन्होंने फोन में बिजनेस आइडिया तलाशने शुरू किए। इस दौरान एक ई-कॉमर्स कम्पनी के जरिए बिजनेस का वीडियो मिला। इसके बाद इस संबंध में एकत्रित कर इससे संबंधित कोर्स किया। फिर 6000 रुपए खर्च कर घर से ही ऑनलाइन काम शुरू कर दिया। दो दोस्तों की मदद से शुरू हुआ यह बिजनेस आज सालाना चार लाख रुपए तक पहुंच गया है।

## सिखा रही हैं पैसे बनाना



यूट्यूब के जरिए करोड़ों कमाने वाली निश्चा शाह के पैसे की आदत और उसको कमाने के वीडियो आपने देखे होंगे। लंदन में अच्छी-खासी नौकरी छोड़ कर निश्चा का यूट्यूबर बनना, उन युवाओं के लिए एक संदेश है, जो जीवन में कुछ ऊंचा करना चाहते हैं। यूनाइटेड किंगडम में 1994 में जन्मी निश्चा को अपनी 9 साल की नौकरी से संतुष्टि नहीं मिली तो उन्होंने यूट्यूब की ओर रुख किया। उनकी मां भारत से और पिता युगांडा से थे। निश्चा को एक वीडियो के लिए एक लाख से लेकर 9 मिलियन व्यूज तक मिलते हैं। नौकरी छोड़ने से पहले उन्होंने 9 माह के लिए इंमरजेंसी फंड बनाया।

**किया संघर्ष**

**निशा** के लिए नौकरी छोड़ कर यूट्यूबर बनना एक चैलेंज था। 2021 में चैनल की शुरुआत के बाद पहले 1000 ग्राहकों के लिए उन्हें 11 महीने का इंतजार करना पड़ा, लेकिन 2022 में उनके एक वायरल वीडियो से उनके 50 हजार ग्राहक हो गए।

***क्या सीखें:*** बनाएं इमरजेंसी फंड। जिससे संघर्ष के समय आपको आर्थिक परेशानी न हो।

## बनीं फैशन कंटेंट क्रिएटर



सिविल सर्विस की नौकरी छोड़कर मेकअप की दुनिया में अपना वर्चस्व साबित कर रही हैं, जयपुर की यशी टांक। 26 वर्षीय यशी ने 2016 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया। वह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, फैशन ब्लॉगर, कंटेंट क्रिएटर हैं। उनके वीडियो के लिए 50 मिलियन तक व्यूज मिलते हैं। सिविल सर्विस जैसी स्थाई नौकरी छोड़ने के बाद अपने आप को साबित करना यशी के लिए चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने सबसे पहले मेकअप और फैशन से संबंधित टिकटॉक वीडियो और इंस्टाग्राम रील्स बनानी शुरू की। इसके बाद वह कंटेंट क्रिएटर बनीं।


**खुद का ब्रांड**

**भले** ही यशी आज कामयाब हैं, लेकिन उनके माता-पिता को मनाना उनके लिए काफी मुश्किल था। उनके पेरेन्ट्स, उन्हें सिविल सर्विस में देखना चाहते थे। इससे अलग कॅरियर चुनने के लिए यशी ने पहले खुद को तैयार किया। आज उनका खुद का फैशन ब्रांड है।

***क्या सीखें:*** लक्ष्य के लिए बनाएं रणनीति

ब्यूटी टिप्स

## बालों के लिए पोषण का खजाना मेथी दाना



शहनाज हुसैन

मेथी दाने में आयरन, जिंक, फॉलिक एसिड, विटामिन ए, के और सी तथा हैल्दी फैट पाए जाते हैं, जो बालों को कम्पलीट न्यूट्रिशियन देते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटी फंगल और एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व बालों को लम्बा, घना और मुलायम बनाते हैं। जानते हैं मेथी दाना से बालों का पोषण कैसे कर सकते हैं...



- **आधा कप** नारियल के तेल में 2 चम्मच मेथी के दाने डालकर तब तक पकाएं जब तक मेथी दान लाल न हो जाए। ठंडा होने के बाद सिर की मसाज करें। इससे स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा।
- **मेथी** दाना को रातभर पानी में भिगो कर ब्लेंडर में पीसकर बारीक पेस्ट बना लें। इसे स्कैल्प और बालों में लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें और फिर बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो लें।
- **दो तीन चम्मच** मेथी को दूध या पानी में भिगो कर रात भर रखें। सुबह इनका पेस्ट बना कर बालों में लगा लें और एक घंटे बाद गुनगुने पानी से धो लें। इससे बाल मजबूत होंगे और उनमें शाइन आएगी।
- **दो** चम्मच मेथी दाने को एक कप पानी में रातभर के लिए भिगा कर उबाल लें। ठण्डा होने के बाद मेथी दाने को ब्लेंडर में पीस कर इसका पेस्ट बना लें। मेथी दाना के बचे हुए पानी में थोड़ी सी गुड़हल की पत्तियां और फूल डालकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को स्कैल्प पर लगाकर लगाएं।

पत्रिका शी न्यूज़

आप पत्रिका शी न्यूज फेसबुक पेज के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews



एमजेएसए 2.0 : मनरेगा के तहत तैयार हो रहे जल संग्रहण के 361 ढांचे

# जल संरक्षण की मुहिम से सहेजेंगे एक करोड़ लीटर बरसात का जल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



जल संरक्षण के लिए बना कुण्ड।

**बीकानेर.** बरसाती जल की एक-एक बूंद का संग्रहण और संरक्षण आज की महत्ती आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। जिले में इसके माध्यम से मनरेगा योजना के जल संरक्षण के प्रयास चल रहे हैं।

### 204 कार्य प्रगति पर

जिला कलक्टर और मनरेगा जिला कार्यक्रम समन्वयक नम्रता वृष्णि ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के फेज-1 के अन्तर्गत मनरेगा में जल संरक्षण के आधारभूत ढांचे तैयार हो रहे हैं। अब तक यह बरसाती जल को सहेजने में कारगर साबित हुए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को जल आत्मनिर्भर बनाना है। अभियान 2.0 के तहत जिले के चयनित 25 गांवों में मनरेगा के तहत जल संरक्षण के 361 कार्यो के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन सभी की स्वीकृति जारी कर दी गई।

अब तक इनमें से 157 कार्य पूर्ण हो गए और 204 कार्य प्रगतिरत हैं। इस वर्ष अब तक बारिश से सभी पूर्ण ढांचों में पर्याप्त वर्षा जल आ चुका है। उन्होंने बताया कि एमजेएसए. 2.0 के प्रथम फेज में चयनित ग्राम पंचायतों में लगभग 10 करोड़ 12 लाख के कार्य स्वीकृत किए हैं। इनमें 157 पूर्ण कार्यों पर 4 करोड़ 19 लाख रुपए व्यय हुए हैं। सीईओ जिला परिषद सोहन लाल ने बताया कि मनरेगा के स्वीकृत कार्यों में बड़ी संख्या में जलकुंड बनाए गए हैं। चयनित गांवों में लगभग एक करोड़ लीटर बरसाती जल का संरक्षण करेंगे।

बिजली के झूलते तारों से खाटू नगरी के हाल बेहाल

# बस में उलझकर टूटे बिजली के तार, चालक की मौत

पत्रिका बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com







शनि मंदिर के पास झूलते बिजली के तार व रास्ते पर लगा बिजली का पोल।

**खाटूश्यामजी.** श्यामनगरी में प्रशासन की लापरवाही के चलते एक युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। श्यामभक्तों से भरी बस के चालक की बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई।

मामले के अनुसार राजसमंद से श्याम संघ को लेकर एक स्लीपर बस शनि मंदिर के रास्ते से होकर गुजरी। यहां झूल रहे बिजली के तार बस के संपर्क में आने से टूटकर बस पर गिर गया। बस का चालक ईश्वरलाल (37) नीचे उतरा। बारिश के चलते सड़क भी गीली थी। चालक करंट के संपर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। बस में बैंठे श्याम भक्त घायल को कस्बे के राजकीय उप जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा सूचना परिजनों को दी। परिजनों के अस्पताल पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम का शव सौंप दिया।

### भारी वाहनों के आने-जाने का एकमात्र रास्ता

कस्बे में एमपी, उदयपुर, अजमेर, रेनवाल आने-जाने के लिए भारी वाहनों के लिए शनि मंदिर का एकमात्र रास्ता है। इस मार्ग से प्रवेश करने वाले भारी वाहन अस्पताल चौराहा से मंढा चौराहा से होकर गुजरते है। जबकि यह श्रद्धालुओं के आवागम का रास्ता है। शनिवार, रविवार , एकादशी व द्वादशी के दिन इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। भीड़ के बीच से ही सभी प्रकार के वाहन गुजरते है। वाहनों के जमावाड़े के कारण इस मार्ग पर रोजाना जाम की स्थिति रहती है। शनि मंदिर से खटीकान मोहल्ला बिजली ग्रिड के रास्ते पर कुछ रास्ते पर रुकावटों को प्रशासन दूर कर दे तो अजमेर रेनवाल की ओर जाने वाले बड़े व भारी वाहन आसानी से आ-जा सकते है।

**झूलते तार बन रहे है हादसे का कारण :** कस्बे के मुख्य मार्गो पर बीच सड़क पर हाइटेंशन लाइन और कई जगह घरेलू बिजली के पोल लगे हुए है। इसमें बिजली निगम से लेकर पालिका की ओर से लगाई गई रोड लाइट के तार शामिल है। आए दिन वाहन चालकों की ओर से सड़क पर लगे पोल को तोड़ने की घटनाए सामने आती रहती है। प्रशासन भी केवल मार्च में भरने वाले मेले पर ही विशेष ध्यान देता है।

**पत्रिका ने चेताया था :** इधर श्याम नगरी की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार बेखबर हैं। झूलते तारों की समस्या को लेकर राजस्थान पत्रिका ने दो जून को प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर प्रशासन को चेताया था।

# शहीद स्मारक में दादा के साथ लगेगी पोते की मूर्ति



शहीद रोहिताश्व

**गुढ़ागौड़जी @ पत्रिका.** झुंझुनूं जिले के पोषाना में मुख्य बस स्टैंड पर बने शहीद स्मारक में लगी पांच मूर्तिया युवाओं के जोश को देश सेवा के लिए बढ़ाती है। लेकिन अब पोषाना में 5 नहीं, 6 शहीदों की मूर्तियां लगेगी। पोषाना के लाल शहीद रोहिताश्व खैरवा की मूर्ति का अनावरण सोमवार को होगा। शहीद स्मारक में अमर शहीद रोहिताश्व खैरवा के साथ ही उनके दादा बालाराम की मूर्ति भी लगी है। रोहिताश्व का जन्म पोषाना में जुलाई 1987 में हुआ था। पिता का नाम विद्याधर सिंह और माता का नाम चुकी देवी है। रोहिताश्व के दो भाई और एक बहन हैं। वीरांगना सुभीता देवी और बेटी रितिका सात वर्ष की है।

रोहिताश्व खैरवा 2008 में आर्मी के एक्स ग्रुफ में एवीसन कोर में आसाम के डिजाग में तैनात थे। 21 अक्टूबर 2022को हेलीकॉप्टर क्रैश के दौरान रोहिताश्व वीरगति को प्राप्त हो गए। 24 अक्टूबर को रोहिताश्व का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पोषाना पहुंचा। जहाँ सैन्य सम्मान के साथ अंतयेष्टि की गई।

# नदी में पलटा ट्रक, खलासी की मौत



**आबूरोड.** छापरी के पास नदी में पलटा ट्रक।

**आबूरोड @ पत्रिका.** आबूरोड-अम्बाजी मार्ग पर लोहे की पट्टियां ले जा रहा ट्रक छापरी के पास करीब 12 फीट नीचे नदी में जाकर पलट गया। दुर्घटना में खलासी की मौत हो गई। वहीं चालक गम्भीर घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल भेजकर उपचार करवाया गया। रीको पुलिस ने जेसीबी की मदद से खलासी के शव को बाहर निकलवाकर मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के अनुसार मृतक के भतीजे ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके चाचा हिम्मतनगर निवासी कालूसिंह व ट्रक चालक हिम्मतनगर निवासी बहादुर ट्रक में लोहे की पट्टियां लेकर हिम्मतनगर से जोधपुर जा रहे थे। इसी दौरान छापरी से आगे ढलाने पर लोहे की पट्टियां केबिन को तोड़ते हुए आगे आ गई और ट्रक नदी में पलट गया। कालूसिंह की ट्रक के नीचे दबने से मौत हो गई। वहीं चालक बहादुर को भी चोटें आई।

## कार और पिकअप में आमने-सामने की भिड़ंत, छह घायल

**श्रीकोलायत @ पत्रिका.** राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर राणेरी बस स्टैण्ड पर कार व पिकअप गाड़ी की भिड़ंत में छह जने गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से बीकानेर के पीबीएम अस्पताल भेजा गया। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। एसएचओ लखवीर सिंह ने बताया कि कार में सवार छह लोग फलोदी की तरफ से बीकानेर की तरफ आ रहे थे। ये सभी नया गांव के बताए जा रहे हैं और पिकअप गाड़ी फलोदी की तरफ जा रही थी। दोनों वाहन की आमने सामने भीषण टक्कर हो गई।

## घर में करंट दौड़ने से युवक की मौत



**आबूरोड @ पत्रिका.** चनार गांव में 11 केवी बिजली के तार टूटकर अन्य बिजली की लाइन पर गिरने से एक मकान में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक को गम्भीर अवस्था में ग्लोबल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार, 11 केवी बिजली के तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गए। इससे कालूराम प्रजापत (35) के घर में करंट दौड़ने से गम्भीर रूप से झुलसकर मौत हो गई। कई अन्य घरों में भी करंट दौड़ने से घरों के बिजली उपकरण जल गए। मृतक के परिवार में चार छोटे बच्चे, पत्नी व वृद्ध मां है। पूरे मामले में ग्रामीण डिस्कॉम पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। सदर पुलिस ने बताया कि चनार गांव में एक घर में युवक की करंट लगने से मौत हो गई है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत



**बाली @ पत्रिका.** थाना क्षेत्र के बीजापुर राता महावीर मार्ग पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। थाना प्रभारी परबत सिंह भाटी ने बताया कि बीजापुर निवासी गणेश राम पुत्र मोहनलाल मीणा ने रिपोर्ट दी की उसका भाई हीराराम (30) मोटरसाइकिल से खेत जा रहा था। तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक गोविंद पुत्र रतनलाल कीर ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया, जिससे हीराराम की मौके पर मृत्यु हो गई। ग्रामीण मौके पर जमा हो गए तथा शव रखकर बैठ गए। माहौल गर्माता देख मौके पर पुलिस बल तैनात किया। फालना, बाली, सुमेरपुर, रानी, नाना थाना प्रभारी जाप्ते के साथ मौके पहुंचे। शाम तक पुलिस व प्रशासन अधिकारियों ने समझाइश की। बाद में ट्रैक्टर चालक को दस्तयाब किया गया व मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया।

नकली घी पकड़ा, 26 किलो जब्त, डेयरी सीज

# फूड इंस्पेक्टर को धमकी, डेयरी सीज मत करना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com







डेयरी पर कार्रवाई के दौरान मौजूद टीम के सदस्य एवं लोग।

**बीकानेर .** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक निजी डेयरी से नकली घी जब्त कर सीज कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने घी के सैंपल भी भरे हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, पार्षद प्रतिनिधि श्याम सिंह हाड़ला ने जिला कलक्टर से सुभाषपुरा स्थित एक डेयरी में घटिया किस्म का घी ऑफर का लालच देकर बेचने की शिकायत की थी। कलक्टर के निर्देश पर फूड इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार व श्रवण कुमार वर्मा की टीम ने सुभाषपुरा स्थित डेयरी में दबिश की। फूड इंसपेक्टर श्रवण कुमार ने बताया कि डेयरी पर मौके पर मौजूद कर्मचारी भाग छूटा। डेयरी मालिक से बात करने की कोशिश की, तो फोन काट दिया गया। मुश्किल से बात हुई, तो फूड इंस्पेक्टर को धमकाया। कहा- दुकान सीज मत करना।

टीम ने 26 किलो घी जब्त कर सैंपल भरे हैं। तीन घंटे तक कोई नहीं आया, तो प्रतिष्ठान सीज करना पड़ा। रामपुरा व पंजाबगिरान मोहल्ला में भी डेयरी के प्रतिष्ठान हैं। लेकिन टीम वहां पहुंची, तब तक कर्मचारी ताले लगाकर भाग गए।

### इस कारण हुआ शक

श्रवण कुमार के अनुसार यह डेयरी 6 दिन पहले ही खुली है। मालिक ने पंपलेट बंटवाए, जिनमें 700 रुपए प्रति किलो एमआरपी लिखकर एक किलो के साथ एक किलो घी फ्री लिखा है। श्याम सिंह को इसी ऑफर की वजह से शक हुआ कि आखिर 350 में एक किलो घी कोई कैसे दे सकता है।

### आधार कार्ड भी फर्जी

फूड इंसपेक्टर श्रवण कुमार ने बताया कि डेयरी के मालिक का आधार कार्ड मिला, लेकिन वह फर्जी है। आधार कार्ड पर नाम लिखा है, विपिन मगर आधार नंबर चेक करने पर उसमें नाम हरीश आ रहा है। इससे बड़े घोटाले की आशंका प्रतीत हो रही है। बता दें कि आरोपी डेयरी घी के अलावा पनीर, मटर, दूध, दही व रसगुल्ले भी बेच रही है, उसमें भी ऑफर दिए गए हैं।

## आज का राशिफल सोमवार, 15 जुलाई 2024

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* मन चाहा जीवन साथी मिलने से प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बार बार हो रहे नुकसान से चिंतित रहेंगे। विवाद से हानि संभव है। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* नए लोगों से संपर्क आगे बढ़ने में मददगार साबित होगा। वाहन सुख मिलेगा। घर परिवार की चिंता रहेगी। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* परिवार के लोगों की नासमझी की वजह से क्रोधित होंगे। राजनीतीज्ञ नाम कमाने के लिए अधिक मेहनत करना होगी। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* मन में प्रसन्नता रहेगी। समय पर कार्य होने से आत्मविश्वास बढेगा। पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे* आजीविका के साधनों में वृद्धि होगी। नए वस्त्रों की प्राप्ति सम्भव है। मेहनत का फल न मिलने से क्रोध व दु:ख होगा। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* जीवन साथी से मतभेद होगा। आय के नए स्रोत हाथ आएंगे। संतों का सान्निध्य प्राप्त होगा। शरीर कष्ट रह सकता है। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* कार्य की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति से खुश होंगे। राजकीय कोप का सामना कर पड़ सकता है। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* आप की भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। धर्म से जुडी यात्रा सफल रहेगी। विवेक से कार्य करें। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* परिवार में किसी समारोह की रुपरेखा बनेगी। बड़े खर्च सामने आएंगे। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* व्यावसायिक बकाया वसूली होगी। अस्वस्थता रहेगी। संतान के विवाह की चिंता बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* व्यापार में नई योजनाएं बनेंगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। शत्रु अवरोध पैदा करने की कोशिश करेंगे। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* आज आप की धार्मिक आस्था बढ़ेगी। भवन के निर्माण में आ रही प्रशासनिक बाधा दूर होगी। निवेश मनोनुकूल रहेंगे। |

**ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास,** पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | मुहर्रम-08 | मास: | आषाढ़ |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

**आज का दिन**

**सोमवार, 15 जुलाई, 2024**

**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**





**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से प्रात: 07-28 तक अमृत, प्रात: 09-09 से पूर्वाह्न 10-51 तक शुभ तथा दोपहर बाद 02-14 से सूर्यास्त तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-05 से दोपहर 12-59 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकायरम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** नवमी रिक्ता संज्ञक तिथि सायं 07-20 तक, तदन्तर दशमी पूर्णा संज्ञक तिथि है। नवमी तिथि में शुभ व मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं, पर आज भड़ल्या नवमी का स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है। जिसमें सभी आवश्यक शुभ व मांगलिक कार्य शुभ होते हैं।

**नक्षत्र:** स्वाति ''चर व तिर्ङ्यमुख'' संज्ञक नक्षत्र रात्रि 12-30 तक, तदन्तर विशाखा ''मिश्र व अधोमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। स्वाति नक्षत्र में सभी शुभ व मांगलिक कार्य, विवाह, वस्त्र, अलंकार, वास्तु, देवालय आदि से सम्बन्धित कार्य करने योग्य हैं।

**योग:** सिद्ध नामक नैसर्गिक शुभ योग प्रात: 07-00 बजे तक, तदुपरान्त साध्य नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**विशिष्ट योग:** रवियोग नामक दोष समूह नाशक शुभ योग सम्पूर्ण दिवारात्रि तथा यमघंट नामक अत्यन्त अशुभ योग रात्रि 12-30 से सूर्योदय तक है।

**करण:** बालव नामक करण प्रात: 06-23 तक तदन्तर कौलव व तैतिलादि करण क्रमश: हैं।

**व्रतोत्सव:** आज भड़ल्या नवमी का स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है। गुप्त नवरात्र समाप्त, श्री हरि जयन्ती, मेला शरीक भवानी (कश्मीर)।

**चंद्रमा :** चंद्रमा तुला राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज भड़ल्या नवमी का स्वयंसिद्ध अबूझ मुहूर्त है। जिसमें सभी आवश्यक शुभ व मांगलिक कार्यों के शुभ मुहूर्त हैं। वैसे स्वाति नक्षत्र में विवाह व शल्य चिकित्सा आदि के शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** सोमवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 7-30 बजे से प्रात: 9-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे**-आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (रे, रो, ता, ति) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि तुला है। तुला राशि के स्वामी शुक्र हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक कुशल-व्यापारी, कर्मचारी, प्रशासक और अधिकारी, समझदार, शीतल-स्वभाव, सर्वप्रिय, व्यवहार-कुशल, माननीय और परोपकारी होते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु के बाद होता है। तुला राशि वाले जातक अपने कार्यक्षेत्र में नवीन परिवर्तन लाने में सफल होंगे। सन्तान पक्ष की प्रगति होगी। नवीन वस्त्राभूषण, फैन्सी वस्तुओं की आवश्यकता पूर्ण होगी।

## पेज एक से जारी

# संकल्पों का समय

आप चाहो तो सरकार को कोसते रहो, गालियां देते रहो, श्राप दे दो, ये कलियुग के देवता सुधरने वाले नहीं हैं। जब बड़े से बड़ा कोर्ट इनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया, सरकारें क्या कर लेंगी? प्रश्न यह है क्या सब कुछ ऐसा ही चलता रहेगा अथवा जनता भी अपनी चूड़ियां उतारने का सोचेगी? जनहित के मुद्दों की रखवाली तो अब इन स्वामी-विरोधी सेवकों के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए। चारों ओर शहर बर्बाद हैं- चारदीवारी का सत्यानाश भाजपा की वसुंधरा सरकार कर गई थी। उसको मेट्रो से ज्यादा लाड़ था। उसने शहर में भूमिगत नहरें चलती नहीं देखी। मेट्रो विस्तार के दौर में सारे भूमिगत सिस्टम - छोटी, बड़ी चौपड़ के फव्वारे तोड़ दिए। पुरातत्व को ठेंगा दिखा गई। विश्व के सभी देशों में मैट्रो चालू है, किन्तु सत्ता का इतना नंगा नाच कहीं नहीं देखा। विकास की यह परिभाषा घर फूंक तमाशा देखने की ही कही जाएगी।

जलमहल, रामगढ़ और द्रव्यवती का कोई इतिहास पढ़े, फिर इनकी बाबर जैसी करतूतें देखें। विकास की इनकी परिभाषा ने शहर के सारे नाले ढंक दिए, नीचे से जमीन पक्की कर डाली, शहर की गलियों में सड़कें, दरवाजों से एक-एक मीटर ऊंची हो गई। पर्यटन के नाम पर शराब का नया अवतार पैदा हो गया। उधर पिछले पांच साल में कांग्रेस की गहलोत सरकार के कार्यकाल में जो अवैध बसावट जयपुर तथा अन्य शहरों के चारों ओर हुई, जितने घुसपैठिए जयपुर में आए, उनके आधार कार्ड - अवैध वोटर कार्ड - राशन कार्ड और जमीनों के पट्टे तक जारी हुए। फर्जी-कागजी संस्थाओं को स्वीकृतियां दी गई, हाथ दुखने लग जाएंगे लिखते-लिखते। क्या-क्या कानून पास कर गए!

बड़ा मूल प्रश्न! आने वाली पीढ़ियों को क्या मिलेगा? क्या वर्तमान पीढ़ी इसी तरह नर्क में जीवन गुजारती रहेगी? नहीं! अभी तो देश में युवाओं की ताकत भी बढ़ी है और सामाजिक संगठनों की संख्या भी समय के साथ बढ़ी है। रोटरी, लायंस, महावीर इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं भी हैं और विभिन्न समाजों और समुदायों के सामाजिक संगठन भी कार्यरत हैं। उन्हें समय की आवश्यकता के अनुसार अपनी कार्यशैली में भी परिवर्तन कर लेना चाहिए। उनको तत्कालीन परिस्थितियों में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

अभी बरसात में सड़कें टूट रहीं हैं, पानी भरा है, पीने के पानी की किल्लत है। बरसात से पहले जो बाढ़ राहत के बजट बने उनका क्या उपयोग हुआ, किस अधिकारी की ड्यूटी किस क्षेत्र में लगी- हमें देखना होगा। क्षेत्रवार हमें जनता के लिए उतरना पड़ेगा। अधिकारियों पर सामूहिक दबाव बनाना चाहिए। हर सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में सूचना के अधिकार का प्रयोग करे। जनप्रतिनिधि की जनविरोधी गतिविधियों का पीछा करें। हमें भी सूचना दे सकते हैं। लोकतंत्र की परिभाषा में 'जनता के लिए' और 'जनता के द्वारा' भी सम्मलित हैं। इसका अर्थ वोट डालने तक ही सीमित नहीं है। पूरे पांच साल जागरूक रहकर इन्हें काम में लगाए रखना है। अगले चुनाव में हमारे पास आने के लिए सोचना पड़ेगा। आज तो लूटते भी हैं- गुर्राते भी हैं।

अब युवा-आंदोलन जैसे संकल्पों का समय आ गया है। इसके बिना सुधार के मार्ग लगभग बंद हो चुके हैं। नगर निगम- नगर परिषद, जेडीए- नगर विकास न्यास जैसी संस्थाओं के अधिकारी भी स्वयं आगे होकर अतिक्रमण करवाते हैं। चौथ वसूली करते हैं। पुलिस जगह-जगह ट्रेफिक रोककर वसूली करती है। खाद्य निरीक्षक-फैक्ट्री निरीक्षक जैसे इंस्पेक्टर राज के सपूत भी खूब आने लगे हैं। आप सारी बातचीत को फोन पर रिकार्ड कर सकते हो। संस्थान में सीसीटीवी लगा सकते हो। एक अभियान या जनआंदोलन के रूप में कमर कसनी चाहिए। जातियों- धर्म-समुदायों से ऊपर उठकर, एकजुट होकर युवा निकल पड़ें, तभी कुछ माहौल सुधर पाएगा। भय बिन होत न प्रीत।

एक और बड़ा कार्य करना है। सारे कार्यों की रिपोर्ट में नेताओं-अधिकारियों के नाम भी सार्वजनिक होने चाहिए। चूंकि कोर्ट के आदेश नामजद नहीं होते तो कार्रवाई किसके विरुद्ध की जाए। गहलोत सरकार ने आदेश जारी किए थे कि हर आदेश पर अधिकारी (हस्ताक्षरकर्ता) का नाम होना चाहिए। फिर कोर्ट आदेश भी उसी अधिकारी के नाम क्यों नहीं हो। न्यायाधीश भी इस विध्वंसकारी हालात के साक्षी तो रहना चाहते हैं तो सुधारक नहीं कहला सकेंगे।

हर सामाजिक संस्था को क्षेत्रवार, विभाग के कार्यों के अनुसार कार्यशैली पर विचार करना चाहिए। सामूहिक कार्य हो सके, सभी एक नई संस्था के रूप में समितियां बनाकर सरकारों -जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों की भ्रष्ट, नकारा कार्यशैली का पीछा करे- छाया केबिनेट की तरह। सारा जनसमुदाय आपके साथ जुट जाएगा। विभिन्न संस्थाओं में अनुभवी वकील गण भी होते हैं। जब कोर्ट में किसी आदेश की पालना सरकार 4-6 माह में भी नहीं करें तो वकील, अधिकारी विशेष के खिलाफ नामजद कोर्ट की अवमानना याचिका लगा सकते हैं। कई रिटायर्ड, वरिष्ठ अधिकारी भी व्यक्तिगत रूप से अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

राजस्थान के किसान, व्यापारी, पशुपालक, युवा सभी वर्ग खुशहाल हो सकेंगे। कृष्ण के उद्घोष को याद कीजिए- वे सबके भीतर बैठे हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।। गीता 4/7

## 3.2 अरब बैरल तेल भंडार वाला नया कुआं मिला

**काहिरा @ पत्रिका.** कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (केपीसी) ने रविवार को कहा कि उसने कुवैती द्वीप फेलाका के पूर्व में अल-नोखाथा क्षेत्र में तेल के एक 'विशाल' कुएं की खोज की है। इसमें 3.2 अरब बैरल तेल भंडार का अनुमान है। केपीसी के सीईओ शेख नवाफ सऊद नासिर अल-सबाह ने एक वीडियो में कहा कि नया तेल भंडार देश के तीन वर्षों में पूरे उत्पादन के बराबर हैं।

**महंगाई की मार:** टमाटर 100 रुपए किलो के पार

# रसोई का बिगड़ा बजट, खाद्य पदार्थ चौगुने तक हुए महंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** गांव से लेकर शहरों तक खाद्य पदार्थों की महंगाई में बेतहाशा इजाफा हुआ है। इससे लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित हो रही है और रसोई का बजट बिगड़ गया है। हालात यह हैं कि फसल के सीजन में भी खाद्य वस्तुओं के दाम कम नहीं हो रहे हैं।

वर्ष 2024 की पहली छमाही की 2023 की पहली छमाही से तुलना करें तो खुदरा महंगाई दर पर आधारित मुद्रास्फीति में शामिल 10 खाद्य वस्तुओं के दाम दोगुना से चार गुना तक बढ़ गए हैं। जुलाई-अगस्त में अक्सर बारिश के कारण सप्लाई प्रभावित होने से सब्जियों-फलों की कीमतों में इजाफा देखने को मिलता है, लेकिन इस बार बारिश शुरू होने से पहले ही इनके दाम में भारी उछाल देखने को मिला है। टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों ने पिछले कुछ समय से लोगों की आंखों से आंसू निकाल दिए हैं। पहले तेज गर्मी और उसके बाद बारिश के चलते इन सब्जियों के भाव तेजी से ऊपर गए हैं।

**सब्जियों के दाम 7वें आसमान पर**

| सब्जी | खुदरा भाव |
|---|---|
| टमाटर | 100-120 |
| आलू | 40-50 |
| प्याज | 50-60 |
| गोभी | 140-160 |
| शिमला मिर्च | 110-120 |
| तोरई | 60-80 |
| बैंगन | 70-80 |
| लौकी | 60-80 |

*(प्रति किलो औसत भाव रुपए में)*

***टमाटर 'लाल'...*** अधिकतर शहरों में टमाटर के दाम 100 रुपए प्रति किलोग्राम से ज्यादा हो गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक, बेंगलूरु, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा में फसल खराब होने के चलते टमाटर की सप्लाई कम हो गई है, जबकि डिमांड तेज है। इसकी वजह से थोक बाजारों में टमाटर 70 से 80 रुपए प्रति किलो और खुदरा बाजार में 100 से 120 रुपए किलो तक बिक रहा है।

**कब घटेंगी कीमतें?**

**केंद्र** सरकार ने उम्मीद जताई है कि जल्द इन सब्जियों के दाम नीचे आने लगेंगे। दक्षिण भारतीय राज्यों से जल्द आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में 15 अगस्त तक टमाटर, प्याज और आलू के दाम नीचे आएंगे और लोगों को राहत मिल सकेगी। सितंबर में प्याज की नई फसल आने के साथ रेट काफी कम हो जाएंगे।

**जून में न्यू फंड ऑफर्स की बौछार:** सेक्टोरल एनएफओ में आया सबसे अधिक निवेश

# एनएफओ लॉन्चिंग का टूटेगा रेकॉर्ड! इक्विटी श्रेणी में ₹14,370 करोड़ निवेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** नई म्यूचुअल फंड स्कीम पर निवेशकों का जबरदस्त भरोसा देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार में शानदार तेजी की वजह से एक के बाद एक नए फंड ऑफर (एनएफओ) म्यूचुअल फंड कंपनियां ला रही हैं। निवेशकों से भी एनएफओ को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। यही वजह है कि जून 2024 में इक्विटी एनफओ में निवेश 14,370 करोड़ रुपए के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जून में 11 नए इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम लॉन्च हुए। पिछले 5 साल में जून, 2024 पहला महीना है जब 10 से ज्यादा एक्टिव इक्विटी एनएफओ लॉन्च हुए।

इस दौरान थीम पर आधारित एनएफओ में इजाफा हुआ है, जो सबसे ज्यादा जोखिम वाली श्रेणी है। इसी वजह से निवेश सलाहकार सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। वैल्यू रिसर्च के सीईओ धीरेंद्र कुमार ने कहा, फंड हाउस के लिए पुरानी योजनाओं के बजाय एनएफओ से पैसा जुटाने का रास्ता आसान है, क्योंकि एनएफओ में निवेशकों के पास स्कीम का पिछला प्रदर्शन देखने का मौका नहीं होता। इसलिए जब शेयर बाजार चढ़त पर होता है तो एनएफओ की संख्या भी बढ़ जाती है। नए ऑफर अक्सर बहुत जोखिम वाली थीमों पर आधारित होते हैं।

***11 एक्टिव न्यू फंड ऑफर लॉन्च हुए इक्विटी सेगमेंट में जून 2024 में,*** 35 इक्विटी एनएफओ आए पिछले दो महीने में एक्टिव और पैसिव श्रेणी में

**साल-दर-साल इतने इक्विटी एनएफओ आए**

| वर्ष | एक्टिव | पैसिव | ईटीएफ | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 2021 | 31 | 61 | 25 | 117 |
| 2022 | 27 | 130 | 22 | 179 |
| 2023 | 51 | 90 | 27 | 168 |
| 2024* | 34 | 57 | 35 | 126 |

*(*14 जुलाई तक के आंकड़े)*



***खूब लॉन्च हो रहे ईटीएफ...*** बेंचमार्क इंडेक्स के मुकाबले अधिकतर एक्टिव फंड्स के कमजोर प्रदर्शन के कारण पैसिव फंड्स की तरफ निवेशक आकर्षित हुए हैं, जिससे ईटीएफ की लॉन्चिंग काफी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस साल एनएफओ का रेकॉर्ड टूट सकता है।

**थीमेटिक फंड में सबसे ज्यादा आया निवेश...**

**एनएफओ** में सबसे ज्यादा निवेश हाई-रिस्क कैटेगरी जैसे थीमेटिक में हो रहा है। पराग पारेख के सीईओ नील पारेख ने कहा, नए एनएफओ की संख्या विशेषकर थीमैटिक फंड्स में इजाफा होना काफी डरावना है। निवेशकों को सावधान रहने की जरूरत है। निवेश सलाहकार कार्तिक झवेरी का कहना है कि थीमैटिक और सेक्टोरल फंड हर किसी के लिए नहीं हैं। ये फंड कुछ सेक्टर या थीम पर उम्मीदें टिकाए रखते हैं। इनमें निवेशक सतर्क रहकर ही निवेश करें।

**निवेशक क्या करें**

- निवेश सलाहकार निवेशकों को एनएफओ में निवेश से बचने की सलाह देते हैं, उनका कहना है कि कोई एनएफओ अगर यूनीक बिजनेस मॉडल पर आधारित है तो ही उसमें निवेश करें।
- अगर आप एनएफओ और उसके फंड मैनेजर की इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटेजी से प्रभावित हैं और आपको बेहतर रिटर्न की गुंजाइश नजर आ रही है, तो निवेश पर विचार कर सकते हैं।
- चूंकि न्यू फंड ऑफर के जरिए लॉन्च स्कीम का कोई पिछला परफॉर्मेंस रेकॉर्ड उपलब्ध नहीं होता, इसलिए यह अनुमान लगाना मुश्किल होता है कि भविष्य में उसका प्रदर्शन कैसा रहेगा।
- अगर किसी एक्टिव फंड के एनएफओ में निवेश करने की सोच रहे हैं तो उसके फंड मैनेजर के पिछले प्रदर्शन के बारे में जरूर पता करें।

***थीमेटिक फंड में सबसे ज्यादा जोखिम...*** **निवेश सलाहकार** विजय मंत्री ने कहा, सेक्टोरल और थीमैटिक फंड साइक्लिकल होते हैं। इस वजह से इनके रिटर्न में ज्यादा उठापटक होती है। इन फंड्स में लोगों की रुचि की वजह अधिक रिटर्न है, लेकिन इनमें जोखिम भी सबसे अधिक है।

**बजट से उम्मीदें:** केंद्र सरकार किसानों को राहत देने के लिए बढ़ा सकती है कृषि सब्सिडी

# किसानों को सौगात! बढ़ सकती है केसीसी लिमिट

***नई दिल्ली @ पत्रिका.*** *आम बजट के जरिए केंद्र सरकार इस बार किसानों के लिए खजाना खोल सकती है। माना जा रहा है कि सरकार किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने से लेकर कृषि उपकरणों पर सब्सिडी बढ़ाए जाने समेत कई रियायतें देने का भी ऐलान कर सकती है। किसान सम्मान निधि से जुड़े धनराशि को भी बढ़ाए जाने की पूरी संभावना है। पार्टी से जुड़े संगठन और केंद्र सरकार को समर्थन दे रहे राजनीतिक दल भी चाहते हैं कि सरकार किसानों के हित में बड़े फैसले ले, जिससे देशभर में किसानों के बीच स्पष्ट संदेश जाए कि सरकार खेती-किसानी को लेकर गंभीरता से काम कर रही है।*

**किसानों के हित में बजट में ये ऐलान संभव**

***किसान सम्मान निधि...*** किसान संगठनों ने किसान सम्मान निधि को बढ़ाने की मांग की है। सरकार ने वर्ष 2018-19 में किसानों को 6,000 रुपए सालाना देने का प्रावधान किया, उसके बाद से लगातार महंगाई बढ़ी हैं और किसानों की लागत भी। इसे देखते हुए सम्मान निधि का राशि को बढ़ाकर 10-12 हजार रुपए सालाना कर देना चाहिए। सरकार इस निधि को बढ़ाकर सालाना 8,000 रुपए कर सकती है।

***किसान क्रेडिट कार्ड...*** अभी किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर 3 लाख रुपए का एग्रीकल्चर लोन सालाना 7% ब्याज दर पर किसानो को मिल रहा है, जिसमें 3% की सब्सिडी सरकार देती है। यानी किसानों को यह ऋण सालाना 4% ब्याज दर पर मिलता है। महंगाई बढ़ने के साथ कृषि लागत में हुए इजाफे को देखते हुए सरकार 3 लाख की लिमिट को बढ़ाकर 4 से 5 लाख रुपए कर सकती है।

आम बजट 2024-25

***सोलर पंप...*** देशभर में किसानों को सिंचाई के लिए केंद्र सरकार सब्सिडी पर सोलर पंप मुहैया करा रही है। अलग-अलग किलोवॉट के पंप प्रदान किए जा रहे हैं। किसान संगठन चाहते हैं कि सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि सोलर पंप से पैदा होने वाली बिजली का इस्तेमाल चक्की चलाने, चारा काटने और घरेलू उपयोग के भी हो सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट में इसकी घोषणा कर सकती है।

***टैक्स दरों में कटौती...*** कृषि उपकरणों की खरीद पर केंद्र सरकार जीएसटी वसूलती है। किसान संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार कृषि उपकरणों पर लगने वाली जीएसटी को हटाए या फिर किसानों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) का लाभ दे। सूत्रों के मुताबिक, आम बजट में केंद्र सरकार कृषि उपकरणों पर जीएसटी की दरों को कम कर सकती है या किसानों को ज्यादा सब्सिडी देने का फैसला कर सकती है।

**पर्सनल फाइनेंस@पत्रिका**

**आइटीआर:** होम लोन-एचआरए पर लेते हैं छूट तो ओल्ड रिजीम ही चुनें

# हाउस प्रॉपर्टी से हुए घाटे को सेटऑफ या कैरी फॉरवर्ड करने को चुनें ओल्ड रिजीम

***नई दिल्ली @ पत्रिका.*** *यदि हाउस प्रॉपर्टी से कोई नुकसान हुआ है तो आप इसे अन्य इनकम यानी सैलरी, कैपिटल गेन, बिजनेस-प्रोफेशन या अन्य स्रोतों से होने वाली आय से एडजस्ट (सेटऑफ) कर सकते हैं। लेकिन यह फायदा उन्हीं टैक्सपेयर्स को मिलेगा जो ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत आइटीआर फाइल करेंगे। यदि आप न्यू टैक्स रिजीम का चुनाव करते हैं तो आयकर अधिनियम की धारा 115बीएसी के मुताबिक आपको हाउस प्रॉपर्टी से हुए नुकसान को सेटऑफ और कैरी फॉरवर्ड करने की सुविधा नहीं मिलेगी। अगर आप सेक्शन 80सी के साथ हेल्थ इंश्योरेंस, एलटीए, होम लोन-ब्याज पर डिडक्शन और एचआरए पर टैक्स छूट लेते हैं तो पुरानी टैक्स रिजीम ही आपके काम की है।*

**सेटऑफ और कैरी फॉरवर्ड का गणित...**

**केस:1** **यदि** आप पहले से ओल्ड टैक्स रिजीम के तहत हाउस प्रॉपर्टी से हुए नुकसान को कैरी फॉरवर्ड कर रहे थे, लेकिन लॉस पूरी तरह से सेटऑफ नहीं हुआ है और आप वित्त वर्ष 2023-24 में न्यू टैक्स रिजीम के तहत इसे सेटऑफ करना चाह रहे हैं तो भी नए टैक्स रिजीम में आप सेटऑफ नहीं कर सकते। नियमों के मुताबिक, न्यू टैक्स रिजीम के तहत बचे हुए नुकसान को न तो सेटऑफ और न कैरी फॉरवर्ड कर सकते हैं।

**केस:2** **यदि** वर्ष 2023-24 के लिए न्यू टैक्स रिजीम का चुनाव करते हैं और अगले साल यानी 2024-25 के लिए फिर ओल्ड टैक्स रिजीम में लौट जाते हैं। इस स्थिति में भी हाउस प्रॉपर्टी से हुए नुकसान की भरपाई का फायदा नहीं मिलेगा। क्योंकि 2023-24 में आपको न्यू टैक्स रिजीम के तहत कैरी फॉरवर्ड का लाभ नहीं मिला था। नियमों के मुताबिक, यदि नुकसान को किसी एक साल कैरी फॉरवर्ड नहीं किया तो अगले साल उसे कैरी फॉरवर्ड नहीं कर सकते।

**क्या हैं नियम...**

**वित्त** वर्ष 2017 से लागू नियमों के मुताबिक, जिस वित्त वर्ष के दौरान आपको हाउस प्रॉपर्टी से नुकसान हुआ है उस वित्त वर्ष आप अधिकतम 2 लाख रुपए तक के नुकसान को किसी अन्य आमदनी से एडजस्ट कर सकते हैं। जबकि बाकी नुकसान की रकम को आप अगले 8 वित्त वर्ष तक एडजस्ट कर सकते हैं। लेकिन अगले 8 साल तक आप इसे हाउस इनकम से होने वाली आमदनी से ही एडजस्ट कर सकते हैं, अन्य आमदनी मसलन सैलरी, कैपिटल गेन, बिजनेस-प्रोफेशन या अन्य स्रोतों से होने वाली आय से नहीं।

**ऐसे होती है हाउस प्रॉपर्टी इनकम की गणना**

**सेल्फ-ऑक्युपायड** हाउस प्रॉपर्टी के लिए ग्रॉस एनुअल वैल्यू (जीएवी) शून्य मानी जाती है। जबकि किराए पर दी गई हाउस प्रॉपर्टी के लिए ऐसा नहीं है। किराए पर दी गई हाउस प्रॉपर्टी का किराया उस प्रॉपर्टी का जीएवी होता है। ऐसी हाउस प्रॉपर्टी से होने वाली आमदनी या नुकसान की गणना में होम लोन इंटरेस्ट के अतिरिक्त स्टैंडर्ड डिडक्शन की सुविधा मिलती है। स्टैंडर्ड डिडक्शन किराए पर दी गई हाउस प्रॉपर्टी की नेट एनुअल वैल्यू (एनएवी) का 30% होता है। हाउस प्रॉपर्टी की जीएवी में म्युनिसिपल टैक्स घटाकर एनएवी निकाली जाती है। हाउस प्रॉपर्टी के एनएवी से 30% स्टैंडर्ड डिडक्शन और होम लोन इंटरेस्ट घटाने के बाद जो राशि बचती है वह इनकम या लॉस मानी जाती है।

# बाजार में तेजी रहने के आसार, तिमाही नतीजे तय करेंगे रुख

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारतीय शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी जारी रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बाजार का शॉर्ट टर्म आउटलुक पॉजिटिव है। इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा इंफोसिस और रिलायंस जैसी कई बड़ी कंपनियों के नतीजों के अलावा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी।

जून के खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को जारी हुए। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े भी सोमवार को आएंगे। महंगाई के इन आंकड़ों से भी बाजार की धारणा पर असर पड़ेगा। 'मुहर्रम' के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। इसके अलावा बजट-पूर्व चर्चाओं से बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। जियोजीत फाइनेंशियल के विनोद नायर ने कहा, आइटी शेयरों में तेजी आने की उम्मीद है।

**यूपी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बोले नड्डा**

# चुनी हुई सरकारें गिराने वाले दे रहे प्रजातंत्र की दुहाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद रविवार को यहां उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की पहली बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनी हुई सरकारों को 90 बार गिराया है और आज प्रजातंत्र की दुहाई देने में लगे हैं।

नड्डा ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का नाम लिए बिना उन्हें पढ़ा लिखा अनपढ़ बताया। नड्डा ने कहा कि 2027 में यूपी में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। जो भी लोग उछल-कूद करने का प्रयास कर रहे हैं, मुझे लगता है कि दोबारा इनको मौका नहीं मिलने वाला है। बैठक में चुनावी नतीजों के साथ कई और मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अति आत्मविश्वास ने इस साल के चुनावों में भाजपा की उम्मीदों को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा पिछले चुनावों में अपना वोट प्रतिशत बरकरार रखने में सफल रही, लेकिन वोटों का स्थानांतरण हुआ और अब पराजित विपक्ष फिर से इधर-उधर घूम रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा को 'बैकफुट पर जाने' की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्होंने अच्छा काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अखिलेश यादव को सावधान करते हुए कहा, 'मैं आपको सावधान कर रहा हूं। ये कांग्रेस भस्मासुर है और बहुत जल्दी आपको ठिकाने लगा देगी। कांग्रेस पार्टी की नजर आपके मुस्लिम वोट पर पड़ गई है।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप पर...

अमरीका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआइ) ने हमले को राजनीतिक हत्या की साजिश बताया है। मामले की कई पहलुओं से जांच चल रही है। बताया जाता है कि हमले में इस्तेमाल की गई राइफल थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के पिता ने खरीदी थी।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के चुनावी अभियान कार्यालय ने बताया कि ट्रंप अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, दाएं कान के ऊपरी हिस्से पर गोली लगने से मैं घायल हो गया। गोलियों की आवाज सुनकर समझ गया था कि कुछ गलत हुआ है। गोली कान की त्वचा को छूकर निकल गई। काफी खून निकला। यह अविश्वसनीय है कि हमारे देश में इस तरह की हरकतें हो सकती हैं। उन्होंने पोस्ट के आखिर में लिखा, गॉड ब्लेस अमरीका। राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमले के बाद अपने चुनावी प्रतिद्वंद्वी ट्रंप से बात की और हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की हिंसा के लिए अमरीका में कोई जगह नहीं है। इसके खिलाफ हमें एकजुट रहना है। हर किसी को इसकी निंदा करनी चाहिए। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने एक्स पर लिखा, हम उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, जो गोलीबारी से घायल हुए। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी हमले की निंदा की।

**सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा पर सवाल :** ट्रंप की रैली में गोलीबारी को लेकर सीक्रेट सर्विस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हमले को सुरक्षा में चूक बताया जा रहा है। अमरीकी संसद के स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि सदन मामले की पूरी जांच करेगा। रिटायर्ड सीक्रेट सर्विस सुपरवाइजर बॉबी मैकडोनाल्ड ने बताया कि ट्रंप के साथ हमेशा मजबूत सुरक्षा व्यवस्था रहती है। सीक्रेट सर्विस देखेगी कि कैसे क्या हुआ? सुरक्षात्मक तरीकों को और बेहतर बनाने की जरूरत हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### सोना होगा...

इस नीति को लागू करने में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए इंडस्ट्री सक्रिय रूप से विचार-विमर्श कर रही है। इसके लागू होने से ग्राहकों को काफी फायदा होगा।

**क्या है सरकार की योजना:** 'वन नेशन वन गोल्ड रेट' पॉलिसी के तहत केंद्र सरकार की योजना एक राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज स्थापित करने की है। यह एक्सचेंज सोने की कीमतें तय करेगा और देशभर के ज्वेलर्स को इसी कीमत पर सोना बेचना होगा।

### जंग लगा...

पिछली बार 1978 में लिस्टिंग और वजन की प्रक्रिया में 70 दिन लगे थे। ओडिशा की डिप्टी सीएम प्रवती परिदा भी पुरी पहुंच चुकी हैं। वह रत्न भंडार की गिनती पूरी होने तक रुकेंगी।

**एसओपी के मुताबिक:** पुरी मंदिर के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार में सारे काम एसओपी के मुताबिक किए जाएंगे। बाहरी रत्न भंडार की सामग्री अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गई है। जस्टिस रथ और बाकी सदस्यों के सामने इनकी सूची बनाकर बक्सों में भरकर सील कर दिया गया। इसके बाद टीम अंदर के रत्न भंडार में गई। आभूषणों की डिजिटल लिस्टिंग भी होगी।

**आभूषण और सामान रखेंगे 15 संदूकों में:** रत्न भंडार के रत्नों को रखने के लिए सागौन की लकड़ी के 15 संदूक मंगवाए गए हैं। इनकी लंबाई 4 फीट, चौड़ाई 2 फीट और ऊंचाई भी 2 फीट हैं। रविवार को 6 संदूक पहुंच गए। ये भुवनेश्वर नयापल्ली में तैयार किए गए।

**एएसआइ करवाएगा खजाने की मरम्मत:** जगन्नाथ मंदिर के चारों तरफ पुलिस बल की 6 प्लाटून तैनात की गई हैं। सिंह द्वार को छोड़कर अन्य तीन द्वार बंद कर दिए गए। 12वीं सदी के मंदिर के रख-रखाव का जिम्मा भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के पास है। रत्न भंडार के आभूषणों की गिनती के बाद वह भंडार की मरम्मत करवाएगा।

### पाकिस्तान...

आप देखना, भारतीय टीम अपने मैच यूएई या श्रीलंका में ही खेलेगी। बीसीसीआइ सबसे ताकतवर क्रिकेट बोर्ड है। उसे कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता।

**पाक टीम के विश्व कप में खराब प्रदर्शन की वजह क्या कप्तान बाबर आजम हैं?**

पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के पीछे कई वजह हैं। पीसीबी में राजनीति चलती है। पिछले कई महीनों में कितने चेयरमैन बदले गए। इसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा। कप्तान बाबर आजम भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। मैंने तो पहले ही कहा था कि बाबर को कप्तानी छोड़कर बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहिए, जिस तरह से विराट कोहली ने किया।

**क्या आप भारत या कहीं और कोचिंग करना चाहेंगे?**

मैं क्रिकेट से जुड़ा रहना चाहता हूं। दुनिया में मुझे किसी भी लीग में काम करने का मौका मिलेगा तो जरूर करना चाहूंगा। आइपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है। मैं इसमें बतौर कोच किसी टीम से जुड़ना चाहता हूं।

**संघ के प्रचार प्रमुख आंबेकर ने बताया**

# हर साल आरएसएस से जुड़ रहे एक लाख से ज्यादा युवा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा है कि हर साल एक लाख से ज्यादा युवा 'आरएसएस विचारधारा' से जुड़ रहे हैं। वे 'ज्वाइन आरएसएस' प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्य बन रहे हैं। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में आंबेकर ने बताया कि इस साल जून तक 66 हजार 529 लोग आरएसएस में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रांची में संघ की तीन दिवसीय बैठक में संगठन के विस्तार और इसके शताब्दी वर्ष के आगामी समारोहों पर चर्चा की गई।

आंबेकर ने बताया कि आरएसएस का लक्ष्य 2025 में विजयादशमी तक ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मंडलों में दैनिक 'शाखा' स्थापित करना है, जो संगठन की 100वीं वर्षगांठ के साथ मेल खाता है। इस वर्ष से शुरू होने वाले आरएसएस प्रशिक्षण वर्गों की संरचना और पाठ्यक्रम में संशोधन किए गए हैं।

झारखंड में कथित धार्मिक धर्मांतरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि ऐसे उद्देश्यों के लिए अनुचित तरीकों का इस्तेमाल गलत है और कानून के खिलाफ है। रांची में आयोजित तीन दिवसीय बैठक में आरएसएस के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और सभी प्रांत प्रचारक शामिल थे।

## एमटीएनएल का संचालन बीएसएनएल को मिलेगा!

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** मोदी सरकार सरकारी टेलीकॉम कंपनी एमटीएनएल का संचालन बीएसएनएल को सौंपने पर विचार कर रही है। एमटीएनएल दिल्ली और मुंबई में सेवाएं देती है। दो साल पहले सरकारी मदद के बावजूद एमटीएनएल को वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा, सरकार यह कदम उठाने को मजबूर हुई है। पहले सचिवों की समिति इस प्रस्ताव पर विचार करेगी। फिर इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एक सूत्र ने बताया, दोनों कंपनियों का विलय नहीं हो रहा है, इसलिए एमटीएनएल को शेयर बाजार से हटाने की जरूरत नहीं है। विलय की स्थिति में एमटीएनएल को शेयर बाजार से हटाना पड़ता और कुछ शेयर वापस खरीदने पड़ते।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका

संस्थापक

कर्पूर चन्द्र कुलिश

## आबादी और संसाधनों में बेहतर तालमेल जरूरी

विश्व जनसंख्या दिवस पर जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट भारत के लिए आने वाले समय में नई चुनौतियों के संकेत दे रही है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत की आबादी 2060 के दशक की शुरुआत में करीब 1.7 अरब तक पहुंच सकती है। इसके बाद 12 फीसदी की गिरावट के बावजूद यह पूरी सदी के दौरान दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना रहेगा। भारत सरकार की ओर से जारी प्रजनन दर के आंकड़े इस लिहाज से राहत देने वाले हैं कि देश के 36 में से 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) गिरकर 1.91 (प्रति महिला बच्चों का जन्म) पर आ गई है।

प्रजनन दर की यह गिरावट बड़ी उपलब्धि है। पचास के दशक में जब टीएफआर 6.4 थी, बढ़ती आबादी देश के लिए चिंता के बड़े कारणों में से एक थी। यह परिवार नियोजन के कार्यक्रमों का सुखद परिणाम है कि टीएफआर लगातार घटती गई। अब यह 1990 के 4.6 से भी काफी नीचे है। संयुक्त राष्ट्र की संभावना रिपोर्ट में भारत की मौजूदा टीएफआर को आधार बनाया गया या नहीं, स्पष्ट नहीं है। भारत की आबादी को लेकर विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगठन जो रिपोर्ट जारी करते रहे हैं, उनमें 2011 की जनगणना को पूर्वानुमानों का आधार बनाया जाता है। उस जनगणना के बाद के अधिकृत आंकड़े किसी के पास नहीं हैं। भारत में हर दस साल में होने वाली जनगणना 2021 में कोरोना के कारण टालनी पड़ी थी। अब जनगणना जल्द से जल्द कराने की जरूरत है, ताकि देश की आबादी को लेकर तस्वीर साफ हो सके। वैसे भी जनगणना के आधार पर ही सरकार की विभिन्न योजनाएं आकार लेती हैं। दरअसल, बढ़ती आबादी अब भारत के लिए उस तरह की चिंता का कारण कतई नहीं है, जिससे हम पचास-साठ साल पहले जूझ रहे थे। संतोषजनक प्रजनन दर का स्तर हम हासिल कर चुके हैं। इसमें गिरावट को लेकर हमारे सामने वैसी समस्याएं भी नहीं हैं, जिनसे चीन और जापान जैसे देश दो-चार हो रहे हैं। चीन में प्रजनन दर 1.2 और जापान में 1.3 तक गिरने के बाद वहां की सरकारों को आबादी बढ़ाने के लिए तरह-तरह की प्रोत्साहन योजनाएं चलानी पड़ रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र के पूर्वानुमान पर भरोसा किया जाए तो अभी से संसाधनों के विस्तार की दीर्घकालिक योजनाएं बनाने की जरूरत है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास, परिवहन आदि से जुड़े बुनियादी ढांचे का विस्तार करना होगा। प्रजनन दर की तरह गरीबी पर भी अंकुश की कोशिश होनी चाहिए। आबादी बढ़ने की स्वाभाविक प्रकिया के बीच आबादी और संसाधनों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

**विश्व युवा कौशल दिवस आज:** नकारात्मक इस्तेमाल पर नियंत्रण करके ही मिलेगा कौशल का सुपरिणाम

# युवा कौशल है विश्व शांति का रास्ता



**सुशील कुमार**
भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और बिहार पुलिस अकादमी में सहायक निदेशक के तौर पर कार्यरत
@patrika.com

**शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने, जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाने और स्थायी और सतत विकास के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल से लैस करने और उस कौशल के इस्तेमाल से एक शांतिपूर्ण, समावेशी, मानवीय और विकासशील दुनिया का निर्माण हमारी प्राथमिकता होना चाहिए।**

मानव सभ्यता के विकास में कौशल और श्रम का महत्त्वपूर्ण योगदान है। पहली बार आग के आविष्कार से लेकर आज कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के इस्तेमाल तक की यात्रा हमारे कौशल और श्रम का प्रतिफल ही तो है। इसमें सबसे उत्पादक वर्ग समूह युवाओं का ही है। उनके कौशल और श्रम की बदौलत ही देश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर पाते हैं। आज विश्व युवा कौशल दिवस है और संयुक्त राष्ट्र ने 2024 को शांति और विकास के लिए युवा कौशल के तौर पर मनाने का निर्णय किया है।

मुश्किल यह है कि दुनिया भर में नई तकनीकों के इस्तेमाल से मानव जीवन को ज्यादा सुगम और सुविधाजनक बनाने की होड़ मची है, लेकिन यह प्रतिस्पर्धा हमारे जीवन और समाज में कटुता, वैमनस्यता और एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए किए जा रहे नकारात्मक आविष्कारों और प्रवृत्तियों की ओर खींच रही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किए गए इस दिवस का उद्देश्य विश्व स्तर पर युवाओं को रोजगार, काम और उद्यमिता के लिए महत्त्वपूर्ण कौशलों से लैस करना है। आज विश्व के कई देश युद्ध में फंसे हैं। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध तो चल ही रहा है, इजरायल पर हमास के हमले के बाद फिलिस्तीनी इलाके भी इजरायली हमले झेल रहे हैं। मध्यपूर्व में फारस की खाड़ी के कई देशों में युद्ध जैसे हालात हैं, वहां महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जिंदगी खतरे में हैं। ऐसे में आवश्यक है कि शांति निर्माण और संघर्ष सुलझाने में युवाओं और उनके कौशल की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो।

संयुक्त राष्ट्र ने इन्हीं परिस्थितियों के मद्देनजर 2024 को शांति और विकास के लिए युवा कौशल के वर्ष के तौर पर मनाने का आह्वान किया है। दुनिया भर में मानवता का भविष्य युवाओं के हाथ में है। यह इस बात पर ज्यादा निर्भर है कि वे अपने अर्जित कौशल और हुनर का इस्तेमाल आज की चुनौतियों से जूझने में कैसे करते हैं और एक शांतिपूर्ण कल कैसे गढ़ते हैं। डिजिटल क्रांति के इस दौर में वे सूचना के स्तर पर बहुत जल्दी सारी दुनिया से जुड़ सकते हैं। ऐसे में बजाय इसके लिए किसी की व्यक्तिगत या संस्थागत मानहानि, देशों के सामरिक नुकसान और शांति प्रक्रियाओं को तोड़ने और झकझोरने वाले कदम उठाने के, वे अपने कौशल और क्षमताओं का उपयोग भविष्य के लिए शांति और सद्भावनापूर्ण दुनिया के निर्माण में करें। कोविड के बाद दुनिया में डिजिटल संसाधनों के उपयोग के कई नए और अनदेखे स्वरूप सामने आए। इसका योगदान सकारात्मक और नकारात्मक दोनों हैं। इससे दुनिया भर की तकनीकें तुरंत एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक पहुंचाई जा सकती हैं। कोविड के समय दुनिया भर में उससे निपटने के तरीके, अर्थव्यवस्था के जीर्णोद्धार के लिए तकनीकें सीखने और उनके इस्तेमाल में डिजिटल माध्यम ने बड़ा योगदान किया है। इसके साथ ही कुछ नकारात्मक परिवर्तन भी हुए। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर दूसरे धर्मावलम्बियों को टारगेट करने, फर्जी खबरें और सामग्रियां प्रकाशित और पोस्ट करने से नफरत, आपसी भेदभाव और गैर बराबरी को बढ़ावा ही मिला है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में अनुमानतः 27.2 प्रतिशत जनसंख्या 15-29 आयु वर्ग के युवाओं की है जो करीब 38 करोड़ होती है। इन युवाओं में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं का एक बड़ा वर्ग है। भारत सरकार ने नवम्बर 2014 में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की स्थापना की जिसका उद्देश्य कौशल विकास के सभी प्रयत्नों का समावेशन और समन्वय के साथ ही कौशल विकास के नए आयामों की स्थापना और उनका उन्नयन है। देश में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के अलावा 1950 से ही इन्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट( आइटीआइ) भी बड़ी संख्या में स्थापित किए गए। इसके अलावा कौशल विकास केन्द्रों से प्रशिक्षित करोड़ों युवा हमारे देश के विकास को गति दे सकते हैं और हमारे शांतिपूर्ण, मानवीय और सद्भावपूर्ण विकास के एजेंडे को सामने रखकर दुनिया में अपनी पताका फहरा सकते हैं। विकास और तकनीक के नकारात्मक इस्तेमाल पर नियंत्रण करके ही अपने कौशल का सुपरिणाम प्राप्त कर सकते हैं। आज देश में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख इंजीनियरिंग ग्रेजुएट बनते हैं लेकिन उनमें से सिर्फ ढाई लाख ही कोर तकनीकी कार्यों में नौकरी पाते हैं, आखिर बाकी के साढ़े बारह लाख लोग हर साल क्या करने लग जाते हैं? हमारे पास इसका कोई स्पष्ट आंकड़ा मौजूद नहीं है, लेकिन हम इस कौशल का इस्तेमाल बेहतर स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन और सबके लिए शांति और समृद्ध जीवन सुनिश्चित करने के लिए सतत विकास का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

दुनिया आज कई चुनौतियों का सामना कर रही है। हिंसक संघर्ष, नकारात्मता को बढ़ावा देने वाला ऑनलाइन वातावरण और लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता, अवसरों को सीमित करती हैं। ये न सिर्फ व्यक्ति के भविष्य का रास्ता रोकती हैं, बल्कि सामाजिक तानेबाने की स्थिरता को भी प्रभावित करती हैं। शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने, जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाने और स्थायी और सतत विकास के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल से लैस करने और उस कौशल के इस्तेमाल से एक शांतिपूर्ण, समावेशी, मानवीय और विकासशील दुनिया का निर्माण हमारी प्राथमिकता होना चाहिए।

## आइसलैंड: कुदरत के कलर पैलेट पर बिखरे नीले-काले-पीले-हरे रंग!

*यह कोई पेंटिंग नहीं बल्कि आइसलैंड के दक्षिणी तट पर समुद्र में बहते एक हिमनद का प्रभावशाली दृश्य है। आइसलैंड की सबसे खूबसूरत जगहों में गिने जाने वाले इस पर्यटन स्थल को आप काल्फेफेल और हॉफ के बीच के क्षेत्र में पा सकते हैं। जब आप इस जगह को देखेंगे तो आप भी इसकी खूबसूरती के कायल हो जाएंगे। इससे पहले कि प्रकृति की रंग पट्टिका के रंग सूख जाएं, घूमने-फिरने के शौकीन हर व्यक्ति को इस समुद्र तट पर जरूर जाना चाहिए। दरअसल, आइसलैंड कच्ची और ऊबड़-खाबड़ सुंदरता की भूमि है, जो प्रकृति की ऐसी क्रूर शक्तियों का प्रमाण है जो अद्वितीय परिदृश्यों को आकार देती है। वातनाजोकुल नेशनल पार्क में स्थित यह समुद्र तट विशेष रूप से ज्वालामुखीय पीले रंग की नदी के लिए जाना जाता है जो नीले समुद्र के समानांतर बहती है। कुछ दूरी तक नदी के दोनों किनारों पर काली रेत की एक पट्टी बनी रहती है जो ज्वालामुखी गतिविधियों से बनी है, जबकि पीली रेत नदी की तलछट में मौजूद सल्फर की भारी मात्रा के कारण आती है। समुद्र तट से आगे बढ़ने पर इन रंगों में हरे-भरे खेतों का एक और खूबसूरत रंग भी जुड़ जाता है।*



नेतृत्व

## जरूरी है जागरूकता और संवेदनशीलता

### सामुदायिक पहल व कर्मचारी कल्याण से परिलक्षित होती है प्रतिबद्धता

आध्यात्मिक वातावरण के निर्माण का प्रयास करने वाले लीडरों और मैनेजरों के लिए माइंडफुलनेस और संवेदनशीलता यानी 'कम्पैशन' आवश्यक गुण हैं। माइंडफुलनेस उन्हें पूरी तरह से जागरूक होने की अनुमति देती है, जो विचारशील निर्णय लेने और चुनौतियों के प्रति एक शांत, स्पष्ट दृष्टिकोण बनाए रखने की उनकी क्षमता को बढ़ाती है। यह गुण एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देता है जहां व्यक्तिगत बातचीत और कार्यों में माइंडफुलनेस को महत्त्व दिया जाता है और उसका अभ्यास किया जाता है। दूसरी ओर, संवेदनशीलता में दूसरों की भावनाओं और अनुभवों को समझना और उनसे वास्तव में जुड़ना शामिल है।

एक सहानुभूतिपूर्ण लीडर अपनी टीम की भावनात्मक और आध्यात्मिक भलाई का बेहतर ढंग से समर्थन कर सकता है, उनकी जरूरतों और प्रेरणाओं को पहचान सकता है और प्रभावी ढंग से उनका समाधान कर सकता है या उन्हें दिशा दे सकता है।



**प्रो. हिमांशु राय**
निदेशक,
आइआइएम इंदौर
@patrika.com

सहानुभूति प्रदर्शित करके, वह कर्मचारियों के बीच विश्वास और सुरक्षा की भावना का निर्माण कर सकता है, जो एक सहायक-सामंजस्यपूर्ण कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्त्वपूर्ण है। इन रणनीतियों को लागू करने और इन गुणों को अपनाने से, लीडर अपने संगठनों को ऐसे वातावरण में बदल सकते हैं जहां कार्यस्थल आध्यात्मिकता विकसित होती है, व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण दोनों को बढ़ावा मिलता है और संगठन को अधिक पूर्णता और सफलता प्राप्त होती है। कई कंपनियों ने इस अवधारणा को अपनाया है। ऐसी कंपनियों की सफलता की कहानियों से महत्त्वपूर्ण सबक मिलते हैं जिन्हें अन्य संगठन अपना सकते हैं।

सबसे उल्लेखनीय उदाहरणों में से एक है भारत का सबसे बड़ा समूह - टाटा। इस समूह ने लंबे समय से अपने संचालन में ईमानदारी, जवाबदेही और सामुदायिक सेवा जैसे मूल्यों को बढ़ावा देकर कार्यस्थल आध्यात्मिकता के सिद्धांतों को अपनाया है। यह प्रतिबद्धता उनकी विभिन्न सामुदायिक पहलों और कर्मचारी कल्याण से परिलक्षित होती है, जो कर्मचारियों के बीच अपनेपन और उद्देश्य की भावना को बढ़ावा देती है। एक अन्य उदाहरण गूगल है, जिसने कार्यस्थल आध्यात्मिकता का समर्थन करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लागू किया है, जैसे सभी कर्मचारियों के लिए ध्यान और माइंडफुलनेस पाठ्यक्रम। ये कार्यक्रम तनाव को कम करने और कल्याण को बढ़ाने के लिए डिजाइन किए गए हैं और मानसिक स्वास्थ्य व व्यक्तिगत विकास को महत्त्व देने वाले कार्य वातावरण में योगदान करते हैं।

## पानी के हिसाब से बोई जाए फसल

सुनील कुमार महला,

भारत में भू-जल का स्तर निरंतर गिरता चला जा रहा है। यदि इसी प्रकार से भू-जल स्तर का नीचे गिरना जारी रहा तो आने वाले समय में बहुत बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है। जल संकट के कारण दूसरी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। गिरते भूजल का मुख्य कारण यह है कि आज हमारे देश में पानी के परम्परागत स्रोत कम वर्षा व बेतरतीब दोहन के चलते खत्म होते जा रहे हैं। यही कारण है कि भूजल स्तर घटता जा रहा है।

देश में नलकूप लगातार बढ़ रहे हैं। भारत में कृषि भूमि की सिंचाई के लिए हर साल 230 बिलियन मीटर क्यूबिक भूजल निकाला जाता है, जिससे देश के कई हिस्सों में भूजल का तेजी से क्षरण हो रहा है। औसत वार्षिक वर्षा भी कम है। वृक्षों की कटाई और नदियों का रुख बदलकर बांध बनाया जाना भी गिरते भूजल के कारणों में से एक है। वहीं दूसरी ओर तेजी से बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और असंवहनीय कृषि पद्धतियों के कारण भी पानी की मांग बढ़ी है। कम वर्षा व अंधाधुंध दोहन के कारण भूजल स्तर में लगातार कमी आई है। भारत में भूजल का अत्यधिक उपयोग 61 प्रतिशत भूजल की कमी के लिए जिम्मेदार है। भारत विश्व के किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक भूजल निष्कर्षण का उपयोग करता है।

वास्तव में आज सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक विकास जैसे उद्देश्यों के लिए भूजल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण भारत में यह एक गंभीर मद्दा है। भूजल स्तर बढ़ाने के लिए बारिश के पानी को इकट्ठा करना असरदार उपाय साबित हो सकता है। छोटे तालाबों, भूमिगत टैंकों, बांध आदि के बेहतर रखरखाव के जरिए जल संरक्षण किया जा सकता है। भूमिगत पुनर्भरण तकनीक जल संग्रहण का एक नया तरीका है। भूजल में गिरावट की समस्या के समाधान के लिए हमें फसल चक्र का सही निर्धारण भी करना होगा। कम पानी वाले क्षेत्रों में ऐसी फसलें उगाई जानी चाहिए, जिन्हें कम पानी की जरूरत पड़ती हो। जहां पानी की कमी नहीं है, वहां ऐसी फसलें लगाई जा सकती हैं, जिनमें अधिक पानी की जरूरत पड़ती है। हर क्षेत्र में जल की उपलब्धता के अनुसार फसल उगाने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस तरह की व्यवस्था करने पर किसान विरोध कर सकते हैं, लेकिन उनकी समझाइश की जा सकती है।

( ईमेल पर प्राप्त आलेख )

मिर्जापुर पिछले तीन-चार सालों से 'मिर्जापुर' वेब सीरीज के कारण देश में जाना जाने लगा है। लेकिन मिरजापुर की असल पहचान हिंसा या अपराध से नहीं है, बल्कि यह हिंदी पट्टी का वह सबसे खास सुरीला इलाका है, जहां से निकल 'कजरी' विधा लोक, शास्त्रीय, बॉलीवुड व सुगम संगीत के जरिए दुनिया के मंचों तक पहुंची है

# न भूली-न बिसरी, जड़ता से आजाद है मिर्जापुर की 'कजरी'



**उस्ताद बिस्मिल्ला खान से लेकर गिरिजा देवी जैसे वरिष्ठ कलाकारों तक ने इसे एक अलग पहचान दी। वर्तमान में शास्त्रीय गायक छन्नूलाल मिश्र जिस मंच पर जाते हैं, कजरी की फरमाइश होती है।**

**चंदन तिवारी**
लेखिका लोकगायन के लिए संगीत नाटक अकादमी के युवा सम्मान से सम्मानित बिहार, पूर्वांचल की चर्चित गायिका हैं

वेब सीरीज मिर्जापुर का तीसरा पार्ट रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा है। पहले वाला बढ़िया था या यह बेहतरीन है, इस पर बात चल रही है। संयोग से यह तीसरा पार्ट जब जारी हुआ है,तब सावन महीने का माहौल बन चुका है। सावन दस्तक दे रहा है। सावन को याद करते ही हिंदी इलाके के लोक गायन में कजरी की चर्चा आती है। कजरी गायन का माहौल बन जाता है। और जब कजरी की चर्चा चलती है तो मिर्जापुर का नाम आता है।

वजह, इसी मिर्जापुर को कजरी विधा की जननी माना जाता है। न सिर्फ जननी है, बल्कि गांव की गलियों में गाई जाने वाली विधा को यहां के लोगों, कलाकारों ने अपनी निष्ठा, समर्पण और मोहब्बत से इस कदर सींचा कि यह मिर्जापुर से निकल बनारस होते हुए लोक संगीत, सुगम संगीत, शास्त्रीय संगीत, बॉलीवुड संगीत सभी में समान रूप से स्थापित होती गई। कजरी का राग दुनिया के मंचों पर पहुंचकर रंग बिखेरने लगा।

जिस शहर मिर्जापुर का नाम लेकर वेब सीरीज बनाई गई है, वह शहर उत्तरप्रदेश के विंध्य इलाके में आता है। इसी विंध्य इलाके में मशहूर देवी मंदिर है, विंध्याचल धाम। मान्यता है कि मां विंध्यवासिनी का एक नाम कज्जला देवी भी है। इलाके के लोग कहते हैं कि कजरी नाम, इन्हीं कज्जला देवी के नाम से आया। कज्जला, कजली और कजरी, तीनों एक ही हैं। हालांकि कजरी के उद्भव की और भी कहानियां हैं। यहां हर साल विंध्यवासिनी जन्मोत्सव और कजली महोत्सव का चलन रहा है। कहते हैं कि एक समय ऐसा भी था, जब ढाई दिन के इस उत्सव की अवधि में मिर्जापुर की सारी दुकानें बंद रहती थीं। इस उत्सव में कजरी के नए शिष्य अपने गुरुओं से दीक्षा लेकर, विंध्याचल मंदिर में आकर, सुमिरनी भेंट करते थे - सुमिरनी यानी प्रार्थना। सुमिरनी कर ही कजरी के संगीत अखाड़े में पहली बार उतरते थे। संगीत के उस्तादों, खलीफाओं और गुरुओं का जुटान होता था। कजरी गायन से पहले खंजरी पूजन नए कलाकारों के लिए प्रथम गायन का अवसर होता था। जो कजरी लिखते थे, वे भी पहली बार का लिखा यहां चढ़ावे में चढ़ाते थे।

विंध्याचल धाम को कजरी ने साझी संस्कृति का केंद्र बनाया। कजरी लोकगायन के लिए हिंदू और मुसलमान दोनों समुदाय के लोग समान उत्साह और समान अधिकार से पहुंचते थे। इसी इलाके के बड़े कजरीबाज थे प्रेमधन। इनकी हवेली को कजरी की हवेली भी कहते थे। इस हवेली में आषाढ़ से लेकर भादो तक कजरी की महफिल जमती थी। खड़ी बोली हिंदी के प्रणेता भारतेंदु इस हवेली में आकर डेरा जमाते थे। यहां विशाल लाइब्रेरी भी थी कजरी की। इससे इतर मिर्जापुर के इलाके में कजरी के मेले लगते। एक गायन विधा को केंद्र में रखकर मेले का चलन न के बराबर दिखता है। इन बातों पर चर्चा का आशय यह कि मिर्जापुर की पहचान इस कदर जुड़ी हुई है कजरी से, लोक संस्कृति से।

पुरबिया लोकगायन में कजरी सबसे विस्तारित विधा है गायन की। खेती-किसानी से लेकर धार्मिक और सामयिक सवालों तक के स्वर इसमें जुड़ते हैं। कजरी गीतों में अपने समय का इतिहास, समय के सवाल भी निरूपित हैं। कजरी गाते भी हैं, मनाते भी हैं, खेलते भी हैं। यह किसानों के जीवन में उल्लास भरने व स्त्रियों को आजादी का राग देने वाली विधा है। खेती-किसानी से जुड़ी कामगार स्त्रियां कजरी के जरिए खेत मालिकों से बराबरी का संवाद करने का अधिकार लेती रही हैं, बिना किसी डर, भय और हिचक के।

इस पारंपरिक लोक विधा ने समय के अनुसार नवाचार किया, दूसरी विधाओं की तरह लकीर की फकीर नहीं रही। समय के साथ खत्म नहीं हुई बल्कि और बढ़ती गई, कभी पारंपरिक जड़ता का शिकार नहीं हुई। क्या कुछ नहीं है इस विधा में! सृष्टि का स्वर है, प्रकृति का रंग है, प्रेम का सौंदर्य है, विरह का राग है। कजरी गीतों में 1857 की क्रांति से पहले की कहानियां मिलती हैं तो जब गांधी अफ्रीका से लौटे मिर्जापुर के गंवई गायकों ने गांधी को कजरी का नायक बनाया।

मिर्जापुर, बनारस से सटा शहर है। बनारस के मूर्धन्य कलाकारों ने इसे देश भर में फैलाया, दुनिया के मंचों पर। इसी मिर्जापुर से पलायन को केंद्र में रखकर एक गीत निकला- 'मिर्जापुर कइले गुलजार हो, कचौड़ी गली सून कइले बलमू..।' यह गीत आज कजरी के सर्वाधिक लोकप्रिय गीतों में एक है, जिसे अनेक कलाकार स्वर दे चुके हैं। इसी तरह एक कजरी गीत का शीर्षक है- 'नागर नइया जाला कालापनिया ए हरि...।' इस गीत की कहानी पर हिंदी के मशहूर लेखक शिव प्रसाद मिश्र रूद्र 'काशिकेय' ने मशहूर कृति बहती गंगा में लिखा।

संभव है आने वाले दिनों में जब हम किसी सर्च इंजन के जरिए मिर्जापुर को सर्च करेंगे, तो अपराध-हिंसा के रंगों में सना हुआ मिर्जापुर ही दिखे गाली-गलौज की भाषा के साथ। जिन्होंने मिर्जापुर इलाके को कभी देखा-जाना नहीं है, वे इसे ही पूरा सच मान भी लेंगे। लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि कजरी संगीत पीढ़ियों से मिर्जापुर को गुलजार करता रहा है।

आपकी बात

### पूर्व तैयारी आवश्यक

**आपदा** प्रबंधन को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि सरकारें आपदाओं की रोकथाम के उपाय आपदाओं के आने के पहले ही करें। पूर्व तैयारी होने पर नुकसान कम होता है। साथ ही आपदा प्रबंधन सूचना तंत्र को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को बचने और संभलने का समय मिल जाए।

**-ओमप्रकाश श्रीवास्तव,** उदयपुरा, मप्र

### स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़ें

**स्कूली** पाठ्यक्रम में शैक्षिक विषयों के साथ अनेक सहशैक्षिक गतिविधियां भी शामिल रहती हैं। इनमें खेल सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद, सड़क सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा, समसामयिक विषयों पर चर्चा के साथ ही आपदा प्रबंधन को भी शामिल किया जाए। इससे बचपन से ही जागरूकता बढ़ेगी।

**-पी.सी. खंडेलवाल,** सांभर लेक, जयपुर

**आज का सवाल**

**पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर हमले का अमरीका के चुनाव पर क्या असर होगा?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

patrika.com पर पढ़ें

### पाठकों की प्रतिक्रियाएं

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'आपदा प्रबंधन तंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है?' कई प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। कुछ ऑनलाइन भी दी जा रही हैं।

https://shorturl.at/Jedv1

रायपुर

## बालिका से दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। साथ ही पीड़ित बालिका के पुनर्वास के लिए 5 लाख रुपए देने की अनुशंसा की गई है। प्रकरण की सुनवाई के दौरान कुल 10 गवाहों के बयान करवाए गए। विशेष लोक अभियोजक यास्मीन बेगम ने बताया कि 7 साल की बालिका अपने घर के पास 29 अक्टूबर 2021 की रात 8.30 खेल रही थी। इसी दौरान सड्डू में रहने वाले नरेन्द्र दुर्गा (45 साल) ने उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी। घर लौटने पर बालिका ने अपने परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी। बालिका के परिजनों ने 30 अक्टूबर 2021 को मोवा थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम ने पुलिस की केस डायरी, पेश किए गए साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दंडित किया।

## पत्नी की हत्या कर शव दफनाया, परिजनों ने पूछा तो कहा- घर से भाग गई

**पत्रिका ब्यूरो @ अंबिकापुर.** सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के केरजु में एक ग्रामीण ने पत्नी की हत्या कर शव को खेत में दफना दिया। लोगों के पूछने पर कहता रहा कि वह घर से भाग गई है। एक माह बाद डबरी के पास मिले मृतका के कपड़े दिखाई दिए तो पूरे मामले से पर्दाफाश हो गया और आरोपी पति गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम ढोढ़ागांव निवासी संजीत पैंकरा (53) के बच्चे व परिजन 10 जून को किसी कार्यक्रम में शामिल होने दूसरे गांव गए थे। इस दौरान संजीत अपनी पत्नी बिहानी बाई के साथ घर पर था। रात में पत्नी आंगन में सोई थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, इसी बीच उसने पत्नी की कनपटी पर हाथ से 2 बार प्रहार किया। इससे उसकी मौत हो गई।



**रायगढ़:** औद्योगिक जिले में सड़क के लिए तरस रही पारेमेर पंचायत

# सड़क नहीं होने पर तीन किमी चलकर गर्भवती को कांवड़ से पार कराया नाला

**पत्रिका ब्यूरो @ रायगढ़.** रायगढ़ औद्योगिक जिला है। इसके बाद भी यहां ऐसी पंचायत हैं जहां के गांव में अब तक सड़क नहीं बन सकी है। पारेमेर पंचायत का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यहां प्रसव पीड़िता के घर तक डायल 112 नहीं पहुंचने पर रायनो की टीम 3 किलोमीटर तक पैदल सफर कर वहां तक पहुंची। इसके बाद गर्भवती को कांवड़ में रखकर कर नाला पार कराया, तब कहीं जाकर वह अस्पताल पहुंच सकी। पारेमेर पंचायत की जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 125 किलोमीटर है। इस पंचायत के घुटरूपारा गांव की सुष्मिता (28) को शनिवार को प्रसव पीड़ा हुई।

### जंगल में ही हुआ प्रसव

रास्ते में गर्भवती को अत्यधिक पीड़ा होने से जवान ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन को पेड़ की आड़ में खड़ा कराया, जहां मितानिन और महिला के परिजन ने पर्दा लगाकर महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जिसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

### इसलिए भी खास है यह गांव

जिले के अंतिम छोर पर बसे पारेमेर पंचायत में मांझी आदिवासी की बाहुलता है। यहां के अधिकांश लोगों की हाइट करीब तीन से साढ़े तीन फिट से अधिक नहीं है। इस वजह से यहां के ग्रामीणों के घर का दरवाजा भी काफी छोटा होता है।

संबंधित गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। ऐसे में रायनो की टीम पैदल गांव तक पहुंची और प्रसव पीड़िता को कांवड़ के माध्यम से नाला पार कराते हुए वाहन तक लाया गया। बीच रास्ते में ही प्रसव हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों को जमरगी गांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
**-एनएस मरकाम,** टीआई, कापू

**सतत् विकास का लक्ष्य:** छत्तीसगढ़ ने परफॉर्मर से फ्रंट रनर स्टेट की लगाई छलांग

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधरी, भूमिगत जल का दोहन बढ़ा

एक्सक्लूसिव

राहुल जैन
patrika.com

**रायपुर.** सतत् विकास का लक्ष्य हासिल करने में छत्तीसगढ़ की स्थिति हुई बेहतर हुई। छत्तीसगढ़ ने 67 अंकों के साथ परफॉर्मर से फ्रंट रनर तक की छलांग लगाई है। कई मामलों में छत्तीसगढ़ की

स्थिति पिछली बार की तुलना में सुधरी है, तो कुछ मामलों में हम पिछड़ते भी नजर आ रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन काफी अच्छा है। वहीं प्रदेश में भूमिगत जल का दोहन 44.47 से बढ़कर 47.17 फीसदी हो गया है। प्लास्टिक कचरा, सड़क दुर्घटनाओं में छत्तीसगढ़ की स्थिति संतोषजनक नहीं कहीं जा सकती है। दूसरी ओर ग्रामीण आबादी के पास पीने के पानी का बेहतर स्रोत उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। बीमा का कवर बढ़ा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और वनों के मामले में छत्तीसगढ़ की स्थिति बेहतर हुई है।

एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 की रिपोर्ट से हुआ खुलासा



पत्रिका AI फोटो

### किस क्षेत्र में कितने अंक

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तरदायी उपभोग एवं उत्पादन : 95 | शुद्ध जल एवं स्वच्छता: 93 | किफायती एवं स्वच्छ ऊर्जा: 87 | संधारणीय शहर एवं समुदाय: 79 |
| भूमि पर जीवन: 78 | शांति और न्याय के लिए संस्थान: 71 | असमानताओं में कमी लाना: 72 | संधारणीय शहर एवं समुदाय: 79 |
| गरीबी का उन्मूलन अंत : 70 | सम्मानजनक कार्य एवं आर्थिक विकास : 67 | गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : 63 | लैंगिक समानता : 51 |
| आरोग्य एवं कल्याण:56 | जलवायु परिवर्तन: 47 | भुखमरी समाप्त करना : 40 | उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना : 39 |



### यहां छत्तीसगढ़ हुआ आगे

- ग्रामीण आबादी के पास पीने के पानी का बेहतर स्रोत 99.60 से बढ़कर है 100 फीसदी हुआ।
- विद्युतीकृत घर 99.67 से बढ़कर 100 फीसदी हुए।
- सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर (स्थिर मूल्य) प्रति व्यक्ति 5.36 से बढ़कर 6.05 हुई।
- स्वास्थ्य योजना/बीमा द्वारा कवर किए गए परिवार 68.50 से बढ़कर 71.40 हुए।
- प्रति 100,000 जनसंख्या पर एटीएम 12.50 से बढ़कर 15.21 हो गए।
- कुल रोजगार के प्रतिशत के रूप में विनिर्माण रोजगार 5.46 से बढ़कर 7.58 हो गया।
- प्रति 10 लाख जनसंख्या पर मानव तस्करी के शिकार 11.72 से कम होकर 1.37 हुआ।

### यहां पिछड़ा छत्तीसगढ़

- आत्महत्या दर (प्रति 100,000 जनसंख्या) 26.40 से बढ़कर 28.20 हुई।
- गर्भवती महिलाएं (15-49 वर्ष) जो एनीमिया से पीड़ित हैं, वे 41.50 से बढ़कर 51.80 हो गईं।
- सड़क यातायात दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु दर (प्रति 100,000 जनसंख्या) 17.34 से बढ़कर 19.67 हुई।
- सूचीबद्ध कंपनियों में प्रबंधकीय पदों पर महिलाएं (प्रति 1,000 व्यक्ति) 250 घटकर 182.93 हुई।
- भूमिगत जल का दोहन 44.47 से बढ़कर 47.17 फीसदी हुआ।
- बेरोजगारी दर (15-59 वर्ष) 2.60 से बढ़कर 2.70 फीसदी हुई।
- एसटी के खिलाफ अपराध (प्रति 100,000 एसटी जनसंख्या) 5.50 से बढ़कर 6.60 हुए।
- प्रति 1,000 जनसंख्या पर उत्पन्न प्लास्टिक कचरा 0.21 टन से बढ़कर 1.62 टन हुआ।
- प्रति 100,000 जनसंख्या पर हत्याएं 3.20 से बढ़कर 3.40 हुई।
- प्रति 100,000 जनसंख्या पर बच्चों के विरुद्ध संज्ञेय अपराध 56.40 से बढ़कर 63.40 हुई।
- प्रति 100,000 बाल जनसंख्या पर लापता बच्चे 31.27 से बढ़कर 35.22 हुए।

**बीजापुर:** भोपालपट्टनम में 3 दिनों में 2 बच्चों की मौत

# 187 बच्चों की रिपोर्ट मलेरिया पॉजिटिव



पोटाकेबिन में इलाजरत बच्चे

**पत्रिका ब्यूरो @ भोपालपट्टनम.** बीजापुर जिले मे मलेरिया घातक रूप ले रहा हैं। तीन दिनों मे दो बच्चों की मौत हो गई है। आवासीय विद्यालयों में इस ज्यादा प्रभाव दिखाई दे रहा है। इन मौतों के बाद प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को सभी आवासीय विद्यालयों में सभी बच्चों का मलेरिया टेस्ट करने का निर्देश दिया है। इसके बाद अब तक जिले में 187 बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाए गए है। जिसमें कुछ का अस्पताल में तो कुछ का आश्रम और हॉस्टल में इलाज जारी है। इसको लेकर सियासत भी शुरू हो गई है पूर्व सीएम भूपेश बघेल में ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है।

**सबसे ज्यादा चेरपाल पोटाकेबिन प्रभावित :** स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक चेरपाल पोटाकेबिन में 57 बच्चे, गंगालूर पोटाकेबिन में 22 बच्चे, बालक आश्रम पोगला में 17 बच्चे , बालक आश्रम तामोड़ी में 25 बच्चे, कन्या आश्रम गंगालूर में 4 बच्चे और अन्य आश्रम शालाओं में मलेरिया पॉजिटिव हैं।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर रहे, ताकि स्वास्थ्य शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार सुनिश्चित हो सकें। स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त भण्डारण हो।
**विष्णुदेव साय,** मुख्यमंत्री

यह विशुद्ध रूप से भाजपा सरकार की लापरवाही है कि पोटाकेबिन में बच्चे मलेरिया से जान गंवा रहे हैं। कांग्रेस का बेशक विरोध कीजिए, लेकिन कांग्रेस सरकार की अच्छी योजनाओं पर राजनीति करना जनहित में नहीं है। हमारी सरकार ने बस्तर को मलेरिया मुक्त करने के लिए अभियान चलाया था।
**भूपेश बघेल,** पूर्व मुख्यमंत्री

पत्रिका ने किया था आगाह फिर नहीं चेता प्रशासन

# कॉलम के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबने से युवक की मौत



पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** डीडी नगर इलाके में निर्माण कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। डीडी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। बताया जाता है कि युवक दिशा मैदान के लिए गया था। इस दौरान उसके पैर फिसल गए, जिससे वह गहरे गड्ढे में डूब गया। निर्माण स्थलों पर बड़े-बड़े खुले गड्ढे छोड़ने को लेकर पत्रिका ने सवाल खड़े किए थे। लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई सुध नहीं ली। इसकी कीमत युवक को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पुलिस के मुताबिक इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के सेक्टर-1 में रहने वाला रवि कुमार केवलानी रविवार सुबह आरडीए के निर्माण स्थल के पास चाय दुकान गया था। वहां से वह निर्माण स्थल के पास दिशा मैदान के लिए गया था। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। उसे तैरना नहीं आता था। इसके चलते वह बाहर नहीं निकल पाया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीडी नगर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची। युवक के शव को बाहर निकाला गया। उसकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

लगातार


निर्माणाधीन भवन और खाली प्लॉटों में जमा पानी को अनदेखा करना पड़ सकता है भारी

पत्रिका
25 जून 2024 को प्रकाशित

### साल भर से बंद है निर्माण कार्य

**आरडीए** बहुमंजिला इमारत बनवा रहा है। इसके बेसमेंट और कॉलम के लिए 20 फीट से ज्यादा खुदाई की गई है। खुदाई 5 हजार वर्गफीट से ज्यादा एरिया में हुई है। बारिश होने से उसमें पानी भर गया है। यह छोटे तालाब जैसा हो गया है। इसके आसपास सुरक्षा घेरा नहीं बनाया गया है। सुरक्षा गार्ड भी तैनात नहीं है। इस कारण इसके आसपास जाने वालों को डूबने का खतरा रहता है। मवेशियों के भी इसमें डूबने की आशंका बनी हुई है।

**विधानसभा उपचुनाव:** कांग्रेस-भाजपा दोनों के दावेदार सक्रिय

# उपचुनाव पर सभी की नजर, तय होगा राजनीतिक दलों का भविष्य

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** देश में हुए 13 विधानसभा सीटों में हुए उपचुनाव के नतीजों ने राजनीतिक समीकरण बदलने का काम किया है। इसके बाद अब छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसकी तारीख अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन सभी की नजर उपचुनाव के नतीजों पर रहेगी। कांग्रेस-भाजपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। कांग्रेस के सामने भाजपा के गढ़ को भेदने की चुनौती है, तो भाजपा जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखने के लिए दमखम दिखाने की तैयारी कर रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को टिकट दी थी। इसके साथ ही यह भी तय हो गया था कि रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यही वजह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस-भाजपा के दावेदारों ने अपने स्तर पर जनसंपर्क शुरू कर दिया था। अब यहां से कांग्रेस-भाजपा दोनों में दावेदारों की लंबी सूची है। इन सब के बीच रायपुर दक्षिण के कार्यकर्ताओं में मायूसी है। इसके कई कारण है। भाजपा के कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर थोड़ी निराशा है कि बृजमोहन अग्रवाल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। जबकि उनके निवास पर हमेशा आम जनता की भीड़ लगी रहती थी। वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर निराशा है कि अब नए-नए दावेदार खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा अब सरकार भी उनकी नहीं रही है। उपचुनाव को लेकर कांग्रेस-भाजपा के भीतर सरगर्मी तेजी से बढ़ी है। दोनों ही राजनीतिक दल अब बैठकों के जरिए इसकी रणनीति बनाने में जुटे हैं।

### दिल्ली तक लगने लगी दौड़



**कांग्रेस-भाजपा** के टिकट दावेदारों को यह बात अच्छे से मालूम है कि टिकट वितरण के अंतिम फैसले पर शीर्ष नेतृत्व ही अपनी मुहर लगाएंगा। यही वजह है कि कांग्रेस-भाजपा के दावेदार स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के साथ संपर्क बनाने के साथ-साथ दिल्ली तक की भी दौड़ लग रहे हैं। लोकसभा के बजट सत्र के दौरान दावेदारों का दिल्ली दौर और तेज हो जाएगा।

### हमेशा सत्ता पक्ष रहा है भारी

राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ में विभिन्न कारणों से उपचुनाव होते रहे हैं। इन उपचुनावों में हमेशा सत्ता पक्ष भारी रहा है। यही वजह है कि इस बार रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है। वैसे भी यह सीट भाजपा की गढ़ है। यहां से बृजमोहन अग्रवाल आठ बार के विधायक रह चुके हैं। अग्रवाल के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद यह सीट खाली हुई है।

**शराब घोटाला:** नोएडा के कासना में दर्ज एफआईआर पर कार्रवाई

# पूर्व आईएएस टुटेजा को मेरठ ले गई यूपी पुलिस



अनिल टुटेजा

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** शराब घोटाले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को प्रोडक्शन वारंट में यूपी पुलिस लेकर रवाना हो गई है। रायपुर के ईडी कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद सेंट्रल जेल रायपुर से मेरठ के स्पेशल कोर्ट में सोमवार को पेश किया जाएगा। बताया जाता है कि नकली होलोग्राम बनाने के मामले पर अनिल टुटेजा के खिलाफ नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज है। इस प्रकरण में अनवर ढेबर और अरूणपति त्रिपाठी को पहले ही यूपी एसटीएफ की टीम प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जा चुकी है। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि यूपी एसटीएफ की टीम ने स्थानीय कोर्ट से जारी ट्रांजिट रिमांड लेकर पहुंची थी। इसमें बताया गया था कि शराब घोटाले के प्रकरण में अनिल टुटेजा को पेश किया जाना है। ईडी कोर्ट ने यूपी एसटीएफ के आवेदन पर अनिल टुटेजा को प्रोडक्शन वारंट पर ले जाने की अनुमति दी। बता दें कि जुलाई 2023 में नकली होलोग्राम मामले में ईडी के डिप्टी डायरेक्टर ने नोएडा के कासना थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। 3 मई को यूपी एसटीएफ ने प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया था। इस दौरान मिले इनपुट के आधार पर अनवर और अरुणपति को प्रकरण की जांच करने के लिए अपने साथ लेकर गई है।

## नेशनल लोक अदालत ने 8.31 लाख प्रकरणों का निराकरण

**रायपुर@पत्रिका.** नेशनल लोक अदालत में प्रदेशभर में 605 खंडपीठ में 8 लाख 31 हजार 848 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसमें 7 लाख 66 हजार 639 प्री- लिटिगेशन और 65139 लंबित प्रकरण शामिल हैं। साथ ही 230 करोड़ 9 लाख 55 हजार 219 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने प्रदेश के सभी 23 जिला एवं सत्र न्यायालयों में चल रही सुनवाई की वर्चुअल जानकारी ली। साथ ही सभी जिला न्यायाधीशों एवं खंडपीठों के पीठासीन अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायालय रायगढ़ में उम्रदराज पति-पत्नी के बीच घरेलू हिंसा के विवाद के बाद उनके बीच हुए समझौते में पक्षकारों के प्रयासों की सराहना की।

बता दें कि पहली बार मुख्य न्यायाधिपति की पहल पर हाईकोर्ट के सभी न्यायमूर्तिगणों द्वारा अपने पोर्टफोलियो जिलों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत की कार्रवाई का निरीक्षण किया गया। मुख्य न्यायाधिपति ने इस वर्ष के द्वितीय लोक अदालत में भूमिका निभाने वाले प्रधान जिला न्यायाधीशगणों सभी खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों एवं सदस्यों, न्यायालयीन कर्मचारियों, पैरालीगल वालेंटियर, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, पक्षकारों और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वालों की प्रशंसा की।

**ऐसा है मामला** पिटबुल डॉग के हमले में घायल युवक 24 घंटे बाद पहुंचा एफआईआर कराने

# 'पिटबुल नोंच रहे थे, महिला देखती रही पर कुछ नहीं किया'

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** पिटबुल डॉग्स के हमले से घायल हुए सलमान खान ने अस्पताल में इलाज के बाद थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। यह घटना अनुपम नगर में शुक्रवार को हुई, जब दो पिटबुल श्वान ने एक ऑटो चालक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इस घटना की शिकायत घायल युवक ने 24 घंटे बाद खम्हारडीह थाना में शनिवार देर रात दर्ज कराई। सलमान खान, जो बोरिया, मोती नगर के निवासी हैं, 12 जुलाई 2024 को दोपहर करीब 1 बजे अनुपम नगर निवासी डॉ. अक्षत राव के घर पीवीसी पैनल की डिलीवरी देने गए थे। जैसे ही सलमान ने डॉ. राव के घर का मेन गेट खोला, दोनों काले पिटबुल श्वान उन पर टूट पड़े और उन्हें कई जगहों पर बुरी तरह काटा और घायल कर दिया। उनके हाथ, पेट, घुटनों और छाती पर गंभीर चोटें आई।

**मोहल्लेवासियों पर भी कर चुके हैं हमला :** आसपास के लोगों ने बताया कि कई बार उनके बच्चों को पिटबुल श्वान दौड़ाते हैं और कुछ लोगों को काट भी चुके हैं। उन्होंने नगर निगम और थाने में कई बार शिकायत की है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।




पिटबुल डॉग के हमसे से खुद को बचाने की कोशिश करता युवक। हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### 10-15 सेकंड तक मैं खुद को बचाता रहा

**सलमान** ने बताया, जैसे ही मैंने वहां जाकर आवाज लगाई, कोई बाहर नहीं आया। जैसे ही मैंने मेन गेट खोला, दोनों पिटबुल श्वान मुझ पर टूट पड़े और मुझे अंदर खींचने लगे। मैंने 10-15 सेकंड तक छुड़वाने की कोशिश की, लेकिन वे मुझे छोड़ने का नाम नहीं ले रहे थे। जिस समय पिटबुल मुझ पर हमला कर रहे थे, वहां पर एक महिला खड़ी होकर देख रही थी, लेकिन उन्होंने कोई मदद नहीं की। सलमान ने बताया कि डॉ. अक्षत राव ने उन्हें फोन करके आने की सलाह दी थी, लेकिन उन्हें पहले इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी कि श्वान है।

पीड़ित सलमान खान की रिपोर्ट पर नए कानून बीएनएस की धारा 291 के तहत डॉग के मालिक डॉ. अक्षत राव पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
**-नरेन्द्र मिश्रा,** थाना प्रभारी, खम्हारडीह, रायपुर

## मांडू की हसीन वादियों को निहारने पहुंच रहे पर्यटक



**मांडू@पत्रिका.** चारों ओर हरियाली की चादर और रिमझिम बरसता पानी और कोहरे की चादर ओढ़ मांडू की ऐतिहासिक इमारतें पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। रविवार छुट्टी वाले दिन मांडू के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की भीड़ लगी रही। मांडू के रानी रूपमती, बाज बहादुर, जहाज महल, होशंग शाह का मकबरा, नीलकंठ महादेव जैसे स्पॉटों पर्यटक इन यादगार लम्हों को कमरे में कैद करते और मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए।

### प्रदेश में हल्की और मध्यम बारिश का सिलसिला रहेगा जारी, 20 के बाद ही तेज बारिश के आसार

# बड़ा सिस्टम सक्रिय नहीं, अभी ऐसा ही रहेगा मानसून का मिजाज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में पिछले तीन चार दिनों से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। इसका कारण मानसून ट्रफ उत्तर प्रदेश की ओर शिफ्ट होना है। अभी जो सिस्टम बन रहे हैं, उससे नमी आ रही है, जिसके कारण कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। अगले तीन चार दिन मौसम का मिजाज इसी तरह रहने की संभावना है। इसके बाद बंगाल की खाड़ी की ओर एक सिस्टम बनने की उम्मीद है। इसके चलते 20 के बाद बारिश में थोड़ी तेजी आ सकती है।




### बारिश कहां कितनी

| | |
|---|---|
| सागर | 44 |
| सिवनी | 19 |
| रतलाम | 18 |
| खरगोन | 18 |
| बैतूल | 10 |
| मलाजखंड | 6 |

बारिश शाम 5:30 बजे तक

**दिनभर धूप-छांव का खेल, शाम को हुई बारिश**

**प्रदेश** में रविवार को रतलाम, खरगोन, सिवनी सहित कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। भोपाल में दिन में कभी धूप तो कभी छांव की स्थिति रही, वहीं शाम को काले घने बादलों के साथ शहर के कुछ हिस्सों में बौछारे पड़ी। इस दौरान बैरागढ़ में 0.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### मानसून ट्रफ अभी लखनऊ की ओर

**मौसम विभाग** की फोरकास्ट इंचार्ज डॉ दिव्या सुरेंद्रन का कहना है कि फिलहाल मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। मानसून ट्रफ अभी लखनऊ की ओर है। जो नमी आ रही है, उसके कारण हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। अभी इसी तरह का सिलसिला जारी रहेगा। 20 के बाद ही बारिश में तेजी की उम्मीद है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### घोटाले के आरोपियों को नौ माह बाद भी सजा नहीं

**छतरपुर.** नगर परिषद बारीगढ़ में नौ महीने पहले जिला स्तरीय टीम की जांच में 5.50 करोड़ का घोटाला उजागर हुआ था। हैरानी यह है कि आरोपियों तत्कालीन सीएमओ श्रवण कुमार द्विवेदी और लेखापाल महगू रैकवार के खिलाफ कार्रवाई तक नहीं हुई है। सीएमओ व लेखापाल ने सप्लायर को फायदा पहुंचाने नियमों को ताक पर रख भुगतान किया। इतना ही नहीं, जांच में पाया गया, अफसरों ने निविदा प्रक्रिया का पालन किए बिना संविदाकारों की मिलीभगत से गबन किया है।

### सेना के जवान से पैसे मांगे, नहीं दिए तो मारा चाकू

**जबलपुर.** जम्मू से छुट्टियों पर आए सेना के जवान पर शनिवार देर रात चाकू से वार कर बदमाश ने घायल कर दिया गया। वारदात यादगार चौक के पास हुई। केंट पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया, बिलहरी चेतना मैदान निवासी धरम सिंह वर्षे (40) की पोस्टिंग जम्मू में है। शनिवार रात रास्ते में प्रशांत पासी ने रोककर शराब पीने के लिए रुपए मांगे। इनकार किया, तो प्रशांत ने मार दिया।

### 98 दिन चले सर्वे की रिपोर्ट आज होगी पेश

**धार.** ऐतिहासिक धरोहर भोजशाला में हुए वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट आज इंदौर हाईकोर्ट में पेश होगी। एएसआइ की टीम ने तकनीक और एक्सपर्ट की मदद से 98 दिनों तक जो सर्वे किया, उससे भोजशाला के इतिहास पर से पर्दा उठाने में यह रिपोर्ट कारगार साबित होगी। इसमें एएसआई वैज्ञानिक पद्धति से हुई जांच व सर्वे की जानकारी प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर कोर्ट आगे की सुनवाई करेगी।

### युवक की मौत के बाद अस्पताल में बवाल

**ग्वालियर.** सांप डसने के बाद पुरुषोत्तम बघेल नाम के युवक को परिजन अस्पताल लाए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। डॉक्टरों व परिजन के बीच मारपीट भी हुई। मामला कंपू थाना इलाके में स्थित एक हजार बिस्तर अस्पताल का है। दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

### @10 जिले तापमान

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 36.9 | सागर | 28.8 |
| भोपाल | 33.5 | सतना | 35.3 |
| शिवपुर | 33.2 | जबलपुर | 34.8 |
| खजुराहो | 36.0 | नौगांव | 34.3 |
| दमोह | 33.5 | इंदौर | 32.0 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

### सॉफ्टवेयर में लोकेशन ट्रेस होने का विकल्प, लेकिन काम नहीं करता

# ई-रजिस्ट्री पोर्टल में खामियां, जमीन कहीं और, फोटो किसी और लोकेशन की

**पत्रिका पड़ताल**

**नागदा.** प्रदेश भर में भू-संपदा के लिए ई-रजिस्ट्री पोर्टल लॉन्च किया गया है, लेकिन अब इसमें विसंगतियां सामने आ रही हैं। जिले के खाचरौद में जाली दस्तावेज और फोटो के आधार पर फर्जी रजिस्ट्री का केस उजागर होने के बाद ई-रजिस्ट्री पोर्टल की एक बड़ी खामी सामने आई है। ई-रजिस्ट्री के पोर्टल पर जमीन कहीं की और फोटो किसी और लोकेशन का अपलोड करके आसानी से रजिस्ट्रियां की जा रही हैं।

पत्रिका इंवेस्टिगेशन में सामने आया है कि सॉफ्टवेयर में फोटो अपलोड करने पर लोकेशन ट्रेस करने का ऑपशन तो है, लेकिन ये काम नहीं करता। हालांकि शासन स्तर पर इस पर काम चल रहा है, लेकिन लंबे समय से चली आ रही सॉफ्टवेयर की इस विसंगति की वजह से सर्विस प्रोवाइडर के सामने भी चुनौतियां बढ़ गई हैं। नागदा-खाचरौद में प्रतिदिन औसत 100 से ज्यादा रजिस्ट्रियां होती हैं, ऐसे में पोर्टल की इस गड़बड़ी के कारण अब तक कथिततौर पर हुई या हो रही फर्जी रजिस्ट्रियों की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

### फर्जी रजिस्ट्री से जुड़ी आ रही शिकायत



**खाचरौद** तहसील के चांपाखेड़ा के रामनरसिंह पिता गोवर्धन के दस्तावेजों में च्चामज् शब्द हटाकर इसी गांव के नरसिंह पिता गोवर्धन के जाली दस्तावेज तैयार करके इनकी 8 बीघा जमीन की रजिस्ट्री का मामला उजागर होने के बाद ऐसा ही एक और शिकायत खाचरौद थाने में पहुंची हैं। जावरा रोड खाचरौद निवासी अजयकुमार जैन ने खाचरौद थाने में आवेदन दिया है कि उन्होंने ग्राम चांपाखेड़ा पटवारी हल्का नंबर 11 राजस्व निरीक्षक मंडल की कृषि भूमि सर्वे ₹ मांक 307/1 रकबा 0.14 हे. व सर्वे नंबर 341 रकबा 0.67 हे. में से रकबा 0.27, कुल 0.41 हे. जमीन चांपाखेडा निवासी रामनरसिंह सगीत्रा पिता गोवर्धनलाल से 21 अक्टूबर 2021 को 5 लाख 57 हजार 600 रुपए में खरीदी थी। वर्तमान में अजय ने इस जमीन पर सोयाबीन बो रखी है। जमीन खरीदते वक्त अजयकुमार व रामनरसिंह के बीच यह भी करार हुआ कि भूमि पर जो बंधक था उसे रामनरसिंह जमा कराएगा। भूमि बंधक मुक्त होने पर इसका नामांतरण अजयकुमार के नाम हो जाएगा। मगर रामनरसिंह ने इस जमीन को बंधक मुक्त नहीं कराई। जिस कारण अजयकुमार का नामांतरण राजस्व अभिलेख में दर्ज नहीं हुआ।

#### जमीन का सौदा पहले ही हो चुका

इधर, अजय ने 9 जुलाई 2024 को रजिस्ट्री की नकल निकलवाई तो पता चला कि रामनरसिंह ने जो जमीन उसे बेची थी, उसी जमीन का सौदा अधिक राशि लेकर 26 फरवरी 2024 को भानुप्रतापसिंह पिता राजेंद्रसिंह निवासी मलवासा जिला रतलाम से कर दिया। जिसकी रजिस्ट्री भी हो चुकी है।

### उपलब्ध कराए फोटो को मान्य करना मजबूरी

सर्विस प्रोवाइडरों का कहना है कि हर लोकेशन को वेरिफाई करना मुश्किल है। ऐसे में क्रेता-विक्रेता अपने मोबाइल में फोटो खींचकर उपलब्ध करा देता है, जो रजिस्ट्री के वक्त काम करता है। चूंकि रजिस्ट्री के दौरान क्रेता-विक्रेता की तरफ से शपथ पत्र दिए जाने से सारी जवाबदेही क्रेता-विक्रेता ही तय हो जाती है, जिससे सर्विस प्रोवाइडर निश्चित हो जाता है। सर्विस प्रोवाइडर जितेंद्र पांचाल ने बताया कि फोटो खींचने के लिए हर लोकेशन पर जाना मुश्किल है, इसलिए क्रेता-विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराएं जाने वाले फोटो को मान्य करना मजबूरी है। पोर्टल पर फोटो अपलोड करने पर लोकेशन ट्रैस करने का ऑपशन तो है, लेकिन ये काम नहीं करता।

नए सॉफ्टवेयर में फोटो अपलोड करने पर लोकेशन ट्रेस करने की सुविधा रहेगी। शासन स्तर पर इस पर काम चल रहा है।

**- ऋतंबरा द्विवेदी,** जिला पंजीयक, उज्जैन

### भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष का शव मिला

**सागर@पत्रिका.** तीन दिन से लापता भाजपा सागर के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकुमार पुत्र लखनलाल बरकड़े (44) का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। मामला केसली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है, 3 दिन पहले वह घर से बाजार जाने का कहकर निकले थे, तब से लापता थे। रविवार की दोपहर में उनका शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तत्कालीन इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम के साथ पड़ताल में जुट गए। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि भाजपा संगठन भी सक्रिय हो गया है।

### लूट के इरादे से चलती कार पर मारा पत्थर, रिटायर्ड नर्स की मौत

**जबलपुर@पत्रिका.** जीसीएफ केंद्रीय विद्यालय 1 के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट के इरादे से शनिवार रात चलती कार पर पत्थर मार दिया। पत्थर पीछे बैठीं रिटायर्ड नर्स के सिर पर लगा। इससे उनकी मौत हो गई। वे भतीजे के साथ डिंडोरी से लौट रहीं थीं। घमापुर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया, ग्वारीघाट दुर्गा नगर निवासी विराक दुबे (65) तो जब पत्थर लगा, तो कार चला रहे भतीजे दीपांशु आरोपियों के इरादे भांप गया और कार नहीं रोकी और सीधा अस्पताल पुहुंचा, जहां उपचार के दौरान विराक की मौत हो गई।

### शांति समिति की बैठक का वीडियो वायरल

## सबलगढ़ एसडीएम के बिगड़े बोल- दो तीन सीएमओ ठोक चुका, अब इसकी बारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**मुरैना/कैलारस.** सबलगढ़ एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने नगरपालिका सीएमओ अमजद गनी के खिलाफ विवादित बयान देते हुए कहा कि मैं दो-तीन सीएमओ को ठोक चुका हूं, अब इसकी बारी है। यह बात उन्होंने दो दिन पहले कैलारस थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कही। एसडीएम के विवादित बयान से संबंधित वीडियो दिनभर सोशल मीडिया में छाया रहा।

#### एसडीएम की भाषा गुंडों जैसी, अफसर लें संज्ञान


सबलगढ़ एसडीएम ने मेरे लिए जो अमर्यादित भाषा उपयोग की है, वह गुंडों जैसी है। मैं विजयपुर में मुख्यमंत्री के प्रोग्राम में आया हूं। उनका वीडियो मेरे पास आया है। आला अफसरों को इस संबंध में संज्ञान लेना चाहिए।

**-अमजद गनी,** सीएमओ नपा कैलारस

#### सीएमओ से मेरी दुश्मनी नहीं, मुझे काम चाहिए

सीएमओ से मेरी कोई पर्सनल रंजिश नहीं है। वे सात-सात दिन ऑफिस नहीं आते, गंदगी से लोग परेशान हैं। जनसुनवाई में लोग हमारे ऊपर चढ़ते हैं। हमें काम कराना है, या तो सीएमओ काम करें या मेरे अनुविभाग से ट्रांसफर ले लीजिए।

**-वीरेंद्र कटारे,** एसडीएम सबलगढ़




**भोपाल@पत्रिका.** आदि शंकराचार्य तीर्थ स्थली ओंकारेश्वर का एकात्म धाम एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित है जिसके पीछे बीते दो महीने में दो विलक्षण व दैवीय घटनाएं घटित होना सामने आया है, एक में मूर्ति के ऊपर एक विशाल प्रतिबिंब दिखाई दिया है तो दूसरी घटना में मूर्ति के पीछे आसमान पर शंकराचार्य की मूर्ति के समान प्रतिकृति दिखी है। दोनों ही घटनाएं रिकॉर्ड में आने के बाद आचार्य महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने इन्हें अत्यंत अलौकिक बताया है तो आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने इन पर शोध के लिए विचार करना शुरू कर दिया है।

### जबलपुर : बरेला बाइपास पर दर्दनाक हादसा

## ट्रक-ट्रेलर में आमने-सामने की टक्कर, जिंदा जला ट्रेलर चालक



**जबलपुर@पत्रिका.** बरेला थाना क्षेत्र में बाइपास पर शनिवार रात ट्रक और ट्रेलर में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ट्रेलर में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से चालक जिंदा जल गया, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। रविवार को पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक पर प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस ने बताया, यूपी के आजमगढ़ निवासी विकास गौतम ट्रेलर में लोहा लोड कर रायपुर से चंडीगढ़ जा रहा था। रात 11.30 बजे बरेला बाइपास के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रेलर में आग लग गई। विकास ट्रेलर में फंस गया, जबकि ट्रक चालक भाग गया। विकास के ट्रेलर के पीछे उसके ही गांव का अजीत कुमार ट्रक से आ रहा था। उसने घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मदद से ट्रेलर में लगी आग बुझाने का प्रयास किया।

### ...जब पति को पीठ पर लादे डॉक्टर के पास पहुंची महिला



**भिंड @पत्रिका.** जिला अस्पताल से एक मार्मिक तस्वीर सामने आई है। यहां एक महिला को स्ट्रेचर नहीं मिला, तो वह अपने पति को पीठ पर लादकर डॉक्टर के पास ले आई। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में पति के एक पैर में प्लास्टर लगा दिख रहा है। जानकारी के अनुसार, स्ट्रेचर नहीं मिलने पर महिला को ऐसा करना पड़ा। तभी वहां मौजूद एक शख्स ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। जानकारी मिलते ही प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. जेएस यादव ने अस्पताल प्रबंधक साकेत चौरसिया को नोटिस जारी किया है। दरअसल समस्या व्हील चेयर या स्ट्रेचर की कमी की नहीं है, बल्कि अव्यवस्था की है, जिसके चलते मरीजों को आए दिन परेशानी उठानी पड़ती है।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**चोरी**

### खाने का पैसा बचाने, रची ट्रक चोरी की कहानी

**ग्वालियर.** होटल पर खाने का पैसा नहीं चुकाना पड़े, इसलिए चालक ने ट्रक चोरी की कहानी रच दी। पुलिस ने बताया, ट्रक मालनपुर से बिस्कुट भरकर रवाना हुआ था। चालक ढाबे पर रुका। थोडी देर बाद ट्रक चोरी का हल्ला मचा दिया। पुलिस ने तीन घंटे में ट्रक ढूंढ निकाला। पता चला ढाबे वाले से विवाद के कारण ट्रक चालक ने ऐसा किया।



**शिवपुरी**

### दुकान में था कोबरा, जान बचाकर भागा दुकानदार

**शिवपुरी.** सिंधिया छत्री के पास एक दुकान में उस समय हड़कंप मच गया, जब उसमें कोबरा मिला। सांप की फुफकार सुनकर दुकानदार को शक हुआ, तो उसने दुकान में ध्यान से देखा। उसे कोबरा की पूंछ नजर आई, जिसके बाद वह शोर मचाते हुए बाहर भागा। सूचना पर पहुंचे नेशनल पार्क के कर्मचारी कोबरा को पकड़कर ले गए।

**ग्वालियर**

### सूने घर से चोरों ने उड़ाए रुपए और दस्तावेज

**ग्वालियर.** घर मालकिन मायके और बेटा दोस्त के यहां चला गया। मकान सूना देखकर चोर घुस गए। अलमारी से 10 हजार रुपया और दस्तावेज ले गए। सेवा नगर (ग्वालियर) निवासी नरेन्द्र सिंह की पत्नी कमलेश राजपूत ने पुलिस को बताया, दो दिन पहले वह यूपी गई थीं। बेटा भी दोस्त के यहां था। चोरों ने ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। वह वापस लौटीं तो चोरी का पता चला।

### आइसीएमआर के सर्वे में खुलासा, एक साल बाद भी नहीं शुरू हुआ कंप्यूटराइज्ड प्रिस्क्रिप्शन

# आधे डॉक्टर लिखते हैं अधूरा प्रिस्क्रिप्शन, फार्मूले के नाम से लेकर दवा की खुराक तक में मिलीं कमियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** हर सौ में से 45 डॉक्टर डॉक्टर मरीजों के पर्चा पर आधा अधूरा प्रिस्क्रिप्शन लिख रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में जल्दबाजी में लिखे गए पर्चों में गलतियों से लेकर आधी अधूरी जानकारी होती हैं। यह खुलासा आइसीएमआर के सर्वे से हुआ है। जिसमें एम्स भोपाल समेत 13 अस्पतालों को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 45 फीसदी डॉक्टर अधूरा पर्चा लिखते हैं। इस मामले की पत्रिका द्वारा पड़ताल की गई। जिसमें यह स्थिति शहर के अस्पताल में भी देखने को मिली। हमीदिया अस्पताल के तीन विभाग के 7 पर्चों में से सिर्फ तीन में ही मरीज को साफ और कैपिटल लेटर में पूरा पर्चा लिखा गया।



#### हमीदिया के 3 विभागों के पर्चों में देखने मिला

- सर्जरी विभाग के एक पर्चे में 6 जगह कटिंग। इसी विभाग के चार पर्चों में से सिर्फ एक ही में सारी चीजें लिखी हुई थी।
- स्किन विभाग के पर्चे में डॉक्टर ने नियमों पालन किया। कैपिटल लेटर में पर्चा लिखा।
- गेस्ट्रो यूनिट में मरीज को स्मॉल लेटर में लिखा प्रिस्क्रिप्शन दिया गया। पढ़ने में समस्या हो रही थी, साथ ही कटिंग भी थी।

#### पर्चे में क्या-क्या होना चाहिए

सही तरीका यह है कि पहले मरीज की हिस्ट्री लिखनी चाहिए, साथ ही उसे क्या बीमारी है यह भी साफ तौर पर लिखनी है। ऐसे पांच पॉइंट है, जो हर डॉक्टर को सिखाई जाती हैं। इसमें प्रोविजनल डायग्नोसिस भी लिखना चाहिए। यह दुर्भाग्य है कि डॉक्टर प्रैक्टिस के दौरान इसका पालन नहीं करते हैं। सरकारी डॉक्टरों के सामने मरीजों की लंबी भीड़ होती है। जिससे वे कई बार समय बचाने के लिए अधूरा पर्चा लिखते हैं। हालांकि साफ पर्चा लिखना जरूरी है। जिससे दवा खाने से मरीज को सही दवा ही मिले।

**-डॉ. पंकज शुक्ला,** पूर्व संचालक, एनएचएम

### बालाघाट : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के साथ मिलकर की वारदात

## ढाई साल की मासूम के अपहरण मामले में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष समेत तीन गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालाघाट.** नगर भाजपा नेत्री पर ढाई साल की बच्ची के अपहरण का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सारिका बिसेन के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगिता कावड़े व भरवेली केंद्र की सहायिका उषा कठौते को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले 11 जुलाई को मॉयल नगरी भरवेली से ढाई साल की एक बच्ची गुम हो गई थी। बच्ची के दत्तक पिता वीरू कठौते ने पहले आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी तलाश की। जब कुछ भी पता नहीं चला तो 13 जुलाई की शाम को भरवेली पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बच्ची के लापता होने के स्थान से लेकर सभी संभावित जगहों पर उसकी तलाश की। रविवार को शहर मुख्यालय के बूढ़ी से बच्ची को बरामद किया गया।

**संतान सुख की चाह में वारदात :** पुलिस के अनुसार, पकड़ी गई महिलाओं में एक महिला की संतान नहीं है। उसी महिला ने संतान गोद लेने कुछ दिन पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता योगिता कावड़े से संपर्क किया। योगिता ने भरवेली आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका उषा कठौते को जानकारी दी, तब उषा ने बच्ची के बारे में बताया। इसके बाद बच्ची के दत्तक पिता वीरू कठौते से संपर्क किया तो उसने बच्ची गोद देने से मना कर दिया। इसके बाद अपहरण की योजना बनाई।

जांच में पता चला है, तीनों ने एक महिला को संतान सुख देने योजनाबद्ध तरीके से बच्ची को महिला के पास पहुंचाया। पूछताछ के बाद पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

**- अंजुल अयंक मिश्रा,** नगर पुलिस अधीक्षक

कौशल्या यूनिवर्सिटी की नई पहल, डीजीसीए की ओर से ड्रोन उत्पादन का टाइप सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाली देश की पहली यूनिवर्सिटी

# किसानों को 1200 रुपए में देंगे ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण

## विश्व युवा कौशल दिवस पर विशेष

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** अहमदाबाद स्थित कौशल्या -द स्किल यूनिवर्सिटी की ओर से जल्द ही किसानों और उनके पुत्रों को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 1200 रुपए में इसका प्रशिक्षण मिलेगा। यूनिवर्सिटी ने यह नई पहल की है। आम तौर पर निजी क्षेत्र में यह प्रशिक्षण 50 से 60 हजार रुपए में मिलता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) नई दिल्ली ने कौशल्या यूनिवर्सिटी के अहमदाबाद में कार्यरत ड्रोन मंत्रा लैब को इसका उत्पादन के लिए टाइप सर्टिफिकेट दिया गया है। यह देश की पहली यूनिवर्सिटी है जिसने ऐसा सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। कौशल के साथ शिक्षा के जरिए राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई।



प्रशिक्षण के लिए रखे गए ड्रोन।



ड्रोन का प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी।

### खाद-कीटनाशकों के छिड़काव की मांग

आज के दौर में कृषि क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से रासायनिक खाद और कीटनाशकों के छिड़काव की बड़ी मांग है। वर्तमान में जिस परम्परागत पद्धति के अनुसार पम्प के जरिए छिड़काव किया जाता है, उससे किसानों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ड्रोन से छिड़काव के कारण कीटनाशक दवा और खाद की बचत होती है, साथ ही पूरे खेत में आवश्यक मात्रा में छिड़काव होने से खेत उत्पादन में भी बढ़ोतरी देखने को मिलती है। यूनिवर्सिटी की ओर से अलग-अलग 6 संकायों के माध्यम से सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर पीएचडी स्तर तक के पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। इनमें से स्कूल ऑफ ड्रोन के मार्फत ड्रोन क्षेत्र की संपूर्ण कुशलता को कवर करने वाले पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं।

### 19 आईटीआई में शुरू होगा पायलट प्रशिक्षण

वर्तमान में यूनिवर्सिटी की ओर से कलोल में रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (आरटीपीओ) कार्यरत किया गया है। आगामी समय में पायलट प्रशिक्षण की मांग को पूरा करने के लिए शीलज कैम्पस में नया आरटीपीओ शुरू करने की मंजूरी दी गई है। साथ ही 19 और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रशिक्षण शुरू करने की प्रकिया जारी है।

### 100 ड्रोन बनाए

अहमदाबाद के रायपुर में स्थित ड्रोन मंत्रा लैब में 100 ड्रोन का उत्पादन भी किया गया है। यहां बनाए गए ड्रोन छोटी श्रेणी के ड्रोन हैं, जिसे 'कौशल्या ड्रोन' नाम दिया गया है। विद्यार्थियों को ड्रोन निर्माण के लिए आवश्यक प्रशिक्षण मिलने से वे इस क्षेत्र में सर्वांगीण अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से निर्मित ड्रोन का उपयोग राज्य के अन्य जिलों में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सुविधा के विस्तार के लिए किया जाएगा।

# जैनाचार्य पद्मसागर सूरीश्वर से मिले सीएम



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को गांधीनगर के निकट कोबा स्थित श्री महावीर जैन आराधना केंद्र में चातुर्मास के लिए पधारे जैनाचार्य पद्मसागर सूरीश्वर के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कोबा में यह केंद्र इनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन में कार्यरत हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव मात्र का अंतिम लक्ष्य तो प्रभु प्राप्ति का ही होता है।

इसका मार्ग संत शक्ति के आशीर्वाद और उनके व्याख्यान श्रवण से और अधिक आसान हो जाता है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मयंक नायक, गांधीनगर की महापौर मीरा पटेल सहित कई जैनाचार्य व श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को मिलेगी सहायता

## स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात ने खिलाड़ियों से मांगी प्रविष्टियां

**गांधीनगर.** वर्ष 2024-25 के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात (एसएजी) की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे। इसके तहत पदक विजेता खिलाड़ी छात्रवृत्ति के लिए, सेवानिवृत्त खिलाड़ी पेंशन के लिए और विभिन्न पुरस्कारों के लिए पात्र खिलाड़ी आवेदन के योग्य हैं। खेल संघ और व्यायामशालाएं मान्यता और अनुदान के लिए और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गुजरात के खिलाड़ी आर्थिक सहायता के लिए आवेदन कर सकेंगे। राज्य सरकार के खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियों विभाग के तहत स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात की विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक पात्र खिलाड़ी वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात की वेबसाइट लिंक पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** सरखेज-सनाथल ब्रिज के निकट ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सरखेज के मकरबा स्थित चुनारावास में रहने वाला रणजीत चुनारा शनिवार शाम सरखेज-सनाथलब्रिज के निकट ट्रेन के चपेट में आ गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई।

## राधनपुर में सर्पदंश से बच्ची की मौत

**पाटण @ पत्रिका.** जिले के राधनपुर के शेरबाग इलाके में सर्पदंश से सात साल की बच्ची की मौत हो गई। शेरबाग इलाके में रहने वाले दिव्यांगभाई खमार अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे 7 साल की बेटी क्रिशा जाग गई और चिल्लाते हुए बोली कि उसे किसी चीज ने काट लिया हैं। हालांकि देर रात करीब 2 बजे कमरे के बाहर सो रहे दादा को अपने पैरों के ऊपर से कुछ गुजरने का एहसास हुआ, वे तुरंत उठे और 2 फीट लंबे सांप को घूमते देखा। परिजनों ने बच्ची को निजी अस्पताल पहुंचाया वहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

पैलेडियम मॉल के पास एक कार ने दूसरी कार को मारी टक्कर

# एस जी हाईवे : हिट एंड रन में 2 युवकों की मौत, 2 घायल

### शहर में 15 दिनों के भीतर दूसरी घटना

### घटना के बाद कार चालक फरार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर में एक बार हिट एंड रन की घटना सामने आई है। शहर के एसजी हाईवे पर शनिवार देर रात करीब ढाई बजे तेज गति से आती हुई एक कार ने दूसरी कार को टक्कर मार दी। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में अल्पेश गागडेकर (30) और कमल आडवाणी (26) शामिल हैं। दोनों शहर के कुबेर नगर इलाके के रहने वाले थे। घायलों में सोनू घैयडा (23) और मयूर आहूजा (28) शामिल हैं। ये दोनों भी कुबेर नगर इलाके के रहने वाले हैं। दोनों घायलों को सोला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर में 15 दिनों के भीतर यह दूसरी ऐसी घटना है। सोला एसजी हाईवे-1 थाने की ओर से बताया गया कि शनिवार देर रात करीब 2:30 बजे सोनू घैयडा तथा उसके मित्र मयूर, अल्पेश और कमल कार में सवार होकर वैष्णो देवी से एसजी हाईवे होते हुए सीजी रोड जा रहे थे। एस जी हाईवे पर पैलेडियम मॉल के सामने वॉशरूम की बात कह कर कार रोकी गई। यहां पर कमल और अल्पेश दोनों कार से नीचे उतरकर कार की बाईं ओर खड़े थे। इसी दौरान कारगिल चार रास्ते से एक अन्य कार एस जी हाईवे की ओर से आ रही थी। इस कार के चालक ने तेज गति से और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पैलेडियम मॉल के पास खड़ी कार को टक्कर मार दी। यह कार मॉल के पास खड़ी कार के दाहिने हिस्से के पीछे के भाग के डंपर ने टकराकर पास के दोनों दरवाजों से टकराई। इससे यहां पर खड़े कमल और अल्पेश को टक्कर लगी जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में बैठे दो अन्य युवकों को भी चोटें आई। अल्पेश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों को इलाज के लिए सोला सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह कमल की मौत हो गई। उधर घटना के बाद कार चालक फरार हो गया हैं। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी की मदद से जांच आरंभ की हैं।





एसजी हाइवे पर हुए हादसे में कार के पार्ट्स और दुर्घटनाग्रस्त कार।

### परिवार में शोक

उधर दूसरी ओर से अल्पेश गागेडकर की मौत का समाचार सुनते ही परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। मृतक के दो पुत्र भी हैं।

## सीसीटीवी लगाने के बहाने 3.20 लाख की धोखाधड़ी

**अहमदाबाद@पत्रिका.** शहर के सरखेज थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेन्ट में सीसीटीवी लगाने के बहाने 3.20 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। सोरेल अपार्टमेन्ट निवासी नमीता पांडे (52) ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि आरोपी चिराग सोनकुशरे ने उनके अपार्टमेन्ट में सीसीटीवी लगाने का काम लिया था। उसके वर्क ऑर्डर के मुताबिक सीसीटीवी लगाने के लिए एडवांस में 3.20 लाख रुपए लिए थे, लेकिन 2 मार्च से अब तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए और न ही आरोपी ने रकम लौटाई। सरखेज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया हैं।

## शहर में दो ने की आत्महत्या

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर के वेजलपुर के जीवराज पार्क में श्री सवा रेसिडेन्सी निवासी छगन खूंट (22) ने शनिवार को अपने घर में आत्महत्या कर ली। एक अन्य मामले में बापूनगर में नीलम फ्लेट निवासी हर्षिदा वाघेला ने शनिवार दोपहर अपने घर में आत्महत्या कर ली।

# डाक सेवा और इंडिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक की समीक्षा



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** गांधीनगर डिवीजन के वरिष्ठ डाक अधीक्षक पियूष राजक की अध्यक्षता में डाक सेवाओं और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक हुई।

इसमें डिवीजन के उप अधीक्षक के एम देसाई, उप मंडलीय अधिकारियों, बैंक के शाखा प्रबंधकों और डाक कर्मचारियों ने भाग लिया। देसाई ने डाक सेवाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं और बैंक की कार्यप्रणाली का विस्तार और आम जनता को इससे लाभान्वित करने के लिए आगामी दिनों में होने वाले विशेष ड्राइव का विवरण दिया। राजक ने एक अप्रेल से अब तक विभिन्न डाक बचत योजनाओं में की गई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में लिए गए निर्णयों और सुझावों को लागू करने के लिए आगामी दिनों में विभिन्न विशेष ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

श्री सती धाम सेवा समिति का आयोजन

# राजस्थानी भाषा की दो धार्मिक फिल्में दिखाई



**अहमदाबाद@पत्रिका.** श्री सती धाम सेवा समिति की ओर से 12 व 13 जुलाई को शहर के दिल्ली चकला स्थित समिति परिसर में राजस्थानी भाषा की दो धार्मिक फिल्में-जय जीण माता और म्हारा श्याम धणी दातार दिखाई गईं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम अवतार बजाज, मंत्री संतोष छावछरिया, सज्जन कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष भारत कुमार जैन सहित अन्य पदाधिकारियों व समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान फिल्म के निर्देशक व अभिनेता सन्नी अग्रवाल व यंग इंडिया बिजनेस कॉन्क्लेव के स्थापक व प्रबंध निदेशक देवेन्द्र अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। फिल्मों के प्रदर्शन को लेकर मोहित अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल ने अहम भूमिका निभाई। अभिनेता सन्नी अग्रवाल ने अगले वर्ष रिलीज होने वाली फिल्म महाराजा अग्रेसन पधार रहे हैं को लेकर जानकारी दी। महाराजा अग्रसेन के जीवन चरित को लेकर एक फिल्म का निर्माण किया जा रहा है।

# निलेश राडिया बने उपाध्यक्ष, रंजन करण उप महासचिव

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** एसबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन-अहमदाबाद सर्कल के पदाधिकारियों की ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) की राष्ट्रीय स्तर की कमिटी में नियुक्ति हुई हैं। निलेश राडिया को उपाध्यक्ष, रंजन करण को उप महासचिव और चेतन राठौड़- ईसी मेंबर चुना गया है। एआईबीओसी की गुवाहाटी में हाल ही में त्रैवार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई, जहां इन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कन्फेडरेशन सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों, प्राइवेट सेक्टर बैंक और ग्रामीण बैंक में कार्यरत 3 लाख 31 हजार से अधिक अधिकारियों का संगठन है।

शतरंज प्रतियोगिता

# गांधीनगर संभाग बनी विजेता



अहमदाबाद स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता के विजेता।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता हुई। इसमें अहमदाबाद, अमरावती, गांधीनगर एवं पुणे संभाग के 48 छात्रों ने भाग लिया। जेएनवी-अहमदाबाद के आयोजन अधिकारी सुधीर आशरे एवं अनीता डबराल के अनुसार अंडर-14, अंडर -17 अंडर 19 के शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें गांधीनगर संभाग विजेता बनी। अब विजेता खिलाड़ी पुणे संभाग का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अहमदाबाद, पुणे, गांधीनगर व अमरावती कलस्टर के शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। नवोदय विद्यालय अहमदाबाद के प्राचार्य रवीन्द्र दीक्षित, विद्यालय की चेयरमैन एवं अहमदाबाद कलक्टर प्रवीण डी. के. ने विजेताओं को बधाई दी। विद्यालय के मुख्य आर्बिटर पंकज पंचोली एवं रेफरी वैशाली, झील पटेल के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता हुई।

अहमदाबाद सिविल अस्पताल में बच्चों की सर्जरी, दोनों बच्चे स्वस्थ

# सांस व अन्ननली में फंसे बीजों को निकाला

**अहमदाबाद.** एशिया के सबसे बड़े अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में दो ऐसे बच्चों के जटिल ऑपरेशन करने पड़े जिनमें से एक की सांस नली में मूंगफली का दाना फंस गया वहीं दूसरे की अन्न नली में रॉप्सबेरी का बीज फंस गया था। एक बच्चे की उम्र 1 साल तो दूसरे की करीब ढाई साल है। ऑपरेशन के बाद दोनों बच्चों की स्थिति अच्छी बताई गई है।

मामले के अनुसार मध्य प्रदेश निवासी एक परिवार का 13 वर्ष महीने का बच्चे को पिछले दिनों सांस लेने में दिक्कत हो रही थी । उसे तत्काल मंदसौर शहर के अस्पताल में ले जाय गया। बच्चे की माता ने मूंगफली का दाना फंसने की आशंका जताई थी। चिकित्सकों ने जांच की तो पता चला की बच्चे की सांस नली में मूंगफली का दाना ही फंसा हुआ है। गंभीर स्थिति को ध्यान में रखकर अहमदाबाद सिविल अस्पताल रेफर किया गया। उधर ऐसे ही दूसरे मामले में दाहोद जिले के लीमखेड़ा के रहने वाले एक परिवार के ढाई साल का बच्चा राप्सबेरी का बीज निगल गया। यह बीज उसकी अन्ननली में फंस गया। इसके चलते बच्चा कुछ भी नहीं खा रहा था। कुछ भी खाने पर वह बार-बार उल्टी कर रहा था। बच्चे को लेकर चिंतित परिवार उसे अहमदाबाद के सिविल अस्पताल ले कर पहुचे। इस बच्चे का भी जटिलऑपरेशन करना पड़ा। अंतत दोनों बच्चों की हालत अच्छी बताई गई है। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में डॉक्टर राकेश जोशी के नेतृत्व में डॉ जय तथा डॉ नीलेश ने तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया । इस जटिल ऑपरेशन करने के बाद बच्चों की हालत अभी स्वस्थ बताई गई है।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ जोशी ने बताया कि इस तरह के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं । छोटे बच्चों के माता-पिता को चाहिए कि वह बाहरी वस्तुएं बच्चों को नहीं दें। खासकर बीज वाली चीजें या खिलौने की सेल आदि नहीं देना चाहिए। इन बच्चों को यदि समय पर नहीं लाया गया होता तो जान को भी खतरा हो सकता था।



अहमदाबाद स्थित सिविल अस्पताल में ऑपरेशन के बाद बच्चे अपने माता-पिता और चिकित्सकों के साथ

ग्रामीणों के हंगामे के बाद हरकत में आया प्रशासन, जमीन बेचने व खरीदने वाले सहित 7 के खिलाफ शिकायत

# फर्जी जानकारी देने वालों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

## जूना पहाडिया गांव का है मामला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** जिले की देहगाम तहसील के जूना पहाड़िया के ग्रामीणों के हंगामे के बाद प्रशासन ने हरकत में आया। बाद में देहगाम सब रजिस्ट्रार कार्यालय ने जमीन बेचने वाले और खरीदने वाले समेत सात लोगों के खिलाफ रखियाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दहेगाम तहसील के जूना पहाडिया गांव के सर्वे नंबर-142 (पुराना सर्वे नंबर-06) हेक्टर-आर-चौमी 01-45-97 क्षेत्रफल वाली जमीन में दर्ज रजिस्टर्ड बिक्री दस्तावेज की ऑनलाइन परिवर्तन नोट नंबर 778 का मामला उजागर हुआ था।

इस संबंध में विवादित जमीन में बसे ग्रामीणों ने बिक्री के खिलाफ प्रांत अधिकारी - देहगाम, गांधीनगर के समक्ष शिकायत की गई है। बाद में शिकायत दर्ज कर 24 जुलाई को तत्काल सुनवाई रखी गई है। यह पूरा मामला सामने और तथ्य जानने के लिए अधिकारियों ने स्थल स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इसमें पता चला कि विवादित संपत्ति में स्थानीय लोग घर बनाकर रहते हैं और ये सभी लगभग पिछले 40-45 वर्षो से यहां रह रहे हैं। उन्होंने उस समय के 7/12 के मुताबिक दस्तावेजों के साथ सादे कागज और स्टांप पेपर पर लिखित भूमि रखी थी।

इस प्रकार, विवादित निजी संपत्ति में सादे कागज पर लिखित जानकारी के कारण वर्तमान में स्थल पर काबिज लोगों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में नहीं आए थे। इसका लाभ उठाकर वर्तमान 7/12 के अनुसार कब्जेदारों ने भूमि का दस्तावेज बनाया गया था। इसमें सब-रजिस्ट्रार के समक्ष जमीन को खुली बताकर सब-रजिस्ट्रार देहगाम को गुमराह कर दस्तावेज को रजिस्टर्ड किया गया है। इस संबंध में संबंधितों के खिलाफ रखियाल थाने में अपराध दर्ज किया गया हैं।

गौरतलब हैं कि यह मामला उजागर होने के बाद जूना पहाडिया के ग्रामीण रजिस्ट्रार कार्यालय-देहगाम पहुंच गए थे। उन्होंने ज्ञापन देकर न्याय दिलाने की मांग की थी।



आरआरयू की पहल

# अर्धसैनिक बलों के पूर्व कर्मियों को जॉब फेयर में 9 लाख तक का पैकेज ऑफर

**गांधीनगर@पत्रिका.** राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के निजी, औद्योगिक एवं निगमित सुरक्षा प्रबंधन विद्यापीठ ने सेवानिवृत्त अर्धसैनिक कर्मियों के लिए पुनः रोजगार देने की पहल की हैं। इसके लिए जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इससे उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद निजी सुरक्षा क्षेत्र में अपने करियर को आगे बढ़ाने में मदद मिली। सेवानिवृत्त इन कर्मियों को समर्थन देने के लिए गुजरात सुरक्षा संघ के सहयोग से यह पहल की गई हैं। एसपीआईसीएसएम के निदेशक निमेश दवे ने राज्य के पूर्व अर्धसैनिककर्मियों को समर्थन देने के लिए एक पहल की है। एसपीआईसीएसएम के सह निदेशक अश्विनी कौशिक ने कहा कि जॉब फेयर का उद्देश्य कुशल और प्रशिक्षित कर्मियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की जनशक्ति आवश्यकताओं के बीच की दूरी कम करना है। राज्य की 16 प्रमुख निजी सुरक्षा एजेंसियों और प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ इस भर्ती अभियान के लिए 273 पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों ने भाग लिया। जॉब फेयर में 91 उम्मीदवारों को नौकरी के प्रस्ताव मिले। विशेष रूप से उच्चतम वेतन 90 लाख रुपए प्रति वर्ष है।



गांधीनगर स्थित आरआरयू में आयोजित जॉब फेयर।



## शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित



वायु सेना प्रमुख (सीएएस) एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने रविवार को सरसावा वायु सेना स्टेशन पर भारतीय वायु सेना के ऑपरेशन सफेद सागर के शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, सरसावा वायुसेना स्टेशन पर कारगिल विजय दिवस रजत जयंती कार्यक्रम की झलकियां।

**गौकशी की घटना से इलाके में फैला आक्रोश: बहराइच @ पत्रिका.** जनपद में गौकशी की घटना से इलाके में आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर करवाई के आश्वासन पर लोगों को शांत कराया है। मामला थाना रामगांव के ग्राम जब्दी का है, जहां शनिवार रात गौवंश की हत्या कर दी गई। गौकशी की सुबह खबर फैलते ही लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोवंश के अवशेषों को एकत्रित कर जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**तालाब में शव मिलने से फैली सनसनी : बस्ती @ पत्रिका.** लालगंज थाना क्षेत्र में रविवार को 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महसों गांव के समीप काशीनाथ पाण्डेय (35) निवासी पूर्वी टोलामहसों का शव तालाब में पाया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस टीम मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या का पता चलेगा।

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में अखिलेश-राहुल का जिक्र

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस को बताया भस्मासुर, सपा मुखिया को दी नसीहत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के अंबेडकर सभागार में रविवार को भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के शीर्ष नेता शामिल हुए। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए जोश भरा। प्रदेशाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारी प्राथमिकता है, जिसके साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम सब मिलकर संकल्प लें कि आगामी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में शत-प्रतिशत विजय हासिल करेंगे। अगली लड़ाई स्वार्थी परिवारवादियों और मोदी के परिवार के बीच है।हम सभी कार्यकर्ता मोदी जी का संकल्प 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अभी से हम सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर प्राणपण से लग जाना है और 2027 के चुनाव में विरोधियों को मात देते हुए भाजपा की प्रचंड विजय को सुनिश्चित करना है।



### कांग्रेस पार्टी से रहे सचेत

उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को कांग्रेस पार्टी से सचेत रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव कांग्रेस भस्मासुर है और बहुत जल्दी आपको ठिकाने लगा देगी। कांग्रेस की नजर आपके मुस्लिम वोट पर पड़ गई है। कांग्रेस की सोच एवं उनकी कार्यशैली में लोकतंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है। कांग्रेस का एक इकोसिस्टम है, जो हारने वालों को जीता हुआ बताकर जीतने वालों पर प्रश्न खड़े करता है। बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, अरुण सिंह, पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### लगातार तीसरी बार बनाई सरकार

**प्रदेशाध्यक्ष** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा ने जीत हासिल की है। 62 वर्ष बाद किसी पार्टी ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। आज भाजपा नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे परिवारवादी लोगों ने झूठा भ्रमजाल और अफवाह फैलाकर प्रदेश की जनता को जातीय आंकड़ों में उलझाने की कोशिश की है। इसमें कुछ हद तक वे सफल भी रहे हैं। हमारे लिए अब बड़ी चुनौती है कि हमे जनता के बीच जाकर विपक्षी के विभाजनकारी षड्यंत्र को बेनकाब करना है।

## मुरादाबाद : फैक्ट्री मालिक की चाकुओं से गोदकर हत्या



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुरादाबाद.** जनपद में घर में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने पीतल फैक्ट्री मालिक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी है।

थाना कटघर क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी अनिल चौधरी (32) को शनिवार रात दो बदमाशों ने आवाज देकर दरवाजा खुलवाया और चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के दौरान एक बदमाश घायल हो गया था। उसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर डीआइजी मुनिराज ने भी घटनास्थल का दौरा किया।

### फरार साथी की तलाश जारी

**परिजनों** की सूचना पर थाना कटघर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। वहीं, बदमाश के शव की शिनाख्त कराए जाने पर पता चला कि वह कटघर थाना क्षेत्र का आमोद है, जो दोस्त के साथ मिलकर अनिल चौधरी की हत्या में शामिल था। उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

## मोहित यादव अपहरण कांड का खुलासा नहीं होने से नाराज सपाई अनशन पर बैठे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बस्ती.** जिले में कोतवाली थानाक्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय मोहल्ले से एक छात्र का पिछले दिनों अपहरण हो गया था, जिसमें पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। इससे नाराज होकर सपा ने रविवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समीप अनशन किया।

सपा के जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बताया कि लालगंज थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी मोहित यादव कोतवाली थानाक्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय मोहल्ले में अनिवाश सिंह के मकान में किराए पर रहकर पढ़ता था। शुक्रवार को कुछ बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ता का पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिल गया, लेकिन पुलिस सक्रिय नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 48 घंटे से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन ना तो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है और ना ही अपहृत युवक का कोई सुराग लग पाया है। अभी तो जिला मुख्यालय पर अनशन हो रहा है। इसके बाद जनआंदोलन की रणनीति बनायी जाएगी।



### छात्र अपहरणकांड में चार गिरफ्तार

**बस्ती.** कोतवाली थानाक्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय से अपहृत छात्र मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मोहित यादव का अपहरण करने वाले चार अभियुक्तों मोनू जायसवाल, अमन गुप्ता, करन जायसवाल, सादिक उर्फ सुड्डू "नौडी" निवासी गांधी नगर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से एक चार पहिया वाहन तथा दो मोटरसाईकिल बरामद की गई हैं। अमन ने बताया कि उसके भाई सत्यम का मोहित यादव ने धोखे से अश्लील वीडियो बना लिया था, जिसे वायरल करने की धमकी देता था।

## अमरोहा : बेकाबू ट्रक ने 12 लोगों को रौंदा, युवती की मौत, 4 घायल

**अमरोहा @ पत्रिका.** गजरौला क्षेत्र के हसनपुर मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े 12 लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हैं। जिनमे से चार की हालत नाजुक बनी हुई है। 12 बाइकें भी ट्रक की चपेट



में आ गई हैं। उधर, भीड़ ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और जमकर धुनाई की है। मृतक युवती की पहचान हापुड़ के उपेड़ा निवासी के रूप में की गई है।

## हिंदू देवता के अपमान का आरोपी गिरफ्तार

**इटावा @ पत्रिका.** बलरई पुलिस ने हिंदू देवता गणेश जी के अपमान के मामले में एक युवक को रविवार को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया में अपमान का मामला सामने आने के बाद युवक की तलाश कर रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने जानकारी दी कि 13 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी रखी जा रही थी।

## सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

**अमरोहा @ पत्रिका.** जनपद में रविवार को एक बेकाबू मदर डेयरी डिलीवरी वाहन सड़क पर खड़ी टाटा मैजिक से टकराते हुए बाइक मैकेनिक की दुकान में घुस गया। दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई, जबकि 11 घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना में राधेश्याम, पत्नी सीमा, बेटी आयुषी निवासी थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के उपेड़ा जनपद हापुड़, मधु (17) पुत्री पिंटू, रीना व उसकी बेटी कृतिका, राजू व उसकी पत्नी सोना, बेटा अक्षय, मोनिका, दीपक, यश, राजवती, एकता निवासी सोनिका विहार दिल्ली घायल हो गए।मधु (17) की हादसे में मौत हो गई। सभी लोग टाटा मैजिक वाहन में सवार होकर हसनपुर के गांव ढ़बारसी स्थित रिश्तेदार प्रेमशंकर के यहां आयोजित होने वाले देवी जागरण में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

कम होगी परिवार टूटने की आशंका | सुप्रीम कोर्ट के गुजारा भत्ता फैसले का मुस्लिम महिलाओं ने किया स्वागत

# फैसले से मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा वाजिब अधिकार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** सुप्रीम कोर्ट के तलाक के बाद 'शौहर से गुजारा भत्ता' पाने के अधिकार के निर्णय का मुस्लिम महिलाओं ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला करार दिया है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता नाजिया नफीस ने 10 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को उनके शौहर से गुजारा भत्ता का अधिकार देने का स्वागत करते हुए राहत और मानवीय संवेदनाओं वाला बताया है।

उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले से मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिलेगा। वहीं दूसरी तरफ उनकी इज्जत



कमतर आंकने वाले मुस्लिम पुरुषों में एक डर का माहौल बनेगा कि तलाक के बाद महिला न्यायालय का सहारा लेकर उससे भरण-पोषण ले लेगी। इसके अलावा एक फीसदी परिवार टूटने की आशंका में भी कमी आ सकती है।

अधिवक्ता ने रविवार को बातचीत में कहा कि न्यायालय का यह फैसला सराहनीय है, लेकिन यह फैसला और पहले आना चाहिए था। उनका कहना है तलाकशुदा महिलाओं की जिम्मेदारी से मां-बाप और भाई-भाभी सभी बचना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में यह फैसला उनके लिए अंधेरे में उजाले की एक किरण बनी है। तलाकशुदा पत्नी का शौहर उसे आसानी से गुजारा भत्ता नहीं देगा, जब तक वह दोबारा न्यायालय का सहारा नहीं लेती है।

### तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित कर चुका है कोर्ट

उन्होंने बताया कि इस्लाम में तीन तलाक को कभी मान्यता दी ही नहीं गई। लोग धर्म को अपने हिसाब से परिभाषित कर इस्तेमाल करते हैं। न्यायालय ने तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित किया गया। न्यायालय के फैसले के बाद केन्द्र सरकार ने 19 सितंबर 2018 कानून बनाते हुए एक साथ 'तलाक-तलाक-तलाक' बोलकर निकाह खत्म करने को अपराध की श्रेणी में लाया। इस अपराध के लिए अधिकतम तीन साल कैद की सजा का प्रावधान बनाया।

### मुस्लिम महिलाओं को समाज में मिले सम्मान

**ऑल इंडिया मुस्लिम जमात** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के बयान पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिलाओं को समाज में उसका सम्मान मिलने लगे, पुरुष उनको उनका सम्मान और अधिकार दे, तो उन्हें कोर्ट-कचहरी जाने की जरूरत क्या है। वह तो मजबूरी में ही अदालत का सहारा लेती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस महत्वपूर्ण फैसले का ऐसी महिलाएं जो खुद रिश्ते में रहना पसंद नहीं करती हैं। वे इसका दुरुपयोग कर पुरुषों को ब्लैकमेल कर सकती हैं।

विजय संकल्प सभा को किया संबोधित

# भाजपा पार्टी नहीं, पार्टी से बढ़कर एक परिवार है : शिवराज सिंह चौहान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रांची.** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मैं प्रसन्न हूं कि आप जैसे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने आया हूं। मैं कोई मंत्री या नेता के रूप में नहीं आया हूं। मैं भी आपका कार्यकर्ता हूं, हम यहां परिवार के भाव से बैठे हैं और भाजपा पार्टी नहीं, पार्टी से आगे बढ़कर एक परिवार है। चौहान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने



कितने वादे किए थे। क्या इन्होंने वो पूरे किए ? आज मैं जवाब मांग रहा हूं हेमंत सोरेन, कांग्रेस और गठबंधन के लोगों से कि कौनसा वादा तुमने पूरा किया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नौजवानों से सरकारी नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया। बताओ किसी एक को भी बेरोजगारी भत्ता दिया गया है ? नौकरियां मिल रही हैं? कितने बड़े झूठे हैं ये।

### विरोधी परेशान

**शिवराज सिंह चौहान** ने कहा कि विरोधी परेशान है। दिल्ली में भी परेशान है। कांग्रेस और जेएमएम झूठ बोलने की मशीन बन गई है। रोज झूठ बोलते हैं। एक गलत नरेटिव बनाते हैं। झारखंड में क्या हुआ, 14 में से हम 09 सीटें जीतें हैं और इसी को विधानसभा में बदल दिया जाए, तो हम 81 में से 52 सीटों पर आगे हैं। इस शानदार सफलता के लिए झारखंड भाजपा के कार्यकर्ताओं को मैं बधाई देता हूं। कभी अग्निवीर के बारे में झूठ, कभी एमएसपी नहीं दे रहे, ये झूठ बोलते हैं।

## सारण में युवती का शव बरामद, हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दारा छपरा गांव निवासी कौशल कुमार की शादी खैरा थाना क्षेत्र के फिरोजपुर खोदाईबाग गांव निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री रितु कुमारी (24) के साथ चार माह पूर्व हुई थी। रितु कुमारी की रविवार को संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। मृतका के मायके वालों ने पुलिस के समक्ष दिए गए आवेदन में कहा कि दहेज में सोफा सेट नहीं देने के कारण रितु की हत्या की गई है।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजने के साथ ही मृतका के पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## मुंगेर में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंगेर.** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मुहल्ला निवासी चंदन कुमार और मनजीत मंडल के रूप में की गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## स्कॉर्पियो और डंपर की टक्कर, 4 की मौत

छह घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**किशनगंज.** जिले के पौआखाली थाना क्षेत्र में रविवार को स्कार्पियो और डंपर के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पेटभरी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 327ई पर स्कॉर्पियो और डंपर के बीच टक्कर हो गई। दुर्घटना में स्कार्पियो पर सवार चार लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। घायलों को एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पिकअप वैन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, पत्नी घायल

**जमुई @ पत्रिका.** जिले के नगर थाना क्षेत्र में पिकअप वैन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा उसकी पत्नी घायल हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खैरा थाना क्षेत्र के टीहिया दिनारी गांव निवासी मंजीत सिंह अपनी पत्नी सिंधु कुमारी के साथ बाइक से जा रहे थे। इस दौरान जमुई-खैरा मुख्य सड़क पर इंदपे गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टकर मार दी। दुर्घटना में मंजीत सिंह की मौत हो गयी, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत, एक लापता

**लखीसराय @ पत्रिका.** जिले के तेतरहट थाना क्षेत्र में रविवार को पानी से भरे खड्ड में डूबकर एक बच्चे की मौत हो गई तथा एक अन्य लापता हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महेश्वना मजार पर साफ सफाई के बाद कुछ बच्चे पानी से भरे खड्डे में स्नान कर रहे थे। इस दौरान तीन बच्चे डूब गए।स्थानीय लोगों ने दो बच्चों को पानी से भरे खड्डे से बाहर निकाला। जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई तथा एक अन्य का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक की पहचान सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर निवासी सन्नी कुमार के रूप में की गई है। पानी में डूबे एक अन्य बच्चे गौरव कुमार की तलाश की जा रही है।

## नालंदा : बिजली का करंट लगने से दो लोगों की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**राजगीर.** नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि केवाली गांव निवासी हरेंद्र यादव (25) शनिवार की रात बढ़न यादव (50) के खेत में पानी का मोटर ठीक करने गया था। इस दौरान हरेंद्र यादव को करंट लग गया। हरेन्द्र यादव को बचाने के क्रम में बढ़न यादव को भी करंट लग गया। हरेन्द्र यादव और बढ़न यादव को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## मधेपुरा में युवक की गला रेत कर हत्या

**मधेपुरा @ पत्रिका.** जिले के भर्राही थाना क्षेत्र में अपराधियों ने रविवार को एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। चौड़ा गांव स्थित वार्ड 15 में अपराधियों ने युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अंकित कुमार (19) के रूप में की गई है। अंकित आज सुबह बांसवाड़ी में शौच के लिए गया था, जहां पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। एसएफएल और डॉग स्क्वायर की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है।

## सारण : इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी की मौत

**छपरा @ पत्रिका .** सारण जिले के मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भगवान बाजार थाना क्षेत्र के छोटा ब्रह्मपुर मुहल्ला निवासी मुनीब राय का पुत्र सुनील कुमार राय (28) 11 जुलाई को शराब पीने के मामले में मंडल कारा छपरा में बंद था। शनिवार की रात तबीयत खराब होने पर सुनील को छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और हंगामा किया।

## जनता को मोदी की गारंटी पर है भरोसा

**रांची @ पत्रिका.** झारखंड में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनवार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के दुष्प्रचार और भ्रम के बाद भी जनता ने भाजपा और एनडीए पर भरोसा किया। जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।

बिहार बिजनेस कनेक्ट-टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 18-19 जुलाई को

# निवेश को जुटेंगी देशभर की 50 गारमेंट कंपनियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार सरकार राज्य में औद्योगिक माहौल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उद्योग विभाग की ओर से 11 और 12 दिसंबर 2024 को राजधानी में बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले अलग-अलग शहरों में निवेशकों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं।

इसी कड़ी में 18-19 जुलाई को राजधानी में बिहार बिजनेस कनेक्ट-टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राजधानी के ताज सिटी सेंटर होटल में होगा। यह जानकारी उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने दी है।

बताया जा रहा है कि इस मीट में कई बड़ी कंपनियों से प्रतिबद्धता मिलने की उम्मीद है। इसके लिए भारत सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, कपड़ा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

इन्वेस्टर मीट को लेकर राज्य के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने उद्योग विभाग के कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। नीतीश मिश्रा ने कहा कि टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट में देश की प्रमुख टेक्सटाइल कंपनियां हिस्सा लेंगी। इस आयोजन के जरिए बिहार को टेक्सटाइल सेक्टर में मौजूद अपार संभावनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### 50 से अधिक कंपनियां करेंगी शिरकत



**अपर मुख्य सचिव** संदीप पौंड्रिक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट-टेक्सटाइल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 18-19 जुलाई 2024 को पटना के ताज सिटी सेंटर में किया जाएगा। यह संभवत: पटना में नए ताज ग्रुप होटल में आयोजित होने वाला पहला आयोजन होगा। जिसमें देश भर से लगभग गारमेंट्स बनाने वाली 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां शिरकत करेंगी।

**टेनिस :** दुनिया के नंबर तीन स्पेनिश खिलाड़ी ने दूसरी बार पुरुष एकल का विम्बलडन खिताब जीता

# अल्कारेज का राज कायम

## जोकोविच को लगातार दूसरी बार दी शिकस्त

**लंदन @ पत्रिका**. स्पेन के 21 वर्षीय मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज का साल के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन में अपना राज कायम रखा। अल्कारेज ने रविवार को खेले गए पुरुष एकल के फाइनल में दुनिया के नंबर दो सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में 6-2, 6-2, 7-6 से हराकर दूसरी बार चैंपियन बने। पिछले साल भी अल्कारेज ने फाइनल में जोकोविच को मात दी थी। इस जीत से अल्कारेज ने करियर का चौथा ग्रैंड स्लेम खिताब जीता।

**04** ***ग्रैंड स्लेम*** करियर में कुल जीते अल्कारेज ने

- **02** विम्बलडन
- **01** फ्रेंच ओपन
- **01** यूएस ओपन

### ये कमाल करने वाले छठे खिलाड़ी :

**कुछ** महीने पहले अल्कारेज ने करियर का पहला फ्रेंच ओपन जीता था। इस तरह उन्होंने लगातार दूसरा ग्रैंड स्लेम जीता। वह फ्रेंच ओपन के बाद विम्बलडन जीतने वाले ओपन एरा में छठे खिलाड़ी बने। **उनसे पहले, रोड लेवर, बिजोर्न बोर्ग, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर यह कमाल कर चुके हैं।** इस जीत से अल्कारेज ने कुल 15वां एकल खिताब जीता।

### मेरे लिए किसी सपने की तरह

**ट्रॉफी** जीतने के बाद अल्कारेज ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो लगातार दूसरे साल यह ट्रॉफी जीतना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। नोवाक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनके खिलाफ चुनौती कभी आसान नहीं होती। यह मेरा सबसे खूबसूरत और मेरा पसंदीदा कोर्ट है।

### ये भी जानें

- अल्कारेज ओपन एरा में ***पहले चार ग्रैंड स्लेम फाइनल जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।*** रोजर फेडरर ने इससे पहले पहले सात जीत थे।
- 1986 में जर्मनी के बोरिस बेकर के बाद लगातार दो विम्बलडन खिताब जीतने वाले ***21 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज सबसे युवा खिलाड़ी बने।***



रविवार को विम्बलडन ट्रॉफी जीतने के बाद कार्लोस अल्कारेज।

### जोकोविच के साथ बात करती प्रिंसेस ऑफ वेल्फ



सर्बिया के स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को उपविजेता ट्रॉफी देते हुई इंग्लैंड की प्रिंसेस ऑफ वेल्स कैथरीन एलिजाबेथ मिडिलटन।

### जीत के बाद परिवार और दोस्तों के साथ जीत का जश्न



फाइनल में जोकोविच को हराने के बाद अल्कारेज ने दर्शकदीर्घा में बैठे अपने पिता और दोस्तों के पास जाकर जीत का जश्न मनाया।

### आज का पोल

**क्या बोपन्ना-बालाजी की जोड़ी पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक जीत सकती है?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

**रविवार का जवाब**

हां **59**% नहीं **41**%

***पिछला सवाल :*** क्या जोकोविच फाइनल में अल्कारेज को हराकर विम्बलडन चैंपियन बन पाएंगे?

**बोर्ड देगा 1 करोड़ रुपए**

### अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय मदद



**मुंबई @ पत्रिका.** ब्लड कैंसर से जूझ रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम के मुख्य कोच रहे अंशुमन गायकवाड़ की मदद के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) आगे आया है। बोर्ड ने वित्तीय सहायता के तौर पर एक करोड़ रुपए जारी किए हैं। इससे पहले पूर्व कप्तान कपिल देव ने बोर्ड से अंशुमन को वित्तीय सहायता देने का आग्रह किया था।

**जूनियर विश्व स्क्वैश**

### अनहत और शौर्य बावा चौथे दौर में

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** भारत की अनहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के चौथे दौर में प्रवेश किया। अनहत ने अमरीका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। वहीं बावा ने अमरीका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया।

**पांचवां टी-20 मैच :** भारतीय टीम ने 167 रन बनाने के बाद मेजबान जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया

# संजू सैमसन का बल्ला चमका, टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को लगातार चौथे मैच में दी मात

**प्लेयर ऑफ द मैच :** शिवम दुबे ने 12 गेंद में 26 रन ठोके, 02 विकेट झटके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हरारे.** भारतीय टीम ने जीत की लय कायम रखते हुए मेजबान जिम्बाब्वे को यहां खेले गए पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में 42 रन से शिकस्त दी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। हालांकि टीम इंडिया को सीरीज के पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था लेकिन उसके बाद पलटवार करते हुए भारत ने लगातार चार मैच जीते। भारत की जिम्बाब्वे के खिलाफ 12 मैचों में यह नौवीं जीत थी।

इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 167 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 18.3 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट कर दिया।

भारतीय टीम की जीत के हीरो शिवम दुबे रहे। उन्होंने 12 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों के साथ 26 रन बनाए और उसके बाद दो विकेट लिए। वह प्लेयर ऑफ द मैच बने।

### संजू ने दो साल के बाद लगाया अर्धशतक

भारतीय टीम की जीत के हीरो मध्यक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन रहे। उन्होंने टी-20 करियर का कुल दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 45 गेंदों में एक चौके और चार छक्कों के साथ 58 रन की पारी खेली। इस अर्धशतक के लिए संजू को करीब दो साल का इंतजार करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले, आयरलैंड के खिलाफ 28 जून 2022 को 77 रन की पारी खेली थी। हालांकि भारत की शुरुआत खराब रही। शुभमन गिल (13) व यशस्वी जायसवाल (12) जल्द आउट हो गए।




**युवा जोश का कमाल :** रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांचवां टी-20 मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए भारतीय खिलाड़ी।

रेयान पराग ने एक छक्के के साथ **22 रन बनाए** | भारत की जीत में मुकेश कुमार ने झटके **4 विकेट**

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 20 ओवर 167/06 |
|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| यशस्वी बो सिकंदर | 12 05 00 02 |
| गिल कॉ सिकंदर बो रिचर्ड | 13 14 02 00 |
| अभिषेक कॉ मडंडे बो मुजाराबानी | 14 11 01 01 |
| संजू कॉ मारुमानी बो मुजाराबानी | 58 45 01 04 |
| रियान कॉ रिचर्ड बो मवुता | 22 24 00 01 |
| शिवम रन आउट | 26 12 02 02 |
| रिंकू सिंह नॉट आउट | 11 09 00 01 |
| सुंदर नॉट आउट | 01 01 00 00 |

**अतिरिक्त :** 10. **विकेट पतन :** 1-13, 2-38, 3-40, 4-105, 5-135, 6-153.
**गेंदबाजी :** सिकंदर 4-0-37-1, रिचर्ड 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजाराबानी 4-0-19-2, मवुता 4-0-39-1.

| जिम्बाब्वे | 18.3 ओवर 125/10 |
|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| मधेवेर बो मुकेश | 00 03 00 00 |
| मारुमानी एलबीडब्ल्यू सुंदर | 27 24 05 00 |
| बेनेट कॉ शिवम बो मुकेश | 10 08 02 00 |
| मेयर्स कॉ अभिषेक बो शिवम | 34 32 04 01 |
| सिकंदर रन आउट | 08 12 00 00 |
| कैंपबेल कॉ तुषार बो शिवम | 04 07 00 00 |
| मडंडे कॉ संजू बो अभिषेक | 01 04 00 00 |
| अकरम कॉ संजू बो मुकेश | 27 13 02 02 |
| मवुता कॉ एंड बो तुषार | 04 07 00 00 |
| मुजाराबानी नॉट आउट | 01 02 00 00 |
| रिचर्ड बो मुकेश | 00 01 00 00 |

**अतिरिक्त :** 09. **विकेट पतन :** 1-1, 2-15, 3-59, 4-85, 5-87, 6-90, 7-94, 8-120, 9-123, 10-125. **गेंदबाजी :** मुकेश 3.3-0-22-4, तुषार 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, शिवम 4-0-25-2.

**चैंपियंस ट्रॉफी विवाद :** पाक नहीं जाएगी भारतीय टीम

## पीसीबी ने दी टी-20 विश्व कप 2026 के बॉयकॉट की धमकी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उसे 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं है और वे पूरे टूर्नामेंट का आयोजन अपने ही देश में करेगा।

इसके अलावा, पीसीबी ने बीसीसीआइ को धमकी देते हुए कहा कि यदि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं आएगा तो उनकी टीम भी 2026 टी-20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी, जिसकी मेजबानी बीसीसीआइ करेगा।

### आइसीसी की बैठक में मामला उठाएगा

**रिपोर्ट** के तहत, श्रीलंका के कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक आइसीसी की सालाना कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। इस दौरान पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार नहीं करेगा। इससे पहले, 2023 एशिया कप के दौरान भी बीसीसीआइ ने टीम इंडिया को पाक भेजने से इंकार कर दिया था। ऐसे में हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया था और भारत के मैच श्रीलंका में खेले गए थे।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स**

## पाक पर रोमांचक जीत दर्ज कर भारत बना चैंपियन



ट्रॉफी जीतने का जश्न मनाते इंडिया चैंपियंस के खिलाड़ी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बर्मिंघम.** अंताबी रायडू के अर्धशतक से वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के खिताबी मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस की टीम को बेहद रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 156 रन बनाए थे। जवाब में इंडिया चैंपियंस ने 19.1 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बना कर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया। रायडू ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाकर 50 रन की मैच विजयी पारी खेली। रायडू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके अलावा गुरकीरत सिंह मान ने 34 और यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए।

### मैदान पर लौटना अच्छा लगता है : युवराज

**कप्तान** युवराज ने जीत के बाद कहा, इस उम्र में भी विजेता ट्रॉफी को थामना अच्छा लगता है। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से रोमांचित किया है। दुनिया भर के दिग्गजों के साथ मैदान पर लौटना हमेशा शानदार होता है।

**मिशन ओलंपिक :** भारतीय टेनिस जोड़ी इस टूर्नामेंट से तैयारियों को परखेगी

## बोपन्ना और बालाजी हैम्बर्ग ओपन में उतरेंगे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**हैम्बर्ग (जर्मनी).** भारत के 34 वर्षीय एन श्रीराम बालाजी अपने पहले ओलंपिक की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय जोड़ीदार रोहन बोपन्ना संग 16 जुलाई को हैम्बर्ग ओपन में खेलने उतरेंगे।

भारतीय पुरुष युगल जोड़ी अंतिम-16 में जर्मनी के जैकब श्नाइटर और मार्क वालनर की जोड़ी के खिलाफ उतरेंगे। भारतीय जोड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले कोएशिया के उमाग में एटीपी 250 में भी खेलेंगे। यह ओलंपिक से पहले उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।




एक अभ्यास सत्र के दौरान श्रीराम बालाजी के साथ रोहन बोपन्ना।

***रोहन के पास लय हासिल करने का मौका :*** पेरिस में पदक जीतने के लक्ष्य को लेकर चल रही भारतीय पुरुष जोड़ी के लिए हैम्बर्ग ओपन बेहद अहम भूमिका निभाएगा। बोपन्ना और बालाजी दोनों को क्ले कोर्ट पर खेलना पसंद है। हालांकि पिछले कुछ क्ले टूर्नामेंट में बोपन्ना का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। फ्रेंच ओपन और मैड्रिड ओपन में बोपन्ना को पहले दौर में हार मिली।

**कोपा अमरीका 2024 :** पूर्व चैंपियन ने पेनल्टी शूटआउट मैच 4-3 से जीता

## कनाडा को हराकर उरुग्वे तीसरे स्थान पर रहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उत्तरी कैरोलिना (जर्मनी).** उरुग्वे ने कोपा अमरीका कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे स्थान के लिए खेले गए प्लेऑफ में कनाडा को पेनल्टी शूट आउट में 4-3 से हरा दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थीं, लेकिन पेनल्टी शूट आउट में पूर्व चैंपियन ने बाजी मार ली। कनाडा के इस्माइल कोन के स्पॉट-किक को गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने बचा लिया और उसके बाद अल्फोंसो डेविस की गेंद क्रॉसबार पर जा लगी, जिससे उरुग्वे ने शूटआउट 4-3 से जीत लिया।



गोल करने के बाद लुइस सुआरेज।

### सुआरेज ने दागा बराबरी का गोल

**पहले** हाफ में, रोड्रिगो बेंटान्कुर ने कॉर्नर से गोल करके आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी, लेकिन 14 मिनट बाद ही कोन ने एक्रोबेटिक स्टाइल में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया, कनाडा 80वें मिनट में फिर आगे हो गया जब जोनाथन डेविड ने गोल कर दिया। उरुग्वे ने लुइस सुआरेज के गोल से बराबरी की। सुआरेज ने अपने करियर का 69वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। सुआरेज ने फिर शूटआउट में भी सटीक निशाना साधा।

**CROSSWORD** (वर्ग पहेली) **7045...**



**बाएं से दाएं...** 1. राज्यों में नियम बनाने वाली लोकतांत्रिक संस्था/समिति (3-2), 6. अवरुद्ध, रुका हुआ (2), 7. अपरिचित (4), 9. जौ (3), 11. संरक्षक, देखरेख करने वाला (5), 12. हथेली (2-2), 14. दौड़ाक (3), 15. कपड़े, कागज के छोटे-छोटे टुकड़े (4), 17. देह, शरीर (2), 18. चाल, रफ्तार (2), 19. जलयान, जलपोत (3), 21. भीड़, जमघट (3), 22. अल्प, थोड़ा (2), 24. पथिक, यात्री (4), 25. नेता, सरदार (3), 26. गर्व, अदा (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. विधान सभा सदस्य (4), 2. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (4), 3. बराबर, चौरस (2), 4. जी को अच्छा लगने वाला (2-3), 5. पिता, सीता के पिता (3), 7. सुविचारित सोच (5), 8. जाने वाला (3), 10. देवताओं/ऋषियों से प्राप्त फलसिद्धि (4), 13. जंगल से लकड़ी काट कर बेचने वाला (5), 16. परछाई, मूर्ति, प्रतिमा, मानक (4), 17. आवेश में आना (4), 18. हाथी (2), 20. मस्तिष्क, दिमाग (3), 21. मृत्यु होना (3), 23. सहित, समेत (2)

**हल 7044**



**SUDOKU 6780...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 7 | 8 | 1 | | | 6 | | | |
| | | | 1 | 2 | | | | 4 |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | 2 | | 3 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | 2 | 1 |
| | | 3 | 7 | | 8 | 6 | | |
| | | | 5 | | | | | 3 |
| 9 | | | | | 1 | 2 | | |

**हल 6779**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 |
| 8 | 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 6 | 4 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 |

**कैसे खेलें :** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**पेरिस ओलंपिक 2024** // इस बार ओलंपिक खेलों में तैराकी की स्पर्धाएं खुले स्थान पर आयोजित की जाएगी

# सीन नदी की गुणवत्ता अच्छी, यह दिखाने को फ्रांस की खेल मंत्री ने लगाई पानी में डुबकी

***पेरिस @ पत्रिका.*** *पिछले काफी समय से फ्रांस की सबसे प्रमुख नदी सीन के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे थे। इस वजह से 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों की तैराकी स्पर्धाओं पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। पानी की गुणवत्ता की चिंताओं को कम करने के लिए फ्रांस की खेल मंत्री अमेली औडिया-कास्टेरा ने शनिवार को सीन नदी में डुबकी लगाई।*

PARIS 2024

### ये भी जानें

**30** जुलाई से 09 अगस्त तक ***सीन नदी में तैराकी की स्पर्धाएं होंगी***

**₹1252 करोड़** ***सीन नदी को साफ करने में*** फ्रांस सरकार ने खर्च किए



सीन नदी में डुबकी लगाने से पहले खेल मंत्री कास्टेरा संग एथलीट एलेक्सिस।



डुबकी लगाने के बाद खुशी जताती हुई खेल मंत्री कास्टेरा (बाएं)।

### हमने अपना वायदा निभाया

**खेल** मंत्री कास्टेरा ने बॉडी सूट में एलेक्जेंडर-थ्री ब्रिज से पानी में छलांग लगाई और कुछ मीटर तक तैराकी की। उनके साथ फ्रांस के पैरालंपिक ध्वजवाहक तैराक एलेक्सिस हैनक्विनक्वांट थे। कास्टेरा ने कहा, हमने वायदा किया था कि सीन नदी का पानी साफ होगा और वायदा पूरा किया।

### हमारे पास बैकअप प्लान भी है

**कास्टेरा** ने कहा कि यदि किसी कारणवश सीन नदी में तैराकी की स्पर्धाएं आयोजित नहीं हो सकीं, तो हमारे पास बैकअप प्लान भी है। दरअसल, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी थी कि सीन नदी का पानी तैराकी स्पर्धा के लिए सुरक्षित नहीं है। इस कारण पिछले कुछ महीनों में यहां होनी वाली कुछ स्पर्धाएं रद्द की गई थी।

***प्रदूषण के कारण 1932 में लगाया गया था सीन नदी में तैराकी पर प्रतिबंध...***

सीन नदी के पानी में प्रदूषण की मात्रा ज्यादा होने के कारण 1932 में फ्रांस की सरकार ने इसमें तैराकी करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन ओलंपिक मेजबानी मिलने के बाद सरकार ने सीन नदी को साफ करने का जिम्मा उठाया। एक रिपोर्ट के अनुसार ओलंपिक के लिए सीन नदी को साफ करने में अब तक 1252 करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं।

## पत्रिका पोल

Q क्या अमरीका में डॉनल्ड ट्रंप पर हमला अमरीकी सीक्रेट सर्विस की विफलता है?

**कल का सवाल था**
जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को अधिक शक्तियां देने वाले केंद्र के फैसले से प्रदेश को फायदा होगा?

जवाब: 66% हां | 34% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### प. बंगाल: संविधान का ब्रेल संस्करण प्रकाशित

**कोलकाता @ पत्रिका.** महानगर में वेस्ट बंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जूरिडिकल साइंसेज (डब्ल्यूबीएनयूजेएस) ने नरेंद्रपुर रामकृष्ण मिशन ब्लाइंड ब्वॉयज एकेडमी के साथ मिलकर संविधान को ब्रेल लिपि में प्रकाशित कराया है। इसी के साथ महाराष्ट्र और ओडिशा के बाद पश्चिम बंगाल नेत्रहीन लोगों के लिए संविधान का ब्रेल संस्करण प्रकाशित करने वाला तीसरा राज्य बन गया है।

### तमिलनाडु: किसान ने बनाया मोदी का मंदिर

**चेन्नई/तिरुचि.** तिरुचि जिले में येरकुडी गांव के रहने वाले 50 वर्षीय किसान बी. शंकर ने बैंक से लोन लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में एक मंदिर बनवाया है। इस मंदिर में वह हर रोज सुबह विशेष पूजा भी करता है। मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री कामराज, एमजीआर, जयललिता, अन्नाद्रमुक महासचिव एडपाडी पलनीस्वामी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तस्वीर भी लगाई गई है।

### महाराष्ट्र: दो करोड़ रुपए का मारिजुआना पकड़ा

**मुंबई @पत्रिका.** मुंबई कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने रविवार सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 2 करोड़ रुपए मूल्य का मारिजुआना पकड़ा। यह मादक पदार्थ खाने की चीजों और खिलौनों के डिब्बों में छिपाकर बैंकॉक से तस्करी कर लाया गया था। तस्करी के आरोप में चेंबूर की एक 37 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया ग या है।

### पंजाब: आतंकी के पांच सहयोगी पकड़े

**चंडीगढ़ @पत्रिका.** पंजाब पुलिस ने कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि इनके पास से तीन पिस्तौलें जब्त की गईं। इसके साथ ही लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### फ्रांस: जन्मदिन की पार्टी में गोलीबारी, 4 मौत

**पेरिस@ पत्रिका.** फ्रांस के एक गांव में शनिवार देर रात जन्मदिन की पार्टी में पड़ोसी द्वारा की गई गोलीबारी में शूटर सहित चार लोगों की मौत हो गई। एस्पिनासे-वोजेल गांव में 20 वर्षीय एक युवक अपने परिवार के साथ अपना जन्मदिन मना रहा था। नाराज पडोसी ने गोलियां चलाईं, जिसमें जन्मदिन मना रहे युवक व उसके पिता सहित तीन की मौत हो गई। बाद में हमलावर ने खुद को भी मार डाला।

### नेपाल: ओली तीसरी बार बने प्रधानमंत्री

**काठमांडू@ पत्रिका.** केपी शर्मा ओली को रविवार को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने सीपीएन यूएमएल-नेपाली कांग्रेस गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली ने पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली है जो शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हार गए थे। ओली व उनके मंत्रिमंडल को सोमवार को शपथ दिलाई जाएगी। ओली अक्टूबर 2015 से अगस्त 2016 तक तथा फरवरी 2018 से जुलाई 2021 तक नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं।



### कनाडा: 'चीनी पुलिस थानों' के मिले सबूत

**वैंकूवर@ पत्रिका.** कनाडा ने अपनी सीमाओं के भीतर गुपचुप चीनी पुलिस कार्रवाइयों के विस्तृत सबूत जुटाए हैं। एक अधिकारी के अनुसार अब कनाडा जी-7 सहयोगी देशों के साथ मामले को उठाएगा। चीनी प्रवासियों पर नजर रखने और उन्हें धमकाने के लिए चीन के अनाधिकृत 'पुलिस थाने' बनाने का मुद्दा पश्चिमी देशो में चिंता का विषय है। कनाडा, अमरीका, इटली, जर्मनी और ब्रिटेन सभी इस समस्या से जूझ रहे हैं।

### रूस: कॉमिक्स कैरेक्टर की स्टैंडअप पैडल सर्फिंग



**मॉस्को.** रूस की राजधानी में स्टैंडअप पैडल सर्फिंग फेस्टिवल के दौरान अपने एसयूपी बोर्ड पर सवार लोग। वोडूत्वोडनी रीवर चैनल पर इस फेस्टिवल में एनिमेशन पात्रों की वेशभूषा में 600 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### तुर्की: 40 लाख आवारा कुत्तों को करेंगे बंद

**इंस्ताबुल@ पत्रिका.** तुर्की की सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से शुक्रवार को संसद में पेश किए गए विधेयक से पशु प्रेमी आक्रोश में है। विधेयक का उद्देश्य लाखों आवारा कुत्तों को शेल्टर में बंद करना है। आवारा कुत्तों की आबादी 40 लाख होने का अनुमान है। आक्रामक कुत्तों या किसी भी ऐसे कुत्ते को मार दिया जाएगा जो इलाज योग्य नहीं है। पशु प्रेमियों का कहना है कि सामूहिक नसबंदी अभियान शेल्टर में बंद करने से बेहतर रहेगा।

# 120 मीटर दूरी से ट्रंप पर हमला




पेन्सिलवेनिया के बटलर फॉर्म में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे ट्रंप। तभी उनके कान को छूकर निकली गोली।

**पहल :** उन देशों में जा रहे जहां दशकों तक कोई भारतीय प्रधानमंत्री नहीं गया

# काम संभालते ही कूटनीतिक रिश्तों पर छाई धुंध हटाने में जुट गए मोदी

अनंत मिश्रा
patrika.com

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी का काम संभालते ही दूसरे देशों से रिश्ते सुधारने की अपनी मुहिम को गति देनी शुरू कर दी है। पिछले सप्ताह रूस दौरे के बाद वे ऑस्ट्रिया दौरे पर गए थे। मोदी से पहले 41 साल तक कोई भारतीय पीएम ऑस्ट्रिया नहीं गया था। इससे पहले मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में इजरायल और फिलिस्तीन जैसे देशों की यात्रा की थी, जहां उनसे पहले कोई भारतीय प्रधानमंत्री नहीं गया था। मंगोलिया, रवांडा और पापुआ न्यू गिनी जैसे देशों में भी प्रधानमंत्री के तौर पर जाने वाले मोदी पहले भारतीय नेता हैं।

इसके अलावा कई अन्य देशों से संबंध सुधारने की दिशा में भी कदम उठाए गए। श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, स्वीडन और जॉर्डन जैसे देशों में भी मोदी गए, जहां उनसे पहले तीन दशकों तक कोई भारतीय प्रधानमंत्री नहीं गया था। इन सभी देशों के साथ भारत ने महत्त्वपूर्ण समझौते भी किए और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की दिशा में नई शुरुआत भी। मोदी की इन यात्राओं की वजह से उनकी छवि भी सुधरी हैं और भारत की भी।

### सबसे ज्यादा 8 बार अमरीका गए

मोदी 10 सालों में सबसे ज्यादा 8 बार अमरीका गए हैं। उन्होंने फ्रांस, जापान और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा 7-7 बार की हैं। मोदी 5 बार चीन व 1 बार पाकिस्तान गए हैं।

## एक्स पर मोदी के सबसे ज्यादा फॉलोअर, 10 करोड़ से पार

**पीएम** मोदी ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को 10 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया। दुनिया में वे सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले शासनाध्यक्ष हैं।

**भारत में मोदी** के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 2.75 करोड़, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 2.64 करोड़, अखिलेश यादव 1.99 करोड़, ममता बनर्जी 74 लाख फॉलोअर हैं।




### मोदी इन देशों में जाने वाले पहले पीएम

- मंगोलिया (2015)
- इजरायल (2017)
- फिलिस्तीन (2018)
- रवांडा (2018)
- पापुआ न्यूगिनी (2023)

**सर्वोच्च सम्मान से नवाजा:** अमरीका, फ्रांस, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, फिलिस्तीन, मालदीव, यूनान, बहरीन, फिजी, पापुआ न्यू गिनी और भूटान।

### दशकों बाद यहां जाने वाले पहले पीएम मोदी

- **स्वीडन** (2018) - 30 साल बाद
- **यूएई** (2014) - 34 साल बाद
- **जॉर्डन** (2018) - 30 साल बाद
- **फिजी** (2014) - 33 साल बाद
- **मोजांबिक** (2016) - 34 साल बाद
- **आयरलैंड** (2015) - 60 साल बाद
- **ऑस्ट्रिया** (2024) - 41 साल बाद
- **श्रीलंका** (2015) - 28 साल बाद

### अब तक 77 विदेश यात्राएं

**नरेंद्र मोदी** ने प्रधानमंत्री बनने के बाद 67 देशों की 77 विदेश यात्राएं की हैं। पहली भूटान की थी, आखिरी रूस और ऑस्ट्रिया की। सबसे लंबे समय तक पीएम रहे जवाहर लाल नेहरू ने 70 विदेश यात्राएं की तो 10 साल पीएम रहे मनमोहन सिंह ने 73 विदेश यात्राएं की। इंदिरा गांधी ने 16 साल के कार्यकाल में 75 विदेश यात्राएं की। छह महीने तक प्रधानमंत्री रहे चरण सिंह एक भी बार विदेश यात्रा पर नहीं गए।

## वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया : इंदौर में 24 घंटे में लगा डाले 11 लाख पौधे

**इंदौर.** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में रविवार को 24 घंटे में 11 लाख पौधे लगाने का रेकॉर्ड बनाया। यह गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड में भी दर्ज किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। पितृ पर्वत पर हुए इस आयोजन में हजारों शहरवासियों ने सहभागिता की।



**ढाई करोड़ अमरीकियों के पास यह राइफल**

## अमरीका की सबसे पसंदीदा गन 'एआर-15' से चली गोली

**न्यूयॉर्क@पत्रिका.** पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर हमलावर ने अमरीकी लोगों की सबसे पसंदीदा और घातक गन एआर-15 राइफल से गोली चलाई। हमले के बाद ट्रंप ने सही ही कहा कि उन्हें केवल भगवान ने बचाया है क्योंकि एआर-15 राइफल की गोली किसी भी हिस्से में लगने पर पूरे शरीर के चिथड़े उड़ जाते हैं। निशानेबाजी के खेल और शिकारियों के लिए बनी इस राइफल से निकले वाली गोली की गति भी बहुत तेज है।

### क्या है एआर-15 की खासियत



- 1950 में बनी आरमालाइट राइफल यानी एआर मॉडर्न स्पोर्ट्स राइफल (एमएसआर), प्रतियोगिताओं और शिकार के लिए उपयोग, इसके उन्नत संस्करण वियतनाम वॉर के बाद सेना भी काम में लेती है।
- 2012 से 2022 के बीच सबसे बड़ी मास शूटिंग की 17 में से 10 घटनाओं में एआर-15 का उपयोग।
- कीमत 400 डॉलर से शुरू होती है, उन्नत संस्करणों की कीमत हजारों डॉलर में, अमरीका के कई राज्यों में सिविल उपयोग पर रोक।
- राइफल की सटीकता गजब की, तेजी इतनी कि एक सेकंड में छह फुटबॉल मैदानों को पार कर सकती है।
- इसकी गोली व्यक्ति के अंग पर लगने के तुरंत बाद शरीर को फाड़ देती है।
- हर 20 में से एक अमरीकी के पास एआर-15 गन

**सहानुभूति :** 8 घंटे में 1.70 लाख डॉलर जुटाए

**बाइडन की चुनौतियां बढ़ीं**

## ट्रंप पर हुए हमले से बदलेगी चुनावी दिशा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वॉशिंगटन.** डॉनल्ड ट्रंप पर हमला ऐसे समय में हुआ है, जबकि रविवार से रिपब्लिकन पार्टी का नेशनल कन्वेंशन शुरू हो रहा है, जहां ट्रंप को औपचारिक रूप से पार्टी का राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। घटना के बाद डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। रिपब्लिकन पार्टी का कहना हैं कि ट्रंप ने जिस तरह से बाइडन और उनके सलाहकारों के खिलाफ आक्रामक भाषा का इस्तेमाल किया, उससे राजनीतिक माहौल में गिरावट आई।

**'हत्या की कोशिश':** ओहियो से रिपब्लिकन सीनेटर जे.डी. वेंस ने कहा हैं कि बाइडन ने चुनावी अभियान में ट्रंप को फासीवादी बताते हुए उन्हें रोकने की अपील की। इस तरह की बयानबाजी के कारण ही सीधे तौर पर राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या की कोशिश की गई।

### पूर्व राष्ट्रपति के पक्ष में लहर

**अमरीकी** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप पर हत्या के इस प्रयास के बाद उनके पक्ष में समर्थन की नई लहर देखी जा रही है। कई हेडलाइन्स में तो यहां तक कहा गया है कि ट्रंप ने चुनाव जीत लिया। ट्रंप के प्रति सहानुभूति लहर का असर ये रहा कि इस घटना में मारे गए और घायलों की मदद के लिए फंड जुटाने के लिए बनाए गए पेज - गो फंड मी- को करीब आठ घंटे में ही एक लाख 70 हजार डॉलर की राशि मिल चुकी है।

**जीत की संभावना अब 70 फीसदी:** हमले के बाद 'पोलिमार्केट' के अनुमान के मुताबिक 8 फीसदी वृद्धि के साथ ट्रंप की जीत की संभावना 70 फीसदी हो गई। वहीं, बाइडन की जीत की संभावना सिर्फ 15 फीसदी रह गई।

**ट्रंप के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन:** 14 जुलाई को जानी मानी पत्रिका **इकनॉमिस्ट** की ओर से जारी पोल के अनुसार रिपब्लिकन पार्टी में 51 फीसदी लोग पूरी तरह ट्रंप के साथ हैं, वहीं बाइडन के साथ 49 फीसदी डेमोक्रेट हैं।

### गन कल्चर: अमरीका में 50 साल में 15 लाख से ज्यादा मौतें

ट्रंप पर इस हमले के लिए अमरीका के गन कल्चर को भी जिम्मेदार माना जा रहा है। 50 साल में अमरीका में गन कल्चर की वजह से 15 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। शनिवार रात भी बर्मिंघम के नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। आंकड़ों की बात करें, तो साल 2022 में अमरीका में मास शूटिंग की कुल 647 घटनाएं दर्ज की गई थीं। यानी, हर महीने 53 फायरिंग और हर दिन दो जगह मास शूटिंग हो रही हैं।

**10 साल में मास शूटिंग की घटनाएं**

| साल | घटनाएं | साल | घटनाएं | साल | घटनाएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 2014 | 273 | 2018 | 336 | 2022 | 647 |
| 2015 | 336 | 2019 | 417 | 2023 | 632 |
| 2016 | 383 | 2020 | 610 | 2024 | *200+ |
| 2017 | 348 | 2021 | 690 | | |

*14 जुलाई तक

## ट्रेंडिंग न्यूज



### दो बार हुई मेरी हत्या की कोशिश: मस्क

दिग्गज टेक कारोबारी एलन मस्क ने खुलासा किया है कि पिछले आठ माह में उनकी हत्या करने की दो कोशिश की गई। अलग-अलग घटनाओं में दो लोग टेस्ला ऑफिस से 20 मिनट की दूरी पर बंदूक समेत पकड़े गए हैं।

### 'संघर्ष विराम वार्ता से पीछे नहीं हटेंगे'



**हमास** ने गाजा में हाल में हुए इजरायली हमलों के बावजूद संघर्ष विराम वार्ता से पीछे हटने से इनकार कर दिया है। हमास प्रवक्ता अल-रेशिक ने इजरायली पीएम नेतन्याहू पर अरब व अमरीका के दबाव में वार्ता प्रयासों को पटरी से उतारने का आरोप भी लगाया।

### रूसी मिसाइलों को ढेर करेगा पोलैंड!



**पोलैंड** के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की ने नाटो समिट के बाद कहा, हम उन रूसी मिसाइलों को निशाना बनाने के यूक्रेनी प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं जो यूक्रेन पर हमला करने से पहले पोलिश क्षेत्र में प्रवेश कर सकती हैं।

# दो उल्का वर्षा से जगमगाएगा आसमान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** ब्रह्मांड में असंख्य खगोलीय घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन ज्यादातर नजरों से ओझल रहती हैं। 30 जुलाई को एक नहीं दो ऐसी खगोलीय घटनाएं होने जा रही हैं, जिन्हें धरती से देखा जा सकता हैं। अर्थ डॉट कॉम के मुताबिक कुंभ (डेल्टा एक्वेरिड्स) व मकर (अल्फा कैपिकॉर्निड्स) राशि के नक्षत्रों से निकलने वाली उल्का वर्षा का शानदार नजारा दक्षिणी गोलार्द्ध और भूमध्य रेखा के करीब स्पष्ट नजर आएगा। हालांकि उत्तरी गोलार्द्ध के दक्षिणी अक्षांशों पर रहने वाले लोग भी इसे चांद निकलने से पहले आधी रात के बाद देख सकते हैं। यह पहचानना थोड़ा मुश्किल हो सकता है कि कौन सा उल्लापिंड किस नक्षत्र से संबंधित है। ये उल्काएं अलग-अलग खगोलीय आकृतियों जैसे ओरियन, पर्सियस और जेमिनी से निकलकर आसमान में रोशनी का मनमोहक मिश्रण पैदा करेंगी। उल्का वर्षा तब होती हे, जब पृथ्वी किसी धूमकेतु या क्षुद्रग्रह द्वारा छोड़े गए मलबे के रास्ते से गुजरती है।



**उल्का वर्षा कैसे होती है:** उल्का और उल्कापिंड आमतौर सौरमंडल में ही नजर आते हैं। मंगल और बृहस्पति के बीच की बेल्ट में क्षुद्रग्रह व कुछ धुमकेतू के टुकड़े भी होते हैं। जैसे-जैसे धूमकेतु सूर्य के करीब आते हैं, तो वे अपना कुछ हिस्सा खो देते हैं। इनके रास्ते में पृथ्वी आने से यह दृश्य नजर आता है।

### कैसे नजर आती हैं चमकीली धारियां

**जब** कोई उल्कापिंड पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं तो उन्हें हम उल्का कहते हैं। इस वक्त इनकी गति 40 हजार से 2 लाख 60 हजार किलोमीटर प्रति घंटे तक होती है। इनकी तेज गति से घर्षण पैदा होता है, जिसके चलते आसमान में चमकीली धारियां नजर आती हैं। इसे हम शूटिंग स्टार कहते हैं। यदि किसी अंतरिक्ष चट्टान का टुकड़ा पृथ्वी की सतह पर पहुंच जाता है तो इसे उल्कापिंड कहा जाता है। 30 जुलाई को होने वाली उल्का वर्षा आधे घंटे तक देखी जा सकती है।

## द. कोरियाई टीवी शो देखने पर उत्तर कोरिया में 30 छात्रों की हत्या!

**प्योंगयांग @पत्रिका.** उत्तर कोरिया ने पिछले दिनों कथित तौर पर 30 नाबालिग छात्रों की सामूहिक रूप से हत्या कर दी, क्योंकि उन्होंने दक्षिण कोरिया का टीवी शो देखा था। दक्षिण कोरिया के समाचार पत्र 'जोंगआंग डेली' के मुताबिक उत्तर कोरियाई अधिकारियों ने पिछले हफ्ते स्कूली छात्रों को सार्वजनिक रूप से गोली मारी। छात्रों ने कथित तौर पर यूएसबी पर संग्रहित दक्षिण कोरियाई नाटक देखे थे। इन यूएसबी को कथित तौर पर पिछले महीने सिओल से गुब्बारों के जरिए उत्तर कोरिया भेजा गया था। दक्षिण कोरिया सरकार ने रिपोर्ट की पुष्टि करने से इनकार कर दिया।

# स्पेसएक्स के रॉकेट ने गलत ऑर्बिट में छोड़ा, 20 सैटेलाइट वायुमंडल में जलकर होंगे नष्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**वाशिंगटन.** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की हालिया रॉकेट लॉन्चिंग नाकाम हो गई है। कंपनी ने पुष्टि की है कि उसके 20 नए स्टारलिंक सैटेलाइट पृथ्वी पर गिरने वाले हैं। फाल्कन-9 रॉकेट लॉन्च करते समय दूसरे चरण का इंजन ठीक से काम नहीं कर पाया। इससे ये सैटेलाइट नीचे की कक्षा में स्थापित हो गए।

स्पेसएक्स की टीम ने 10 सैटेलाइट को ऊपर उठाने की कोशिश की, लेकिन वे इतना नीचे आ चुके हैं कि ऊपर उठा पाना मुश्किल हैं। ये सैटेलाइट धीरे-धीरे वायुमंडल में प्रवेश के बाद जलकर नष्ट हो जाएंगे। इनसे किसी और सैटेलाइट या पृथ्वी के लोगों को कोई खतरा नहीं है। स्पेसएक्स ग्लोबल सैटेलाइट इंटरनेट नेटवर्क बनाने पर काम कर रही हैं, जो हर जगह इंटरनेट पहुंचाने में मदद करेगा। इन 20 सैटेलाइट के गलत कक्षा में स्थापित होने से इस प्रोजेक्ट को झटका लगा है।

### तरल ऑक्सीजन के रिसाव से गड़बड़ी

**फाल्कन-9** रॉकेट ने गुरुवार रात कैलिफोर्निया से उड़ान भरी थी। कुछ मिनट बाद ऊपरी चरण के इंजन में खराबी आ गई। स्पेसएक्स ने तरल ऑक्सीजन रिसाव को इसका कारण बताया। इस समय 6,000 स्टारलिंक उपग्रह दुनिया में इंटरनेट सेवा दे रहे हैं।

### बेहद जटिल प्रक्रिया

**कंपनी** के सीईओ एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर बताया कि सैटेलाइट्स को बहुत तेज स्पीड से चलाने की कोशिश की गई, लेकिन इसमें कामयाब नहीं मिली। यह घटना बताती है कि अंतरिक्ष में चीजों को सही जगह स्थापित करना कितना जटिल होता है।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन। सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''